CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 12°C


मुरादाबाद, बुधवार 25 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 192 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 7 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


मोदी डरपोक हैं, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं : खड़गे पेज 2


आईसीसी रैंकिंग में भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं को फायदा खेल टाइम्स


कानूनी ब्लैक होल्स की धारणा सम्पादकीय


ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली आज से बंद पेज 12

# अब 8वीं के बच्चे पढ़ेंगे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या है

**नई दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने 8वीं क्लास की नई सोशल साइंस टेक्स्टबुक में ज्यूडीशियरी में करप्शन पर एक सेक्शन शुरू किया है। यह पहली बार है जब 8वीं के बच्चे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या होता है, इसके बारे में पढ़ेंगे।

इस चैप्टर में सुप्रीम कोर्ट के 81 हजार, हाईकोर्ट्स के 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। यह पिछले एडिशन के मुकाबले एक बड़ा बदलाव है। पिछले चैप्टर में ज्यादा दातर कोर्ट के स्ट्रक्चर और रोल पर फोकस किया गया था। बदले हुए चैप्टर का नाम 'हमारे




समाज में ज्यूडीशियरी की भूमिका' है। इसमें कोर्ट की हायरार्की और न्याय तक पहुंच को समझाने से ज्यादा ज्यूडीशियल सिस्टम के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे करप्शन और केस बैकलॉग को बताया गया है। करप्शन वाले सेक्शन में बताया गया है कि जज एक कोड ऑफ कंडक्ट से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में बल्कि कोर्ट के बाहर भी उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है। ज्यूडीशियरी के अंदरूनी अकाउंटेबिलिटी सिस्टम को भी समझाया गया है। सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम

- एनसीईआरटी ने सोशल साइंस में जोड़ा नया सेक्शन
- पेंडिंग केस, पूर्व सीजेआई का भी हवाला दिया गया
- बच्चे पढ़ेंगे ऐसे मोशन पर सही जांच के बाद ही विचार किया जाता है

(सीपी ग्रेम्स) के जरिये शिकायतें लेने के तय तरीके भी बताए गए हैं। किताब के मुताबिक सीपी ग्रेम्स सिस्टम के जरिये 2017 और 2021 के बीच 1,600 ज्यादा शिकायतें मिली थीं। किताब में गंभीर मामलों में जजों को हटाने के संवैधानिक नियम के बारे में भी बताया गया है कि पार्लियामेंट इंपीचमेंट मोशन पास करके जज को हटा सकती है। बच्चे पढ़ेंगे कि ऐसे मोशन पर सही जांच के बाद ही विचार किया जाता है। इस दौरान जज को मामले में अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाता है। चैप्टर में लिखा है कि लोग ज्यूडीशियरी के अलग-अलग लेवल पर करप्शन का सामना करते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की न्याय तक पहुंच की समस्या और बिगड़ सकती है। यह भी बताया है कि राज्य और केंद्र ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक ट्रस्ट को मजबूत करने की कोशिशें कर रहे हैं। इसमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और करप्शन के मामलों के खिलाफ फास्ट एक्शन लेना शामिल है।

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष चिब भी भारत मंडपम प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारत मंडपम में प्रदर्शन करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। युवा कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार श्री चिब को सोमवार को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया और उसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने श्री चिब को रातभर तिलक मार्ग थाने में हिरासत में रखा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने श्री चिब के अलावा युवा कांग्रेस के प्रदर्शनकारी सात अन्य युवाओं को पहले ही हिरासत में लेकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को तानाशाही करार दिया।

## सातवां रोज़ा

### अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा



रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।

# प. बंगाल मतदाता सूची संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## ओडिशा-झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन कार्य में मदद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है। ,सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया

- तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, SIR प्रक्रिया में लगा सकते हैं



- इनका खर्च चुनाव आयोग उठाए, 80 लाख दावों का निपटारा बाकी, अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होगी

में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद यह संख्या पर्याप्त नहीं मानी गई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि यदि एक जज रोज 250 मामलों की सुनवाई करे तो भी पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 80 दिन लग सकते हैं। जबकि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होनी है। इसलिए समय की भारी कमी है। मुख्य न्यायाधीश अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर और जूनियर डिवीजन) तैनात कर सकते हैं, जिनके पास कम से कम तीन साल का अनुभव हो। पहले से तैनात जिला और अतिरिक्त जिला जजों के अलावा जरूरत के अनुसार और न्यायिक अधिकारी लगाए जा सकते हैं। यदि राज्य में उपलब्ध जज पर्याप्त न हों तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद मांगी जा सकती है। झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा गया है। तैनात न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में आए दावों और आपत्तियों की निगरानी और सत्यापन में मदद करेंगे। पूरी प्रक्रिया समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

# अब केरलम के नाम से जाना जाएगा केरल, कैबिनेट की मंजूरी

## पीएम के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में हुई पहली मीटिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

- रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए 12,236 करोड़ रुपये मंजूर

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं। बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी का एक्सटेंशन होगा। कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है।

### कच्चे जूट की एमएसपी में 275 रुपये का इजाफा, नया दाम 5,925 रुपये प्रति क्विंटल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 275 रुपये क्विंटल बढ़ाते हुए 5,925 प्रति क्विंटल तय कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट का घोषित यह समर्थन मूल्य, साल 2018-19 के बजट में घोषित लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है।




# योगी के दौरे का दूसरा दिन: एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए निवेश आमंत्रण

**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात की।

उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में हुई इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में सिंगापुर की विशेषज्ञता और निवेश को आकर्षित करना रहा। चर्चा

- सीएम ने सिंगापुर के डिप्टी पीएम सहित कई नेताओं से भेंट की

का केंद्र शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सहयोग बढ़ाने पर रहा। डिप्टी पीएम गान किम योंग के साथ हुई बातचीत में सीएम ने उप्र के 'प्रो-बिजनेस' वातावरण, व्यापक लैंड बैंक और जल्द शुरू होने जा रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की रणनीतिक कनेक्टिविटी का उल्लेख किया।

# हल्द्वानी अतिक्रमण विवाद: जमीन रेलवे की है, अतिक्रमणकारी शर्तें तय नहीं कर सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह एक शिविर लगाए, ताकि रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक सरकारी जमीन पर रह रहे और बेदखली का सामना कर रहे परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पुनर्वास के लिए आवेदन कर सकें।

याचिकाकर्ताओं के आग्रह पर कोर्ट ने कहा कि यह शिविर 15

- सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण को शिविर लगाने का दिया निर्देश

मार्च के बाद लगाया जाए, क्योंकि उन्होंने इसे रमजान के महीने के बाद आयोजित करने की मांग की थी। शीर्ष कोर्ट ने नैनीताल के जिला कलेक्टर और अन्य राजस्व अधिकारियों को आवश्यक सहायता देने का निर्देश दिया। यह पूरी प्रक्रिया 31 मार्च से पहले पूरी की जानी है। शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा कि जिला कलेक्टर हर परिवार की योजना के तहत पात्रता तय करें और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। सीजेआई सूर्यकांत और जायमाल्या बागची की बेंच दिसम्बर 2022 में उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हल्द्वानी में सार्वजनिक जमीन पर कथित रूप से कब्जा करने वाले करीब 50 हजार लोगों को हटाने का निर्देश दिया गया था।

# पवन हंस का हेलीकॉप्टर समुद्र में गिरा, सभी 7 लोग सुरक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र की सरकारी कंपनी पवन हंस का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार सुबह मायाबंदर के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 9:30 बजे हुआ। हेलीकॉप्टर ने श्री विजया पुरम से सुबह करीब 8:45 बजे उड़ान भरी थी और लगभग 45 मिनट बाद समुद्र में गिर गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई है। एक वरिष्ठ नागरिक उड्डयन अधिकारी ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी के बाद पायलट ने

- प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई

सूझबूझ दिखाते हुए पानी पर क्रैश लैंडिंग की। सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को समुद्र से सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का इलाज डा. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में चल रहा है। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि पायलट सहित कुल सात लोग सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। पायलट का बयान अभी दर्ज किया जाना बाकी है। प्रशासन घायलों को श्री विजया पुरम स्थानांतरित करने की कोशिश कर रहा है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तेश्वरानंद ने दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने अधिवक्ता राजिर्ष गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के माध्यम से उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। याचिका पर शीघ्र सुनवाई होने की संभावना है।

### लेह जा रही स्पाइसजेट की उड़ान रास्ते से दिल्ली लौटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान इंजन में खराबी के कारण मंगलवार सुबह आधे रास्ते से दिल्ली वापस लौट आई, जहां उसकी आपात स्थिति में सुरक्षित लैंडिंग हुई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी।

# लोकसभा अध्यक्ष ने 64 पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स (पीएफजी) का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए पीएफजी बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ने इसका गठन किया है। 64 ग्रुप्स में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704



- हर ग्रुप में एक लीडर समेत 11 सांसद
- फ्रांस में थरूर, जापान में अखिलेश यादव नेतृत्व करेंगे

सांसद हैं। हर ग्रुप में एक लीडर और 10 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस से शशि थरूर, टीएमसी से अभिषेक बनर्जी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन औवेसी भी ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। हालांकि, पीएफजी के सदस्य कैसे काम करेंगे, अभी इसकी औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर में भारत का पक्ष रखने के लिए 17 मई 2025 को 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की थी। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत थे। एनडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के नेता थे, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी थे। ये डेलिगेशन दुनिया के 33 देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य देशों में गया और वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखा। इस डेलिगेशन को 7 ग्रुप में बांटा गया था। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया। प्रत्येक ग्रुप 8 से 9 सदस्य थे। इनमें 6-7 सांसद, सीनियर लीडर (पूर्व मंत्री) और राजदूत शामिल थे।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## एक नजर

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**नगीना।** थाना नगीना के ग्राम मातीपुर गवडी निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र प्रभू सिंह ने नगीना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पुत्र सिद्धार्थ कुमार का नगीना में रायपुर रोड पर पैट्रोल पम्प है, जिसका प्रोपराइटर उनका पुत्र सिद्धार्थ कुमार है। गत दस फरवरी को रात्रि के लगभग साढ़े दस बजे सिद्धार्थ कुमार पम्प पर था, तभी वाहन संख्या एचआर73-1635 से 15-16 बदमाश जिनमें से कुछ बदमाश के नाम मंजीत, नितिन बाल्मीकि, यश ठाकुर, कार्तिक ठाकुर, सौरभ, शिवम यादव, तुषार कश्यप, रोहित, शिवम् कश्याप पुत्रगण नामालूम निवासीगण गढ़ीनेगी, महेशपुरी, गिरीताल व अन्य आस पास के गांव थाना कुण्डा काशीपुर, जसपुर के मध्य जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड के रहने वाले है। उक्त बदमाशों ने पैट्रोल पम्प पर लाठी डण्डों व हथियारों से लैस होकर आते ही सबने एकराय होकर जान से मारने की नीयत से माँ-बहन की गन्दी गन्दी गालियां देते हुए सिद्धार्थ कुमार के साथ लात घूसों व लाठी डण्डों से मारपीट करने लगे। जान से मारने की नीयत से सिद्धार्थ कुमार के सिर पर वार कर दिया। सिद्धार्थ के सिर से अत्यधिक खून बह जाने और गम्भीर चोटों के कारण सिद्धार्थ कुमार बेहोश होकर वही गिर गया। बेहोश होने के बाद जमीन पर गिरे हुये सिद्धार्थ को भी जान से मारने की नीयत से लात घूसों, कोहनी, डण्डों से व गला दबाकर अत्यधिक मारते रहे। शोर शराबे की आवाज सुनकर पेट्रोल पम्प के कर्मी मनोज कुमार, विकास कुमार, प्रकुल कुमार आदि और पुलिस के सिपाही तथा आस पास के लोग वहां आता देखकर और घायल सिद्धार्थ कुमार को मरा हुआ समझकर मरणासन्न स्थिति में जमीन पर पड़ा छोड़कर आरोपीगण वाहन में बैठकर भाग गये। सिद्धार्थ कुमार के पूरे शरीर व गले पर आज भी गम्भीर चोटों के निशान बने हुये है, असहनीय दर्द बना हुआ है। दिग्विजय सिंह ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) की एक मासिक मीटिंग विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में आयोजित की गई। एसडीएम नगीना के लिए एक ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में स्टाफ को दिया गया, जिसमें किसानों की कई समस्याओं से अवगत कराते हुए समयानुसार उनके समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख रूप से अवैध चिकित्सीय गतिविधियों को रोकने, अवैध मिट्टी खनन पर पूर्णतया रोक लगाने, किसान द्वारा मिट्टी लेकर जाने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा परेशान न करने, किसानों का उत्पीड़न बंद करने, विदेशी उत्पाद का पूर्णतया विरोध करने, सभी पशु हॉस्पिटलों पर डॉक्टरों की नियुक्ति करने, डंपर पर ओवरलोड एवं अवैध संचालन बंद करने, भिलाई शुगर मिल से गन्ना भुगतान शीघ्र दिलाया जाने, 14 दिन में भुगतान नियमित किये जाने आदि कई मांग की गईं। भारतीय किसान यूनियन ने आशा व्यक्त की है कि उनकी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी और की गई कार्यवाही से यूनियन को अवगत कराया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी रवेंद्र चौहान, भूपेंद्र सिंह, नरेश प्रधान सहित अन्य किसान नेता और सदस्य शामिल थे।

### त्यौहारों को लेकर नगीना थाने में बैठक

**नगीना।** थाना क्षेत्र में आगामी त्यौहारों होली, रामनवमी और रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नगीना थानाध्यक्ष अवनीत मान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सभी वर्गों के समुदाय के लोग, सभासद, ग्राम के प्रधान और अन्य सम्मानित व्यक्ति शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने जोर दिया कि सभासद, ग्राम प्रधान और सम्मानित व्यक्ति ही थाने के सहयोगी हैं और आपसी सहमति बनाए रखने से त्यौहारों के दौरान कोई बाधा नहीं आएगी। बैठक में थानाध्यक्ष ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होलिका दहन, होली, ईद व रामनवमी के अवसर पर कोई नई परंपरा न शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल पर ट्रिपल सवारी करने वाले और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल उनके सीयूजी नंबर पर देने को कहा गया। डीजे संचालकों को भी निर्देशित किया गया कि डीजे की आवाज सीमित रखनी होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, थाना क्षेत्र के दर्जनों सभासद, ग्राम प्रधान, अन्य सम्मानित नागरिक व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

## रेस्टोरेशन वादों का निस्तारण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया कि रेस्टोरेशन वादों का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक प्रकरण में दोनों पक्षों को समुचित अवसर प्रदान करते हुए उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी जाए। तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर निर्णय लिया जाए।



मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित रेस्टोरेशन वादों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि न्यायिक कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। मंडल आयुक्त आज शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट निरीक्षण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने आपदा विशेषज्ञ को निर्देशित किया कि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि आपदा विशेषज्ञ लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखें तथा संभावित आपदाओं के संबंध में पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। क्षति आकलन की प्रक्रिया समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पूर्ण की जाए। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा मंडल आयुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पूर्ण गंभीरता के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर आयुक्त एवं डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा एवं कुणाल रस्तौगी, उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला आदि अधिकारी मौजूद थे।

# सदियों पुरानी होलिका दहन भूमि पर कब्जे का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**झालू।** सदियों पुरानी होलिका दहन स्थल की भूमि पर कथित कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में विश्वहिन्दू परिषद, धर्म प्रसार विभाग के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर भूमि को खाली कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में मंदिर ठाकुरद्वारा के पीछे, आर्य समाज के सामने स्थित भूमि पर सदियों से होलिका दहन होता आ रहा है। आरोप है कि उक्त भूमि को पहले स्व. राकेश शर्मा पुत्र स्व. कल्लू द्वारा कमल अग्रवाल को बेचा गया था। इसके बाद कमल अग्रवाल ने उक्त भूमि इरफान को विक्रय कर दी, जिसमें कुछ हिस्से में मकान बना हुआ था तथा आगे का भाग होलिका दहन के लिए खाली पड़ा था।



### एसडीएम से कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि बाद में राजेश शर्मा पुत्र स्व. कल्लू शर्मा ने इरफान से कथित रूप से गलत तरीके से मकान के साथ होलिका दहन स्थल की भूमि का भी बैनामा करा लिया। इस संबंध में नगर पंचायत को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक भूमि को खाली कराने की कोई प्रक्रिया नहीं की गई है।

पत्र में कहा गया है कि इस मामले को लेकर सनातन समाज में आक्रोश है। विरोध स्वरूप इस बार उक्त स्थान पर बसंत उत्सव नहीं मनाया गया तथा निर्णय लिया गया है कि जब तक भूमि को कब्जामुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक होलिका दहन भी नहीं किया जाएगा। शिकायत पत्र विश्वहिन्दू परिषद धर्म प्रसार के सह प्रमुख ज्ञानेश्वर सिंह, परवीन सिंह निवासी कस्बा झालू, अनुज कुमार एवं उमंग काकरान सहित अन्य के हस्ताक्षरों के साथ सौंपा गया है। प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

### उमरी पीर का मुन्ना अरेस्ट

**बिजनौर।** हल्दौर थाने में ग्राम प्रेम नगर उर्फ शादीपुर कला निवासी शुभम कुमार पुत्र महेश कुमार ने आज तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी भैंस चोरी कर ली गई है। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना हीमपुर दीपा अंतर्गत ग्राम उमरी पीर निवासी मुन्ना उर्फ बटुआ पुत्र सद्दीक को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई भैंस बरामद कर ली है। मुन्ना का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

### नजीबाबाद का फहीद गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना कोतवाली देहात में ग्राम शहबाजपुर निवासी सिराजुद्दीन पुत्र रौनक अली ने कल तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा से चार बैटरें चोरी कर लिए है। पुलिस ने थाना नजीबाबाद के मौहल्ला हवेली तला निवासी फरीद पुत्र इस्तखार को गिरफ्तार कर उसके पास से बैटरें व नकदी बरामद की है।

# वर्धमान कालेज में वार्षिक युवा महोत्सव

### छात्र-छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** वर्धमान डिग्री कालेज में तीन दिवसीय वार्षिक युवा महोत्सव का आगाज हुआ। युवाओं में नई प्रतिभा को जागृत करना और छात्र-छात्राओं को उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को जागृत करने के लिए प्रेरित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा।

मंगलवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति को एनसीसी के छात्रों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का



शुभारंभ सचिन माहेश्वरी कुलपति गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद व सचिव अर्जुन साहू एवं प्रयास महोत्सव का आयोजन समिति द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बीए के छात्र तरुण ने सरस्वती वंदना के मधुर गायन से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। गणपति बप्पा गीत पर बीएड की छात्रा सिंधु ने अपने नृत्य से सबको भावविभोर कर दिया। छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति दी गई। प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आए पूर्व प्राचार्या डॉ. मीना बख्शी, प्रोफेसर जीआर गुप्ता का स्वागत हुआ। ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी डॉ. वैशाली पूनिया द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की गई।

कुलपति सचिन माहेश्वरी ने कहा कि हम सभी के आचरण को शिक्षा समर्थ और मजबूत बनाती है। साथ ही हमें संस्कारी बनाती है। वार्षिक युवा महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम की 23 प्रतियोगिताओं में 800 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। प्रयास का सफल संचालन डॉ. रेशू शर्मा द्वारा किया गया।

## एक नजर

### नजीबाबाद में दो को होली जुलूस

**नजीबाबाद।** होली हवन कल्याण समिति की बैठक में दो मार्च को होली जुलूस बड़े ही धूमधाम के साथ निकाले जाने की रणनीति तैयार की गई। होली जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकालने के लिए मौहल्ला दरबाराशाह निवासी दीपक शर्मा दीपू के आवास पर हुई बैठक में हवन बोगी, ढोल, चंदौसी के तासे, डीजे, गुलाल बोगी समेत कई कार्यक्रम शामिल करने का निर्णय लिया गया। समिति के सदस्य अरूण शर्मा, संदीप वर्मा ने बताया कि दो मार्च को सुबह दस बजे रेलवे स्टेशन से होली जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में विजय शर्मा टीटू, मनोज अग्रवाल, दीपक वालिया, दिनेश खन्ना, वंश शर्मा, मयंक शर्मा, सूरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कैंसर से लगातार हो रहीं मौतें

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में आज एक ओर जिन्दगी कैंसर से हार मान गई है, जिससे दहशत फैल गई है। ग्राम निवासी संतोष शर्मा (70 वर्ष) पत्नी जयप्रकाश शर्मा का धर्मशाला में इलाज चल रहा था, लेकिन तीन माह पहले उन्हें लाइलाज कर दिया गया था। परिजन उन्हें घर ले आए थे। परिजनों का कहना है कि इलाज करने में हमारी सारी संपत्ति ठिकाने लग गई, फिर भी हमारी मां नहीं बची है। सरकार से कोई राहत नहीं मिली है। सचिन ने बताया की गले में कैंसर था और फिर जीभ पर आ गया था। आयुष्मान कार्ड बना हुआ था, लेकिन उससे कोई लाभ नहीं हुआ। आठ दिन पूर्व स्वास्थ्य विभाग की टीम व जल निगम की टीम ग्राम में पहुंची थी। छह हैंडपंपों के पानी का सैंपल लिया था, लेकिन अभी जांच रिपोर्ट नहीं आई है। ग्रामीणों में आक्रोश है।

### वन विभाग पर जमीन कब्जाने का आरोप



**बिजनौर।** ग्राम कूकड़ा निवासी अशोक कुमार और उनके पिता रामवीर सिंह ने मुरादाबाद मंडल के आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर वन विभाग के कर्मचारियों और सर्वे लेखपाल अनिल कुमार पर उनकी कृषि भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि ग्राम शकूरपुर, परगना मंडावर स्थित विभिन्न खातों और खसरा नंबरों की भूमि पर प्रार्थीगण संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज हैं और पिछले लगभग आठ वर्षों से बैनामे के बाद लगातार काश्तकारी करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि फसली 1359 की खतौनी में भी भूमि काश्तकारों के नाम दर्ज है। आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारी और सर्वे लेखपाल अनिल कुमार जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं तथा उन्हें खेती नहीं करने दे रहे है। करीब दो वर्ष पहले उनकी खड़ी सरसों की फसल भी जोत दी गई थी, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ था। खेत पर सिंचाई के लिए बोरिंग इंजन और पाइपलाइन भी लगी हुई है। पीड़ितों ने आयुक्त से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराई जाए और भूमि की पैमाइश कराकर उन्हें मौके पर खेती करने की अनुमति दिलाई जाए। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि समय रहते कार्रवाई न होने पर उन्हें अपूरणीय क्षति हो सकती है। ज्ञापन देने वालो में विकास, अभिषेक रजत आदि शामिल थे।

### चोरी की बैट्री के साथ दबोचा

**कोतवाली देहात।** पुलिस ने चोरी के तीन बैट्री सहित चोर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम शाहबाजपुर निवासी सराजुद्दीन पुत्र रौनक अली ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसके घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा से अज्ञात चोर ने चार बैटरी चोरी कर ली है। पुलिस ने घटना के आरा. पी फरीद पुत्र इस्तखार निवासी मोहल्ला हवेलीतला थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर तीन बैटरी तथा एक बैटरी बेचकर अर्जित किए गए 2600 रुपए नकद सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायलय के समक्ष पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### थाना परिसर में भाकियू का धरना



**बढ़ापुर।** ग्राम टांडा साहूवाला निवासी पुष्पेंद्र की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई थी। हादसे से नाराज मृतक के स्वजन और ग्रामीणों ने सोमवार को थाने के सामने जाम लगाया था। जाम लगने की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता योगेंद्र सिंह लोगों को समझाने के लिए मौके पर पहुंचे थे। वहां पर कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट करते हुए जाम स्थल से बाहर निकाल दिया था। तब उन्होंने कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्यवाई की मांग को लेकर तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा कार्यवाई नहीं करने से नाराज कार्यकर्ता आज दोपहर बाद से थाना प्रांगण में धरने पर बैठ गए।समाचार लिखे जाने तक सभी कार्यकर्ता धरने पर बैठे हुए थे।

### नहटौर में विकास गिरफ्तार

**बिजनौर।** नहटौर पुलिस ने ग्राम नरगदी निवासी विकास पुत्र ध्यान सिंह को 38 वोर के अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### नाले में गिरा मासूम

**नहटौर।** गांव सीकरी बुजुर्ग निवासी नवाजिश का एक वर्षीय पुत्र आफियान मंगलवार की सांय को घर के बाहर खेल रहा था। अचानक वह खेलते समय घर के पास ही एक नाले में जा गिरा। काफी देर तक उसे इधर-उधर तलाशा गया। इसी दौरान वह नाले में मिला। नाले में गिरे बच्चों को बाहर निकाला गया और सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर किया है।

# 'ग्राम चौपाल' के जरिए परखी विकास कार्यों की जमीनी हकीकत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मंडल आयुक्त मुरादाबाद मंडल आंनजेय कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर के ग्राम मुबारकपुर तालन स्थित समग्र विद्यालय परिसर में 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर आयुक्त एवं डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तौगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम सिंह, उपयुक्त मनरेगा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम मंडल आयुक्त द्वारा समग्र विद्यालय स्थित पंचायत भवन का निरीक्षण किया और वहां मौजूद अभिलेखों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पंचायत घर में अधिकतर रजिस्टर खाली मिले और अन्य रजिस्टर मानक के अनुरूप पूरे नहीं पाए जाने पर नाराजगी करते हुए। उन्होंने निर्देश दिए कि जन्म मृत्यु पंजिका, उपस्थिति पंजिका, टीकाकरण कार्यक्रम, चल-अचल संपत्ति रजिस्टर सहित सभी पंजिकाएं निर्धारित मानक के अनुरूप अद्यतन सूचनाओं के साथ पूरी करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उसके बाद उन्होंने एस्ट्रोलॉजी लैब का निरीक्षण किया और बच्चों से प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा ज्यादातर प्रश्नों के जवाब संतोषजनक दिए गए। लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान वहां पुरानी और नई किताबें पाई गई, जो सभी सुव्यवस्थित रूप से अलमारी में रखी हुई थी। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों को प्यार करते हुए उनसे बातें कीं।



### अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के दिए निर्देश

आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस पाया गया और बड़ी एलइडी एवं इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स के माध्यम से नन्हे-मुन्ने बच्चों को अक्षर एवं अन्य ज्ञान उपलब्ध कराया जाना प्रकाश में आया, जिसकी आयुक्त द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में कृषि, समाज कल्याण, एनआरएलएम सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए स्टालों का निरीक्षण किया। आयुक्त द्वारा स्कूल भवन परिसर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र और एस्ट्रोलॉजी लैब का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व प्राथमिक विद्यालय अग्री तथा कस्तूरबा गांधी स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं बाल संसद पर आधारित कार्यक्रम का भव्य रूप से प्रस्तुतीकरण किया गया। विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र, समग्र विद्यालय, एस्ट्रोलॉजी लैब सहित अन्य विकास कार्य मानक के अनुरुप सही एवं पूर्ण पाए गए। इसी प्रकार वृद्धावस्था दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों द्वारा नियमित रूप से पेंशन मिलना बताया गया। ग्राम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थियों को राशन का नियमानुसार वितरण होना पाया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सत्तर वर्ष से ज्यादा की आयु वाले प्रत्येक व्यक्ति एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के शत प्रतिशत रूप से आयुष्मान कार्ड बनाना सुरक्षित करें तथा ग्राम में विधवा, दिव्यांग तथा निराश्रित पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें भी शत-प्रतिशत रूप से शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त ने दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं दो शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया। अंत में उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, बीज अनुदान योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण समग्र रोजगार योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चेक वितरित किए गए।

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद ग्राम वासियों की शिकायत के दृष्टिगत ग्राम से वापसी पर उन्होंने पानी-कीचड़ से भरी हुई सड़क का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को तत्काल सड़क का नाम निर्माण करने के निर्देश दिए। ग्राम वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा उठाए गई सभी समस्याओं के संबंध में उनके द्वारा सभी समस्याओं को नोट किया गया है और सभी उनका निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर शीघ्रता के साथ सुनिश्चित कराया जाएगा।

# अखिलेश यादव पर बीजेपी का हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी बीजेपी अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा जाति की राजनीति करती है। जनता उन्हें समझ चुकी हैं और जवाब जरूर देगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का ये बयान उनकी हताशा और निराशा का परिचायक है। वो अपने दम पर सरकार बनाने की बात नहीं कर रहे हैं।

पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है और बगैर किसी भेदभाव के काम करती है। बीजेपी की सरकार ने यूपी में जंगल राज को तिलांजलि देने का काम किया है। सपा जिस तरह से जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रही उसे जनता समझ चुकी है और इसका जवाब जरूर देगी। सपा अध्यक्ष द्वारा एसआईआर को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर पंकज चौधरी ने कहा कि वो इसके विरोध में कभी सड़क, तो कभी संसद में हल्ला करते हैं। उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 88 लाख वोट कटा है, तो उसमें सभी विधानसभा में

**■ अपने दम पर सरकार बनाने की बात क्यों नहीं कर रहे सपा सुप्रीमो: पंकज**

70 से 75 हजार वोट भाजपा के भी कटे हैं। एसआईआर चुनाव आयोग का काम है और कहीं न कहीं यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। शंकराचार्य विवाद को लेकर अखिलेश यादव द्वारा किए जा रहे हमलों पर पंकज चौधरी ने कहा कि उनके संगठन में सभी को साथ लेकर चलने की परंपरा है। साधु-संतों का वे लोग सम्मान करते हैं, उन्हें नहीं लगता है कि संगठन में कोई कार्यकर्ता ऐसा है,जो उनका विरोधी है। वे सबको साथ लेकर चलने की विचारधारा रखते हैं, प्रदेश में भी वह सब को साथ लेकर चलेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता 365 दिन काम करते हैं, जनता की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि सालभर के अंदर चुनाव आने वाला है और चुनाव के दृष्टिकोण से हमारे कार्यकर्ता सदैव तैयार रहते हैं। जहां तक रणनीति की बात है, तो अभी समय है। सरकार और संगठन में कोई मतभेद नहीं है, दोनों मिलकर के कार्य कर रहे हैं। जहां सरकार का कार्य होता है, वहां सरकार कार्य करती है, संगठन का कार्य है योजनाओं को जनता के बीच ले जाकर उसे जमीनी धरातल पर लोगों के बीच पहुंचाना है।

वहीं कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भदोही में निषाद पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य विवाद पर खुलकर अपनी बात रखी और अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व ने जो बयान दिया है, उससे ही साफ है कि उनके पास खुद सरकार बनाने की ताकत नहीं है। संजय निषाद ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि सपा नेतृत्व खुद को कमजोर मान रहा है और दूसरों के सहारे सत्ता में आने का सपना देख रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। एक बात तो साफ है कि पीडीए संकट में ही है और यदि यही स्थिति रही, तो 2027 के चुनाव में उनका सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# भाजपा से असंतुष्ट सपा के बागियों की होगी घर वापसी

## समाजवादी पार्टी ने अपने बागी विधायकों की वापसी को लेकर मुलायम रुख अपनाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब सभी राजनीतिक दल अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी ने अपने बागी विधायकों की वापसी को लेकर सॉफ्ट स्टैंड अपनाया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, जो विधायक जिस परिस्थिति में पार्टी से अलग हुए थे, वे उसी रास्ते से वापसी कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण साबित करना होगा।

भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी के भीतर यह चर्चा तेज है कि सत्ताधारी दल में अपेक्षित महत्व न मिलने से कुछ बागी विधायक असहज हैं और उन्होंने दोबारा संपर्क साधना शुरू किया है। सूत्रों का कहना है कि सपा

**■ सत्ताधारी दल से अपेक्षित महत्व न मिलने पर कुछ विधायक असहज: भाजपा**

नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि वापसी की राह बंद नहीं है, लेकिन इसके लिए व्यवहारिक प्रमाण देना होगा। आगामी राज्यसभा चुनाव को बागी विधायकों की वापसी की कसौटी माना जा रहा है।

उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की 10 सीटों पर 25 नवम्बर को मतदान प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि यदि बागी विधायक सपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करते हैं, तो उनके लिए पार्टी में पुन: एंट्री का रास्ता आसान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार समा. जवादी पार्टी की ओर से किसी लिखित माफीनामे की शर्त नहीं रखी गई है, बल्कि राजनीतिक आचरण को ही निष्ठा की असली परीक्षा माना जाएगा। 2024 के राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग कर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने वाले समाजवादी पार्टी के सात विधायकों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि ये विधायक दोबारा सपा में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कुछ विधायकों ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। अभय सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया कि वे सपा में वापस नहीं जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें प्रभु श्री राम मिल गए हैं और अब माया की जरूरत नहीं है। वहीं राकेश प्रताप सिंह ने इन खबरों को भ्रामक और उनकी छवि धूमिल करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि उनका रोम-रोम राम भक्ति में है और सपा में वापसी की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ वे विधिक कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि 2024 के राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वालों में मनोज पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, राकेश पांडेय, पूजा पाल, विनोद चतुर्वेदी और आशुतोष मौर्य शामिल थे। इस घटनाक्रम के बाद सपा ने मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और पूजा पाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। अब बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच सपा नेतृत्व रणनीतिक रूप से संगठन को मजबूत करने और असंतुष्ट नेताओं को साधने की दिशा में कदम बढ़ाता दिख रहा है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही यह संकेत दे चुके हैं कि संगठन सर्वोपरि है और जो भी पार्टी की विचारधारा और अनुशासन को स्वीकार करेगा, उसके लिए दरवाजे बंद नहीं हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राज्यसभा चुनाव से पहले सपा का यह कदम विपक्षी एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती की दृष्टि से अहम साबित हो सकता है।

मुक़द्दस रमजान माह की मुबारकबाद

सातवां रोजा वक्त इफ्तार 25 फरवरी शाम 6:17
आठवां रोजा वक्त सहरी 26 फरवरी सुबह 5:22

# मंडलायुक्त ने सब कुछ पाया ओके

## एनआरएलएम के अंतर्गत विकसित विदुर प्रेरणा मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडलायुक्त आंनजेय कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट के निरीक्षण में सब कुछ ओके पाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडल आयुक्त ने आज दोपहर बाद कलेक्ट्रेट परिसर में एनआरएलएम के अंतर्गत विकसित विदुर प्रेरणा मोबाइल एप्लीकेशन का बटन दबा कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब विदुर प्रेरणा ब्रांड की संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन 'विदुर प्रेरणा मोबाइल एप्लीकेशन' के माध्यम से होगी संचालित होगी।

उन्होंने कहा कि यह मोबाइल एप्लीकेशन जनपद में विदुर प्रेरणा ब्रांड से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के निर्माताओं व विक्रेताओं के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मोबाइल एप्लीकेशन विदुर प्रेरणा ब्रांड से जुड़ी लगभग 35,000 दीदियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इसके माध्यम से उत्पादों की आपूर्ति, ऑर्डर प्रक्रिया, भुगतान तथा लेखा-जोखा प्रणाली पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बन सकेगी। उन्होंने बताया कि विदुर प्रेरणा मोबाइल एप्लीकेशन महिला स्वयं सहायता समूहों को बाजार से सीधे जोड़ने, उनकी डिजिटल क्षमताओं को सुदृढ़ करने तथा जनपद स्तर पर स्थानीय उत्पादों के विपणन को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण महिला उद्यमिता को नई गति प्राप्त होगी।



सर्वप्रथम मंडल आयुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित दो विदुर कैफे का फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया।

इसके बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने नजारत, संयुक्त कार्यालय चकबंदी अनुभाग, एलआरसी, खनन अनुभाग, अभिलेखागार कक्ष, शस्त्र अनुभाग, नगर निकाय, स्टाम्प सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय से संबंधित सभी अनुभवों एवं पटलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिकायत अनुभाग आईजीआरएस का निरीक्षण करते हुए कंप्यूटर पर निस्तारित की जाने वाली आख्या का मुआयना किया जिसमें कुछ शिकायतें मानक के अनुरूप निस्तारित नहीं पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए की पूरी सजगता और गंभीरता के साथ विभागीय अधिकारियों से शिकायतों का निस्तारण कराएं और जिस कैटेगरी में शिकायत का निस्तारण किया गया है, उसी केटेगरी में ही उसको रखें। खनन अनुभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि उत्तराखंड से लगी सभी चेक पोस्टों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए और नियमित रूप से प्रवर्तन कार्य संचालित रखें तथा किसी भी हालत में अवैध खनन का परिवहन नहीं होना चाहिए।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी प्रशासन के न्यायालय कक्ष का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने न्यायालय के कंप्यूटर पर अपलोड कुछ फाइल को निकलवा कर देखा। सबसे पुराने मुकदमे तथा वर्तमान में चलने वाले वादों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। सबसे पुराना वाद 2023 का प्रकाश में आया, जो निस्तारण के करीब पाया गया। इसके अलावा कोर्ट में रखी अलमारी खुलवाने पर सभी पत्रावलियां एवं रजिस्टर सुव्यवस्थित रूप से रखे पाए गए। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान मंडल आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर आयुक्त एवं डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा एवं कुणाल रस्तोगी, उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला आदि अधिकारी मौजूद थे।

# भाईचारे व शांति के साथ मनाएं सभी त्यौहार: पाशा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि होली तथा ईद उल फितर के मौके पर अति उत्साह व खुशी में ऐसा कोई काम न करें, जिससे कानून व्यवस्था एवं भाईचारा प्रभावित होता हो।

उन्होंने कहा कि सभी को जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना चाहिए। पुलिस प्रशासन की सहायता करते हुए असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देनी चाहिए। साथ ही शांति व्यवस्था एवं भाईचारा को खत्म करने वाला न तो खुद कोई काम करना चाहिए और न ही किसी दूसरे को ऐसा काम करने देना चाहिए। अगर कोई ऐसा काम करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति, सदभाव व आपसी भाईचारा ही हमारे मुल्क की पहचान है। भारत की गंगा जमनी तहजीब की पूरे देश में तारीफ होती है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति व संगठन धार्मिक भावनाएं भड़काते हुए समाज को बांटने का काम कर रहा है, वह पूरी तरह से देशद्रोही है। कोई भी सच्चा व अच्छा देशभक्त कभी भी ऐसा काम नहीं कर सकता है,

### किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाए

जिससे नफरत को बढ़ावा मिलता हो। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों व संगठनों का सामाजिक बहिष्कार भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाईचारे में ही सभी की भलाई है। सभी को एक-दूसरे के त्यौहार आपस में मिल-जुलकर मनाने चाहिए। इससे आपस में भाईचारा बढ़ता है और देश मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों की खुशियों में गरीबों, बेसहारों और दिव्यांगों को भी शामिल किया जाना चाहिए। खुशियां जब ही महत्वपूर्ण होती है, जब हम इसमें दूसरों को शामिल करते हैं।

# बंटी वर्मा ने मंदिर में की तोड़फोड़

**कालागढ़।** शिव मंदिर, नई कॉलोनी में आज सुबह बंटी वर्मा पुत्र रोहताश वर्मा के द्वारा तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया। उसने गेट का ताला तोड़ा और उसके बाद पानी की टोटियां, पाईप लाइन, टाईल्स, बल्ब व लाउड स्पीकर का केबल तोड़ दिया। तखत तथा लगभग तीन कुंतल लकड़ियां जला दी। जिससे लगभग चालीस से पचास हजार रुपए के सामान का नुकसान हुआ। जिसकी सूचना में थानाध्यक्ष को दी गई है।

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के वाइस चेयरमैन
नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद


अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उमीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी


# अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटी, एक की मौत

## दो गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर स्थित गहलौत डिग्री कॉलेज के समीप बीत देर शाम एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में सात वर्षीय बालक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि उसके पिता समेत एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला चाहशीरी निवासी 28 वर्षीय विनोद कुमार ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सोमवार को वह अपने पुत्र वंश और मौहल्ले के ही 45 वर्षीय तसलीम के साथ नूरपुर गए थे। देर शाम करीब नौ बजे तीनों ई-रिक्शा से वापस लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवे पर कॉलेज के पास अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। बालक वंश की हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मासूम की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि समाचार लिखे जाने तक मामले की औपचारिक तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी।

# स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 141वां स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

ट्रस्ट श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर दिगंबर जैन मंदिर स्थित मौहल्ला गुजरातियान से प्रारंभ होकर राधा कृष्ण मंदिर मछली बाजार बंदूकचियान से फल चौक सराफा बाजार से अवतारी हलवाई, संतोष पन वालों के मोड़ से स्टेशन रोड, पंजाबी मार्केट, बड़ी मंडी में बड़ी मंडी पहुंची। वहां से मार्केट होते हुए दिगंबर जैन मंदिर जाकर संपन्न हुई। स्वर्ण रथ यात्रा का नगर में स्थान स्थान पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। बड़ी मंडी में आयुष जैन, निखिल जैन के प्रतिष्ठान पर श्री जी का अभिषेक एवं आरती पूजा स्वागत हुआ। यह स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव 1008 श्री चंद्र प्रभु भगवान के निर्माण उत्सव के उपलक्ष में निर्माण लाडू चढ़कर मनाया जाता है। यह कार्यक्रम फागुन शुक्ल सप्तमी से फागुन शुक्ल दशमी तक चार दिवसीय राठौतोत्सव संपन्न किया जाता है। इसमें जैन धर्म के अनुयाई लोग सप्तमी को निर्माण लाडू, अष्टमी को रथ यात्रा महोत्सव और दशमी को पुणे रथ यात्रा महोत्सव मना कर इसका कार्यक्रम का समापन करते हैं। इसमें आज की अष्टमी के अवसर पर रथ यात्रा की बालियां में ख्वाब सी की बोली हर्षित जैन, सारथी की बोली आयुष जैन, निखिल जैन, इंद्र की बोली सुधाकर जैन एवं प्रवीण जैन, कुबेर की बोली वंदित जैन, आरती की बोली श्रीमती स्वाति जैन, ऐरावत हाथी की बोली मोहित जैन परिवार द्वारा प्राप्त की गई। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव जैन, सचिव आलोक जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, उदित जैन, अरुण जैन, निखिल जैन, अनिल जैन, अवधेश चंद जैन, दीपेश जैन, कुमुद जैन, सौरभ जैन, शुभम जैन, ऋषभ जैन, अभिषेक जैन, गीता जैन, निखिल जैन, आयुष जैन, आरूषी जैन, रिचा जैन, जूही जैन, ममता जैन, राजीव जैन, सुभाष चंद्र जैन, राखी जैन, सारांश जैन आदि शामिल रहे।



**कई स्थानों पर पुष्पवर्षा व मिष्ठान से स्वागत**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री रफीक व मौ. अतीक पुत्रगण श्री शफीक मौहल्ला मेहन्दीबाग** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री रिजवान अहमद व श्री नौशाद अहमद पुत्रगण श्री अल्लादिया** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति **सं.: 236 मेहन्दीबाग**, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**

पत्रांक: 49/ न.पा.परि. बि./ 2025-26 दिनांक 24.02.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-147 मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री नफीस पुत्र अ. हमीद के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्री मौ. आसिफ पुत्र श्री अनवार अहमद निवासी मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर के द्वारा बैनामें की छायाप्रति व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कार-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### प्रेमधाम आश्रम का सराहनीय कार्य



**नजीबाबाद।** प्रेमधाम आश्रम ने एक बार फिर मानव सेवा की सच्ची भावना का परिचय देते हुए बिछड़े हुए बालक मोहित, पुत्र कमलेश तिवारी, निवासी बसंत विहार, घाटमघाट, कानपुर को उसके परिवार से मिलवाया। बालक सबसे पहले बिजनौर निवासी समाजसेवी समर सिंह राजपूत को मिला था। उन्होंने नजीबाबाद गायत्री शक्ति पीठ के पंडित दीपक के सहयोग से उसे प्रेमधाम आश्रम पहुंचाया था। जब बालक आश्रम लाया गया था, तब उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। लेकिन पिछले एक वर्ष में आश्रम की देखरेख और प्रेमपूर्ण वातावरण से उसमें काफी सुधार हुआ। इसके बाद वह अपना पता और फोन नंबर बताने में सक्षम हुआ। प्रेमधाम आश्रम की टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से संपर्क किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया। बेटे को सकुशल पाकर परिवार ने आश्रम और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### उपायुक्त से मिले शैलेन्द्र चौधरी



**बिजनौर।** जनपद में औद्योगिक विकास को नई गति देने और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला उद्योग अधिकारी अमित चौधरी और अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एड. के बीच बैठक हुई। इस दौरान योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उद्योगों के माध्यम से गरीब, बेरोजगार और जरूरतमंद वर्ग तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि योजनाओं को जमीनी स्तर पर सही तरीके से लागू किया जाए, तो जनपद में आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़ेंगे। बैठक में विधान सभा अध्यक्ष बिजनौर किशोर कुमार, मंडल अध्यक्ष जकी उल नासिर एवं सुशील कुमार मौजूद रहे। जिला उद्योग अधिकारी अमित चौधरी ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि जनपद में सभी पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुसार योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद की दो साल पुरानी मांग पर सरकार ने लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा दो वर्ष पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री को लिखे गए पत्र में उठाई गई मांगों पर अब सरकार ने संज्ञान लेते हुए वेतनमान/मानदेय बढ़ाने की दिशा में निर्णय लिया है। इससे प्रदेशभर के हजारों शिक्षामित्रों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

पत्र में सांसद चंद्रशेखर आजाद ने शिक्षामित्रों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने महंगाई के इस दौर में अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति को गंभीर बताते हुए नियमितीकरण तक अन्य राज्यों की तर्ज पर सम्मानजनक मानदेय दिए जाने की मांग रखी थी। साथ ही, शिक्षामित्रों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आयुष्मान योजना में शामिल करने, महिला शिक्षामित्रों को विवाह उपरांत समायोजन तथा मृतक शिक्षामित्रों के परिजनों को सहायता जैसे बिंदुओं पर भी पहल की बात कही थी।



**शिक्षामित्रों की वर्षों की मांग की जीत**

शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। प्रस्ताव पर विभागीय स्तर पर प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है, जिससे जल्द ही शिक्षामित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय मिलने का रास्ता साफ हो गया है। यह निर्णय न केवल शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाएगा, बल्कि प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती देगा।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत शिक्षामित्रों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से वे कम मानदेय में काम कर रहे थे, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा था। बढ़ा हुआ वेतनमान मिलने से उन्हें राहत मिलेगी और वे और अधिक मनोयोग से बच्चों की शिक्षा में योगदान दे सकेंगे।

शिक्षाविदों का भी मानना है कि शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान होने से प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। शिक्षक संतुष्ट होंगे तो बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा।

सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि इसे सांसद चंद्रशेखर आजाद की पहल और शिक्षामित्रों की वर्षों की मांग की जीत के रूप में देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार आगे भी शिक्षामित्रों के हित में ठोस कदम उठाती रहेगी।

## मुरादाबाद के शहादत व रामपुर के अकील को कारावास

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे नगीना ने जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी अंतर्गत ग्राम थामला निवासी शहादत उर्फ मोटा पुत्र भूरे एवं जनपद रामपुर के कस्बा टांडा अंतर्गत मौहल्ला मनिहारान निवासी अकील उर्फ टेढ़ा पुत्र अब्दुल सलाम को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 11 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। 21 सितम्बर 2013 को अभियुक्तों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना रेहड़ अंतर्गत वादीगढ़ नहर की पुलिया के पास एक डम्पर को बहाने से रोक कर उसके चालक व संचालक के साथ मारपीट करते हुए लूटपाट की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया था। इस दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी। अभियुक्तों के द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग भी की गई थी। इस संबंध में थाना रेहड़ पर मुकदमा अपराध संख्या 215/13 धारा 307, 34, 342 व 394 आईपीसी में पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

# विवेक कालेज का एमबीए तृतीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एकेटीयू द्वारा आयोजित एमबीए तृतीय सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणामों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

एमबीए तृतीय सेमेस्टर में छात्रा सुचि ने 78.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। इलमा फातिमा ने 76.87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्यन चौधरी ने 74.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। महाविद्यालय की प्रबंधन समिति ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। प्रबंधन विभाग के प्राचार्य सर्वेश कुमार शीतल ने कहा कि शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम शिक्षकों की समर्पित शिक्षण प्रक्रिया एवं विद्यार्थियों के अनुशासित एवं सतत परिश्रम का प्रतिफल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। महाविद्यालय के अध्यक्ष अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक दक्षता का विकास करना है। सचिव दीपक मित्तल ने कहा कि महाविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को कारपोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवहारिक एवं तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है, जिससे वे एक सफल एवं जिम्मेदार प्रोफेशनल के रूप में स्थापित हो सकें। कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम संस्थान की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था शिक्षकों की प्रतिबद्धता तथा विद्यार्थियों की लगन और मेहनत का प्रमाण है। निदेशक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि वैश्वीकरण के इस युग में एमबीए पाठ्यक्रम कॉरपोरेट क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बाइकों की भिड़ंत में महिला सहित दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित बनेली नदी के पुल पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक महिला सहित बाइक चालक घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम देहलावाला निवासी अलपेश कुमार अपनी मां नेमवती देवी (68 वर्ष) की आंख में आपरेशन लेंस लगवाकर वापस अपने घर जा रहा था। थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला बनेली नदी के पुल पर दूसरी बाइक सवार थाना रेहड़ के ही ग्राम रायपुर निवासी मौहम्मद अय्यूब पुत्र अब्दुल वाहिद अपनी बाइक पर सामान का बोरा लादे जा रहे थे। अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में अलपेस कुमार की बाइक का हैंडल बोरे में फंस जाने के कारण बाइक असंतुलित होकर फिसल गई, जिसमें गिरकर बाइक चालक अलपेस कुमार और बाइक पर पीछे बैठी उसकी वृद्धा मां घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पीएचसी कासमपुर गढ़ी भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। विवेकानंद पुलिस चौकी प्रभारी मनवीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपसी समझौते के बाद कोई तहरीर नहीं दी है। अलपेश कुमार ने मानवता व भाईचारा का परिचय देते हुए बताया कि मौहम्मद अय्यूब का रोजा था। इफ्तार का समय होने वाला था। ईश्वर ने हमें सुरक्षित बचा दिया, इसलिए कोई कार्यवाही नहीं की।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पिता का नाम शैक्षिक प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों में MAHMOOD ALI पुत्र RAFIQ AHMAD था। मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों में MAHMOOD ALI की जगह MAHMOOD USMANI है। MAHMOOD ALI और MAHMOOD USMANI एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में MAHMOOD ALI को MAHMOOD USMANI ही पढ़ा व समझा जाए। सूचना कर्ता MADIHA USMANI, D/O LATE MAHMOOD USMANI, R/O MOHALLA-MANJHOLI, AFZALGARH, BIJNOR

**खोया पाया सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा- 2017 का प्रमाण पत्र - सह अंकपत्र वास्तव में कही खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 0734694 व प्रमाण पत्र क्रमांक H2330363 है। जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला है। **मौहम्मद शाहनवाज, माता का नाम सन्नो खातून, पिता का नाम मौ. यासीन, ग्राम पृथ्वीपुर बनवारी, पोस्ट पीपलसाना, थाना व तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

पत्र संख्या : 102/न.पा.परि./नजी.-निविदा (जलकल)/ 2025-26 दिनांक- 24.02.2026

**-: अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-**

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से 15वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम किस्त) के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त/प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु डबल बिड पद्धति से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक- 25/02/2026 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 05/03/2026 की दोपहर 02:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक- 05/03/2026 को दोपहर 04:00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टंकणीय/ लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिये उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहे। विस्तृत सूचना नगर पालिका कार्यालय के जलकल विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | /NPPET/Najibabad/2026 |
| Publish Date And Time For E-Tender | 25.02.2026 10:00 A.M |
| Start Date of downloading E-Tender | 25.02.2026 10:00 A.M |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 05.03.2026 02:00 P.M |
| Date and time of opening E-Tender | 05.03.2026 04:00 P.M |
| Place of opening E-Tender | Office NPP Najibabad Bijnor |
| E-Tender Security | 10% of estimate cost |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tender list |
| Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids | |

**नोट:**- 1- निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग ई-निविदा शुल्क की धनराशि आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा नजीबाबाद में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के खुले खाता संख्या-157501000191 IFSC कोड ICIC0001575 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ऑनलाईन जमाकर/ बैंक जमा स्लिप/ प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।

2- निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग ई-निविदा धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद के पदनाम से बन्धक होगी अथवा आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा नजीबाबाद में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के खुले खाता संख्या-157501000191 IFSC कोड ICIC 0001575 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ऑनलाईन जमाकर/ बैंक जमा स्लिप/ प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।

3- निविदादाता को ई-निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) की बैंक द्वारा जारी जमा की स्लिप/प्रमाण पत्र मूल्य रूप में दिनांक-05.03.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अन्य अनिवार्य प्रपत्रों सहित कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के जलकल विभाग में रखे टेण्डर बॉक्स में डालना अनिवार्य है। बिना धरोहर धनराशि/टेण्डर मूल्य धनराशि के किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**(प्रिंस कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर)**

**(इंजीनियर मुअज्जम)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर)**

**कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद (बिजनौर)**

पत्रांक: 342/न.पं.ज./2025-26 दिनांक: 24.02.2026

**-: निविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर:-**

समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वां वित्त आयोग, निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम किशत के अंतर्गत प्राप्त धनराशि नगर के विकास कार्यों हेतु दिनांक- 17.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाईट etender.up.nic.in पर निविदाएं समस्त ठेकेदारों/ फर्मों से शर्तों के आधार पर आमंत्रित करती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट etender.up.nic.in पर दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक- 27.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक- 17.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाईट etender.up.nic.in पर आनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है तथा दिनांक- 17.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे कार्यालय में निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश की स्थिति में अगला कार्य दिवस माना जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 06/ET/NPJ/2025-26 |
| Publish Date and time for RFP | 27.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 17.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| Date and time of opening Tender | 17.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे को |
| Place of opening of E-Tender | Office Nagar Panchayat Jalalabad |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document processing | As per tender list |

समस्त नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी।

**(अनूप कुमार रावत)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जलालाबाद, बिजनौर**

**(रूमाना)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत जलालाबाद, बिजनौर**

# तालाब की भूमि कब्जाने का प्रयास

## लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर काम रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** कुछ तालाब की भूमि को कब्जाने के लिए जेसीबी से तालाब की खुदाई करा रहे थे। शिकायत पर लेखपाल मौके पर पहुंचे, जिसके बाद लेखपाल ने उक्त कार्य को रुकवा दिया। कब्जा करने वाले लोग लेखपाल को अपनी भूमि होने का कोई कागज नहीं दिखा सके।

नांगल में खसरा 60 में लगभग साढ़े 10 बीघा भूमि में तालाब दर्ज है। दशकों पूर्व उक्त तालाब में गांव के तीन लोगों को पट्टे आवंटित किए गए थे, जिसके बाद शासन ने तीनों पट्टे खारिज कर दिए थे। खारिज होने बाद से उक्त तालाब की भूमि लगभग 20 वर्षों से खाली पड़ी है। मंगलवार को एक पक्ष राजवीर और धीर सिंह तालाब की भूमि की जेसीबी से खुदाई शुरू करा दी। जिसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र प्रताप सिंह की। शिकायत के बाद हल्का लेखपाल लेशवंत सिंह मौके पर पहुंचे और तालाब की भूमि की पैमाईश की। इसके साथ ही उन्होंने जेसीबी से की जा रही खुदाई के कार्य को तुरंत बंद करा दिया। पूछताछ करने पर तालाब की खुदाई करने वाले धीर सिंह ने बताया कि उनके दादा मनहोरी सिंह के नाम उक्त पट्टा किया गया था। उनकी मृत्यु के बाद वारिसों के नाम फर्द में दर्ज चल रहे है। पट्टा खारिज होने पर वे न्यायालय चले गए थे, जो मुकदमा उनके पक्ष में हो गया है। लेकिन वे लेखपाल को मुकदमे से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके, जिसके बाद लेखपाल ने उक्त कार्य को बंद करा दिया और भूमि से संबंधित कागज दिखाने के बाद ही कार्य करने की हिदायद दी।

उक्त तालाब काफी पुराना है, इस तालाब में बीते वर्षों में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के माध्यम से कई बार खुदान करके चारों ओर पालट का निर्माण किया गया था। जिसे जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। सूचना के बाद ग्राम प्रधान फरमान अहमद मौके पर नहीं पहुंचे।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं डा. मनोज वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक अपने सेवा भाव और जनहित कार्यों के कारण क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके हैं। वर्तमान मौसम परिवर्तन के दौर में जहां वायरल सर्दी-जुकाम और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वहीं डा. मनोज वर्मा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समय-समय पर मरीजों को आवश्यक सावधानियां अपनाने, साफ-सफाई रखने तथा संतुलित आहार लेने की सलाह देते रहते हैं। कई स्थानों पर उनके द्वारा नि:शुल्क परामर्श और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने से गरीब एवं असहाय लोगों को विशेष लाभ मिलता है तो वही चल रहें रमजान माह और होली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए डा. वर्मा ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया है। उनका कहना है कि त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सहयोग और एकता का प्रतीक होते हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं।

## एक नजर

### वन विभाग की टीम ने रुकवाया खनन

**नांगल सोती।** वाल्मीकि बस्ती के समीप से मिट्टी उठाकर एक ईंट भट्टे पर डाली जा रही थी। कुछ लोगों द्वार प्रशासनिक व वन विभाग के अधिकारियों से वन परिक्षेत्र में खनन होने की शिकायत की गई। बीती शाम राजगढ़ वन रेंज के रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मिट्टी के खनन को रुकवा दिया। रेंजर ने बताया कि वन परिक्षेत्र के 100 मीटर की दूरी तक मिट्टी का खनन नहीं किया जा सकता है। जांच में यदि वन क्षेत्र में खनन पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि इस मामले कोई तहरीर नहीं मिली है।

### कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**नगीना।** नगर के सम्मानित लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी से मुलाकात की और शिवरात्रि कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ लोगों द्वारा रायपुर रोड पर चौधरी दिग्विजय सिंह के पेट्रोल पंप पर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ग्राम-माथीपुर गांवड़ी निवासी सिद्धार्थ कुमार पुत्र दिग्विजय सिंह के रायपुर रोड नगीना स्थित पैट्रोल पम्प पर हुई संगीन घटना के सम्बन्ध में दिग्विजय सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र थाना प्रभारी नगीना व सीओ नगीना को दिये गये थे। परन्तु उस पर अभी तक भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। सिद्धार्थ कुमार के साथ हुई संगीन वारदात की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तगण के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराने की मांग को लेकर समाज के प्रबुद्ध व सम्मानित लोगों ने सीओ से मिलकर कहा कि समाज के सम्मानित व्यक्तियों ने यह भी निर्णय लिया है कि यदि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई और अभियुक्तगण की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कोई बड़ा आन्दोलन करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों द्वारा क्षेत्राधिकारी नगीना से मिलकर दिए गए शिकायती पत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार एडवोकेट, रितु चौधरी एडवोकेट, शानू चौधरी एडवोकेट, भोगन सिंह एडवोकेट, शुभम निर्वाल, संजय सिंह, अनिल कुमार, सुशील कुमार, हेमेंद्र सिंह, अमित कुमार, सोनू चौधरी, भोगेंद्र सिंह, जितेंद्र राठी सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

### डा. मन्नान जैदी सम्मानित



**स्योहारा।** मेडफो हेल्थ केयर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नई लहर फाउंडेशन के संस्थापक डा. मन्नान जैदी को प्रशंसा-पत्र एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेडफो हेल्थ केयर के माध्यम से अब तक हजारों सफल ऑपरेशन कराने तथा जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के व्यवसाय विकास प्रबंधक सचिन कुमार ने डा. मन्नान जैदी को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान सचिन कुमार के कार्यों की भी प्रशंसा की गई जो लगातार चिकित्सकों और अस्पतालों से समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डा. मन्नान जैदी ने सम्मान के लिए मेडफो हेल्थ केयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक राजपूत तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कृतिका श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है और आगे भी समाज सेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### साइबर क्राइम विषय पर निबंध प्रति.



**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में चल रहा है। विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों द्वारा ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, डा. शिवाली राजपूत व विवेक कुमार के नेतृत्व में डोर डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को साइबर क्राइम की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से अपील करते कहा गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करें, यदि कोई व्यक्ति व्हाट्सएप पर कोई लिंक भेजता है तो उसे नजर. अंदाज करें और लिंक पर क्लिक करने से बचें। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल पर मोबाइल चार्जिंग पर नहीं लगाएं। अन्यथा साइबर क्राइम का शिकार हो सकते हैं। शिविर के द्वितीय सत्र में साइबर क्राइम विषय पर एक प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने निबंध के माध्यम से डिजिटल क्रांति के युग में सचेत रहने का आह्वान किया। स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि डिजिटल क्रांति विकसित भारत की पहचान बन गई है। भारत ने यूपीआई के माध्यम से विश्व में अपनी अद्वितीय पहचान बनाई है। लेकिन दूसरी तरफ यदि हम सजगता के साथ इसका प्रयोग नहीं करेंगे तो उसके गंभीर परिणाम भी भुगतने होंगे। प्रतियोगिता का समापन हम होंगे कामयाब एक दिन गीत के साथ हुआ। इस मौके पर कॉलेज के निदेशक वरिष्ठ ठाकुर आकाश शास्त्री, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डा. आरपी सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, डा. शिवाली राजपूत, विवेक कुमार, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, डा. ओमपाल त्यागी, सचिन कुमार, ललित शर्मा, नीशु देवल, डा. वरुण कुमार, प्रदीप राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# सिंगापुर में सीएम के निवेश संवाद कार्यक्रम में अमित सिंह चौहान की सक्रिय सहभागिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** लक्ष्य कॉलेज के संस्थापक तथा भाजपा मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष राज्यपाल सिंह चौहान के पुत्र अमित सिंह चौहान ने अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए सिंगापुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज कराई।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे के अवसर पर आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद स्थापित करना तथा उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना रहा। बताया गया कि सिंगापुर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों और प्रवासी भारतीय समुदाय ने भाग लिया। अमित सिंह चौहान ने कार्यक्रम के समन्वय संपर्क और सहभागिता सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे आयोजन को गति और प्रभावशीलता मिली। युवा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान बना चुके अमित सिंह चौहान शिक्षा, समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। लक्ष्य कॉलेज के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में योगदान के साथ-साथ वे क्षेत्रीय युवाओं को सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। उनकी मिलनसार कार्यशैली और संगठन क्षमता के कारण उन्हें स्थानीय स्तर पर एक उभरते युवा चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। उनके पिता राजपाल सिंह चौहान द्वारा वर्षों से किए जा रहे जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों की प्रेरणा अमित सिंह चौहान के कार्यों में स्पष्ट दिखाई देती है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी सक्रिय उपस्थिति को क्षेत्र के लोगों ने गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास आधारभूत संरचना शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी साझा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में बन रहे निवेश अनुकूल वातावरण की चर्चा ने प्रवासी भारतीयों में सकारात्मक विश्वास उत्पन्न किया। क्षेत्रीय नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने अमित सिंह चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र से निकलकर वैश्विक मंच पर सक्रिय भागीदारी निभाना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है तथा इससे क्षेत्र का मान सम्मान निरंतर बढ़ रहा है।

# जीएसटी विभाग और व्यापारियों के बीच संवाद

## केदारनाथ धर्मशाला में हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जीएसटी विभाग द्वारा असमंजस की स्थिति को स्पष्ट करने और टैक्स संबंधी प्रक्रियाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक केदारनाथ धर्मशाला में पूर्वाह्न 11 बजे संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।

बैठक में जीएसटी विभाग की ओर से ज्वाइंट असिस्टेंट कमिश्नर आशुतोष सिंह, कमिश्नर राजीव रसार तथा डिप्टी कमिश्नर संदीप वर्मा शामिल हुए। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपने-अपने टैक्स समय पर जमा करने, खरीद-बिक्री में आ रहे अंतर (डिफरेंस) को दूर करने और जीएसटी नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि दस्तावेजों को अद्यतन और दुरुस्त रखना सभी व्यापारियों की जिम्मेदारी है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई की नौबत न आए।

जीएसटी विभाग की टीम ने बैठक के दौरान व्यापारियों से संवाद कर उनकी व्यावहारिक समस्याओं को भी सुना और नियमों के अंतर्गत समाधान का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों का उत्पीड़न करना नहीं, बल्कि कर व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाना है।

इस अवसर पर सर्राफा संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी ने व्यापारियों की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि सर्राफा व्यापारी हमेशा कानून के दायरे में रहकर व्यापार करना चाहते हैं। उन्होंने जीएसटी विभाग से किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न न करने का आग्रह किया और भरोसा दिलाया कि सर्राफा संघ विभाग के साथ समन्वय बनाकर नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा।

बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस तरह की जागरूकता बैठकों का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा, जिससे व्यापारियों को जीएसटी से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं की सही जानकारी मिल सके। व्यापारियों ने भी बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि प्रत्यक्ष संवाद से कई भ्रांतियां दूर हुई हैं और नियमों को समझने में आसानी हुई है।

जीएसटी विभाग और सर्राफा संघ के बीच हुई इस बैठक को व्यापारिक पारदर्शिता और आपसी समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस दौरान सर्राफा संघ से जुड़े अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सरकथलसानी में किसान गोष्ठी



**धामपुर।** गांव सरकथलसानी में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई के बारे में विस्तार से बताया। साथ में किसानों को गहरी जुताई करने की सलाह दी गई और सभी किसानों से आह्वान किया गया कि ट्रेंच विधि से ही गन्ने की बुवाई करें। गहरी जुताई, गहरी बुवाई ही किसान की पैदावार बढ़ा सकती है। इसी के साथ चीनी मिल व गन्ना समिति द्वारा दी जाने वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान व पेस्टिसाइड्स पर अनुदान के बारे में विस्तार से समझाया। ट्रेंच विधि, पैड़ी प्रबंधन व सहफसल आदि विधियां अपना कर अधिक उत्पादन लेने वाले किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे जी, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर विनोद कुमार सिंह व इफको कंपनी के प्रतिनिधि, डिप्टी मैनेजर दिनेश राजपूत, फील्ड सुप. रवाइजर कुलदीप शर्मा व गन्ना समिति के सुपरवाइजर उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता ब्रह्म सिंह दरोगा ने की। किसान गोष्ठी में सैकड़ों किसान उपस्थित हुए। इसी कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को कॉपी, पेंसिल आदि स्टेशनरी का सामान भी नि:शुल्क वितरण किया गया।

### घायल की उपचार के दौरान मौत



**शेरकोट।** मौहल्ला फतेहनगर निवासी शिवम सैनी (21 वर्ष) पुत्र रामदयाल सैनी सोमवार को किसी काम से ग्राम शहजादपुर गया था। बताया जाता है कि देर शाम वापसी के समय एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान आज दोपहर उनकी मृत्यु हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और एक ब्रश फैक्ट्री में काम कर परिवार का सहयोग करते थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक




**चांदपुर।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने सभी लोगों से आने वाले पर्व ईदुल फितर एवं होली पर आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। अपने एक संदेश में पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक वर्मा ने भी क्षेत्रीय जनता से अपने-अपने पर्वों को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी वर्ग अपने त्योहार पर कोई नई परंपरा लागू न करें। उन्होंने दो टूक कहा ध्यान रहे शांति व्यवस्था सर्वप्रथम है। उन्होंने त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में हिंदू, मुसलमानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज

## कार्रवाई के बाद पंचायत क्षेत्र में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम पंचायत नवादा तुल्ला में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नवादा तुल्ला की ग्राम प्रधान सोनम के विरुद्ध गांव निवासी जगत सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पंचायत क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में धांधली एवं अनियमितताएं बरती गई हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच की जिम्मेदारी सहायक ग्राम विकास अधिकारी को सौंपी गई। प्राथमिक जांच में विकास कार्यों में अनियमितताओं के संकेत मिलने पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के अधिकार सीज करने की कार्रवाई की।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अधिकार सीज होने के बाद अब पंचायत के विकास कार्यों और वित्तीय लेन-देन की जिम्मेदारी नियमानुसार संबंधित अधिकारी की निगरानी में संपादित की जाएगी। साथ ही मामले की विस्तृत जांच जारी है और अंतिम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम पंचायत क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# डॉ. चंद्रकला भागीरथी को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान



## फाउंडेशन लुंबिनी नेपाल द्वारा किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज की हिंदी विभाग की प्रोफेसर डॉ. चंद्रकला भागीरथी को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा सम्मानित किया गया। जिससे स्योहारा रोड स्थित मुन्ना देवी मंदिर के पास स्थित आवास डॉ चंद्रकला भागीरथी के घर पर खुशी का माहौल है और परिचित लोग बधाई दे रहे हैं।

हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी के शुभ अवसर पर आपको 'मातृभाषा रत्न' मानद उपाधि सम्मान हेतु चयनित किया गया है।

कवि/लेखक/साहित्यकार/शिक्षक के रूप में मातृभाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं साहित्यिक उत्थान में आपके उल्लेखनीय योगदान को ध्यान में रखते हुए आपको यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। आनन्द गिरि मायालु अध्यक्ष शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन लुंबिनी -5, नेपाल द्वारा आपको प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया है। आपकी साधना, समर्पण और सृजनशीलता भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहे। इसी शुभकामना के साथ हम आपको हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# पुरानी पेंशन में भविष्य सुरक्षित: चंद्रहास

## एनपीएस-यूपीएस को लेकर शिक्षक एवं कर्मचारी आक्रोशित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एनपीएस व यूपीएस के विरोध व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कृषि विभाग के सभागार में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के जिला अध्यक्ष लखबीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री रामप्रसाद के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस केवल पूंजीपतियों का षड्यंत्र है, जिसमें केवल पूंजीपतियों का लाभ है। पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। अब पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष निर्णायक मोड़ पर है। ये हमारे बुढ़ापे लाठी है, जिसके लिए ईमानदारी से संघर्ष करने की आवश्यकता है। कृषि मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि यह हमारे भविष्य का सवाल है, हम अटेवा के प्रत्येक संघर्ष में साथ हैं। सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने सभी कर्मचारियों से पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संगठित होने की आवश्यकता है।

बैठक में जिला मंत्री निर्भय कुमार, नरेश कुमार सैनी, सचिन कुमार, रवि कुमार, राजविंदर सिंह, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार, मनीष चौधरी, अरुण कुमार, महेश कुमार, रजत चौधरी, जितेंद्र कुमार, गजेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, विशाल तोमर, आदित्य वीर आदि मौजूद रहे।


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.

युवा भाजपा नेता

बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह

जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।

विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।

भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।

Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी

(ठेकेदार)

संभावित प्रत्याशी

प्रधान पद

राजा का ताजपुर



# ईको कार की पेड़ से टक्कर में पत्नी की मौत पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर क्षेत्र में मेरठ-बदायूं हाईवे पर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना रात उस समय हुई जब वह एक गमी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। उनकी शादी एक साल पहले ही हुई थी। उक्त सड़क हादसा बीती रात करीब 09:30 बजे थाना गुन्नौर क्षेत्र में मेरठ-बदायूं हाईवे स्थित गांव जगन्नाथपुर के पास हुआ। मृतक महिला की पहचान 21 वर्षीय क्रांति पत्नी नेत्रपाल यादव निवासी गांव मखदूमपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार क्रांति और नेत्रपाल यादव थाना जुनावई क्षेत्र के गांव काशीपुर में एक गमी में शामिल होने गए थे। वहां से वापसी के दौरान उनकी ईको कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने महिला क्रांति को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी गुन्नौर के डाक्टर ने नेत्रपाल यादव को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर मृतका के ससुराल और मायके पक्ष के परिजन अस्पताल पहुंचे। थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई है और उसका पति घायल है। जिसे इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाया गया है। परिजनों ने महिला का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। जिसके बाद पंचनामे की कार्रवाई की गई।

**○ परिजनों ने पीएम कराने से किया इंकार, गमी से लौटते हुआ हादसा**





सम्भल- ग्राम सैफ खां सराय स्थित अंजुमन वारसिया स्थित दरगाह खुर्शीद हुसैन वारसी के उर्स के कुल रस्म अदायगी में दुआ कराते मौलाना आफताब हुसैन वारसी, मजार पर ग्लाफ पेश करते महताब हुसैन वारसी।

# सौहार्द की मिसाल हजरत खुर्शीद मियां के मज़ार पर उमड़े अकीदतमंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अमन का पैगाम और साम्प्रदायिक सदभाव की मिसाल पूर्व शहर इमाम सूफी हजरत मौलाना खुर्शीद हुसैन वारसी रह का सालाना उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया गया। परम्परागत रस्मों और कुल रस्म में देश दुनिया और शहर मे अमनो-अमान व तरक्की की दुआ के लिए उठे हज़ारों हाथों के साथ उर्स सम्पन्न हो गया।

चंदौसी सम्भल मार्ग स्थित दरगाह अंजुमने वारसिया सैफ खां सराय में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमन का पैगाम और एकता व भाईचारें की मिसाल पूर्व शहर इमाम सम्भल सूफी संत हजरत मौलाना खुर्शीद हुसैन वारसी रह. के उर्स के मौके पर नातों मनकबत, मुकददस किताब की तिलावत, सलातो सलाम, लंगर, तर्बरूक वितरण तथा चादर पोशी की गई। दोपहरको कुल शरीफ की रस्म अदा करायी गयी। जिसमें शहर इमाम हजरत मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने उर्स की रस्म अदा कराते हुए देश दुनिया व शहर में अमन की दुआ कराई। इस दौरान सूफी खुर्शीद मियां की सेवाओं और लोगों के प्रति उनकी मौहब्बत और अख्लाक तथा हमेशा अमन के दिए जाने वाले पैगमों पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। जबकि बड़ी संख्या में दरगाह पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर हाजिरी दी और अमन की दुआ को हाथ उठाए। अंत मे दरगाह अंजुमने वारसिया के प्रबंध क मेहताब हुसैन वारसी ने सभी अकीदतमन्दों एवं मेहमानो का आभार प्रकट किया।

**○उर्स के कुल रस्म में अमनों अमान की दुआ को उठे सैकड़ों हाथ, दिया मौहब्बत और सौहार्द का पैगाम**

# अयोग्य व्यक्ति कर रहा था अल्ट्रासाउंड कराया सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अवैध अस्पताल, क्लीनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के निरीक्षण अभियान जारी है। डीएम के निर्देश पर चल रहे अभियान में नगर मजिस्ट्रेट ने अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान अयोग्य व्यक्ति अल्ट्रासाउंड करता हुआ पाया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने सेंटर को सील कर दिया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सरकारी अस्पताल के पास यशोदा मार्ग पर ट्रैक्टर वाली मार्केट में निदान अल्ट्रासाउण्ड एण्ड डिजीटल एक्स-रे सेन्टर का निरीक्षण किय। निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर में 15 व्यक्ति मिले। इनमें 02 पुरूष एवं 13 महिलाऐं अपना अल्ट्रासाउण्ड कराने को मौजूद थीं। मौके पर अल्ट्रासाउण्ड कक्ष में एक महिला उपस्थित मिली। इनके द्वारा अवगत कराया गया वह इस अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर पर काम सीखती है। अल्ट्रासाउण्ड कक्ष में रखे हुए लैपटॉप का निरीक्षण करने पर 2026 नामक फोल्डर के अन्दर फरवरी नाम के फोल्डर में 1 से 24 तक किये गये सभी अल्ट्रासाउण्ड की रिपोर्ट बर्ड फाईल में सेव मिली। कम्प्यूटर में कुल 37 व्यक्तियों की अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट तैयार की गयी थी। इसके पश्चात पूछताछ करने पर कि इस अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर के मालिक का नाम पूछने पर उपस्थित व्यक्तियों द्वारा सेन्टर के मालिक शाह फैसल पुत्र मो. हनीफ निवासी हसनपुर जनपद-अमरोहा बताया। कुछ समय बाद वहां आए सेंटर स्वामी नेबताया कि डॉ राजेश कुमार अल्ट्रासाउण्ड करते हैं और वह लगभग 11:00 बजे किसी काम से बुलन्दशहर गये हैं। काफी देर तक कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं हुए। ऐसी स्थिति में डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए।

# अमेरिका के साथ डील देश के किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव

**○भाकियू असली ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत अमेरीका व्यापार डील और जल जीवन मिशन को लेकर भाकियू ने अपना विरोध प्रकट कर दिया हैं विरोध में आये भाकियू कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधि कारी को सोंपा।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में दर्जनों किसानों नेउपजिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रामानुज को सौंपां ज्ञापन में भारत अमेरीका व्यापार समझौते का विरोध किया। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा गठबंध न की सरकार ने हाल में अमेरिका से जो समझोता किया है उससे भारत के किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अब तक इस मसोदे में जितने भी प्रवधानजानकारी में आये है। उसके अनुसार विदेशों में कृषि उत्पादों का आयात बढ़ जायेगा। उन्होने कहा कि किवसितदेश अपने किसानों को जिनती अधिक अनुदान देते है। इससे उनके दाम अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बहुत प्रतिस्पर्धी होते हैं और उनकी नीची कीमतों काम ुकाबला हमारे सिकानों के उत्पादनहीं कर पाते है। प्रतिस्पर्धी में भारतीय किसानों को अपने उत्पादों की कीमते भीघटानी होती हैं। जिसमें अनेक बार तो उनके उत्पादन की लागत भी नहीं निकल पाती है। अमेरिका के साथ भारत के पास सोयाबीन और डेयरी उत्पाद भी शामिल है। जिसका सीधा अर्थ है कि भारत के करोड़ों किसानों के लिए खेती कर पाना मुश्किल हहो जायेगा। ऐंसे में केवल किसान ही नहीं बल्कि देश की पूरी आबादी की खाद्य सुरक्षा और देश की खाद्य सम्प्रभुता भीष्ण संकट में पड़ जायेगी। इसके अलावा ज्ञापन में कहा कि जल जीवन मिशन योजना पर हर घर जल हर घर नल योजना के लिए2623 करोड़ का बजट निर्धारित करने और उसके तहत 4 दिसम्बर 2025 तक देश के 15 करोड़ घरों को पानी पहुंचाने का दवा किया हे जो सरसर गलत है। इस मौके पर रामवीर सिंह, मौ. वारिस, जयवीर सिंह, यशपाल सिंह, अर्जुन सिंह, शाहिद, टिंकू यादव, मनवीर सिंह, इन्द्रपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, छत्रपाल, रामौतार, मौ. सुलेमान, पप्पू यादव, संजीव गांधी आदि मौजूद रहे।



सम्भल-अमेरिका के डील के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू असली कार्यकर्ता।

## आईजीआरएस की शिकायतों पर लापरवाही न बरतने के निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल** आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक में आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन की विभिन्न विभागों की संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस को लेकर गम्भीरता दिखाएं। उन्होंने कहा कि अधि कारी कार्यालयों में समय से बैठें तथा जनसुनवाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि उप जिलाधि कारी के समक्ष कोई शिकायत आती है तो पोर्टल पर भी शिकायत को फीड किया जाए। स्पेशल क्लोज पर ध्यान दिया जाए। जो भी आख्या लगाएं देख लें आख्या स्पष्ट और पठनीय हो। दिनांक 25 फरवरी एवं 26 फरवरी के संदर्भ तथा हेल्पलाइन तथा आईजीआरएस के संतुष्टि तथा असंतुष्टि प्रतिशत पर चर्चा की गयी। हेल्पलाइन जनपद स्तर पर असंतुष्टि को लेकर जानकारी ली। मुख्य विकास अधिाकारी ने कहा कि आईजीआरएस से संबंधि त शासनादेश को अधिकारी अपनी मेज पर रखें तथा प्रतिदन आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों को देखें। जन शिकायत पर कोई लापरवाही न बरतें। इस अवसर पर राम आशीष आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# वार्षिक निरीक्षण में एसपी ने दिए सर्कतापूर्ण भ्रमणशील रहने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, शस्त्रों आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस कर्मियों को शस्त्रों की हैंडलिंग कराकर जानकारी दी गयी।

सदर कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अध ीक्षक के के विश्नोई ने बैरक का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को निर्देशित किया। जबकि गाड़ियों को डंपिंग यार्ड मे लगाए जाने तथा कैमरों का संचालन सही प्रकार से करने को निर्देशित किया।इसके अलावा थाने पर आगन्तुकों के लिये उचित व्यवस्था एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण को निर्देशित किया। महिला हेल्प डेस्क अभिलेख, महिला बीट अभिलेख, अपराध रजिस्टर आदि को चैक कर गहनता से जांचा परखा गया एवं प्रचलित ऐपों के सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी ली।थाने के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए समस्त अभिलेखों के बेहतर रखा-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डयूटी के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजार, सर्राफा दुकान, चौराहों, गली, नुक्कड़ों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा थाना क्षेत्र में सतर्कतापूर्ण भ्रमणशील रहने तथा पुलिस की सक्रियता बनाये रखने एवं नियमित रूप से बैंक चौकिंग, एटीएम चौकिंग, मुख्य चौराहों, सड़क, ढाबों, होटल, बस स्टैंड, पेट्रोल पंप एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चैकिंग तथा रात्रि गश्त करने तथा आम जनता से अच्छा व्यवहार करने हेतु व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) लिंक अधि कारी क्षेत्राधिकारी असमोली आदि मौजूद रहे।

**○कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण**

## एक नज़र इधर भी

### होलिका पूजन दो मार्च एवं दहन तीन मार्च को ब्रह्म मुहूर्त में होग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय पुरोहित परिषद ने सर्वसम्मति से होलिका पूजन 2 मार्च को संधया समय तथा होलिका दहन 3 मार्च को ब्रह्म मुहूर्त में करने का निर्णय लिया है।

गौरी सहाय मंदिर कोट पूर्वी में राष्ट्रीय पुरोहित परिषद की बैठक संपन्न हुई जिसमें नगर एवं क्षेत्र के ज्योतिषाचार्य, पंडित, पुजारी एवं पुरोहितों ने हिस्सा लेकर सर्वसम्मति से 2 मार्च सोमवार को होलिका पूजन संध्या समय में तथा 3 मार्च मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में होलिका दहन करने का निर्णय लिया। इस बार पूर्णिमा को चंद्र ग्रहण होने से होलिका पूजन, दहन एवं रंग उत्सव मनाने का असमंजस था। जिसे साफ करते हुए तथा बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के महामंत्री पंडित शोभित शास्त्री ने कहा कि 2 मार्च सोमवार को शाम 7:56 से देर रात्रि तक होलिका पूजन होगा। अगले दिन 3 मार्च मंगलवार को प्रात: बेला में 5:00 बजे से पूर्व किसी भी समय होलिका दहन किया जाना श्रेष्ठ है। उपाध्यक्ष पंडित कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि 3 मार्च मंगलवार को रंग उत्सव मनाया जाएगा। परंतु चंद्र ग्रहण के कारण 3 मार्च को कुछ खाना खिलाना अर्थात स्वागत अभिनंदन में जलपान,भोजन वर्जित रहेगा। ऐसे में परस्पर एक दूसरे के घर जाकर गुजिया मिष्ठान आदि खाने खिलाने की परंपरा 4 मार्च बुधवार को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रंग गुलाल खेलने या चौपाई आदि निकालना एक परंपरा है। इसे पूजा या अनुष्ठान नहीं कहा जाता। इसलिए चंद्र ग्रहण में रंग खेलने को निषेध ा नहीं माना जा सकता।

### सैदपुर जसकोली पहुंची भाकियू खालसा की जन जागृत यात्रा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** भारतीय किसान यूनियन खालसा द्वारा पूरे भारत में निकाली जा रही जन जागृत यात्रा मंगलवार को क्षेत्र के गांव सैदपुर जसकोली पहुंची, जहां किसानों व ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। भारतीय किसान यूनियन खालसा की यह यात्रा किसानों को उनके अधि कारों के प्रति जागरूक करने तथा कृषि से जुड़े प्रमुख मुद्दों को लेकर देशभर में चलाई जा रही है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों के लिए एमएसपी कानून लागू कराना, किसान कर्ज मुक्ति तथा कृषि संबंधी कानूनों में सुधार की मांग को मजबूत करना है। यात्रा के सैदपुर जसकोली पहुंचने पर किसान नेताओं ने सभा आयोजित कर किसानों से एकजुट रहने का आहवान किया। वक्ताओं ने कहा कि देशभर में गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है ताकि उनकी समस्याओं को सरकार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सके। इस दौरान स्थानीय किसानों, युवा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने यात्रा में भाग लेकर समर्थन जताया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यह जन जागृत यात्र विभिन्न राज्यों से होते हुए आगे निध ारित कार्यक्रमों के अनुसार जारी रहेगी। जगजीत सिंह डल्लेवाल,अनिल तालान, इंदरजीत सिंह पन्नीवाला, हर्षदीप सिंह गिल,सोनू औलख, हरसुलिन्दर सिंह ढिल्लों, अरुण पटेल, महावीर प्रसाद,संतोष नागर, ब्रजेश चौरे,लवजीत सिंह, आदि किसान उपस्थित रहे।

### होली रमजान साथ संवेदनशील क्षेत्र में बढ़ी सर्तकता

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** होली इस बार रमजान के बीच पड़ने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष मंथन शुरू कर दिया है। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में पुलिस सक्रिय हो गयी है। सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील माने जाने वाले क्षेत्रें में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस पुराने विवादों और फसाद से जुड़े मामलों की समीक्षा कर संबंधित लोगों को चिन्हित कर रही है। हाल के विवादों और रंजिशों पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी संभावित तनाव को समय रहते रोका जा सके।नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है। बाजारों, होली आयोजनों और जुलूस मार्गों पर विशेष सुरक्षा प्रबंधों की योजना बनाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्राथमिकता है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने निकाली जागरूकता यात्रा

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर गुन्नौर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र गुन्नौर द्वारा नगर में जागरूकता यात्रा निकाली गई। इसमें अन्य नगरों की महिलाएं भी शामिल रहीं। जो सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। यात्रा नगर के सदर बाजार, मोहल्ला सराय,बदायूँ दिल्ली हाइवे रोड़ आदि प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों ने यात्रा में शिवलिंग, शिव जी पर पुष्प वर्षा व फूलमाला से स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत अधयक्ष खुशबू प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति,ब्रह्माकुमारी दवेंद्री कुमारी आदि महिलाएँ रहीं।

### महिलाओं ने सावरिया होली खेली खेल गाये गीत

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** शहर में इन दिनों होली का त्योहार नजदीक आने के साथ ही अनेक गली-मोहल्लों, मंदिरों में फाग उत्सव मनाए जा रहे हैं। इस दौरान फागणियां पोशाक में शामिल हो रही महिलाएं फाग गीतों की प्रस्तुतियां भी दे रही हैं।

मंगलवार को सरायतरीन के मोहल्ला पीला खदाना स्थित दक्ष प्रजापति महिला समाज की अध्यक्ष सीमा आर्या के आवास पर फागोत्सव मनाया गया। सीमा आर्या ने बताया कि महिलाओं ने सांवरिया होली खेले, सहित अनेक गीतों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर महिलाएं जमकर झूमती नजर आई। इस अवसर होरी गायन के साथ पुष्प होली खेली गई। महिलाओं ने फागुन गीत गाए। इस दौरान बबली आर्या,आशा आर्या,रेखा आर्या, नीरू, सरिता, मंजू, बविता,प्रेमवति, सीमा, आदेश, मिथलेश, रानी, पूनम, गीता, पिंकी, कमलेश, तनु, जावित्री, लवली, कृष्णा, कंचन आदि महिलाएँ मौजूद रही।

# सड़क हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सड़क हादसे में घायल किसान जितेंद्र कुमार (29)की श्रृषिकेश में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह गुन्नौर तहसील के गांव दुबारी कलां गांव के निवासी थे और खेती करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। जितेंद्र अपने पीछे पत्नी अंजली देवी और 10 साल के बेटे को छोड़ गए हैं। यह हादसा लगभग 15 दिन पहले तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र में मेरठ-बदायूं हाईवे पर स्थित धनीपुर गांव के निकट हुआ था। जितेंद्र कुमार एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद बबराला कस्बे से अपने गांव बाइक से लौट रहे थे। तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया गया था। वहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें उत्तराखंड के श्रृषिकेश ले गए थे। पिछले 10 दिनों से श्रृषिकेश में उनका इलाज चल रहा था लेकिन आज उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव में गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**○15 दिन पूर्व मेरठ बदायूं मार्ग पर धनीपुर गांव के निकट हुआ था हादसा**

## बाल विवाह के दुष्परिणामों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।**श्री सनातन धर्म विद्यालय जूनियर हाई स्कूल जनपद संभल के सभी बच्चों को बाल विवाह से होने वाले शिक्षा स्वास्थ्य एवं जीवन पर होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दे गई दी गई शक्ति सेवा पथ फाउंडेशन की अध्यक्ष नीरू चाहल ने बच्चों से बाल विवाह रोक पर निबंध लिखवाया और जानकारियां दी कि अगर आपके जीवन में या आपके आसपास कहीं भी हो रहे इस अपराध की जानकारी बाल विवाह कानून हेल्पलाइन पर सूचित करें और कहा कि सभी बच्चे अपने जीवन में जानकारी को उतरे एवं अपने घर माता-पिता को भी जाकर बताएं भारत के बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़कियों की उम्र 18 वर्ष एवं लड़कों की उम्र 21 वर्ष से पहले विवाह करना दंडनीय अपराध है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने नष्ट कराए अस्वच्छकर सफेद रसगुल्ले

**○सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में टीम ने किया मौ.पुर मालिनी का निरीक्षण**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी होली पर्व के मददेनजर मिलावट खोरी रोकने और मिलावट खोरों पर प्रभावी कार्रवाई को खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रर्वतन दल का निरीक्षण अभियान ओर तेज हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य एवं पेय पदार्थ में मिलावट पर प्रभावी कार्रवाई को कई स्थानों पर छापमार कार्रवाई कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान अस्वच्छकर सफेद रसगुल्लों को नष्अ कराया गया।

मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल ने थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर मालिनी स्थित आसिम पुत्र नौशे खान व इलियास पुत्र नन्हे खान तथा ग्राम मंगनपुर स्थित शान ए आलम की रसगुल्ला निर्माण इकाइयों' का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मौके पर खाद्य पदार्थ सफेद रसगुल्ला का भंडारण अस्वच्छकर एवं अस्वस्थकर दशाओं में पाए जाने के कारण 225 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला नष्ट कराया गया। साथ ही 3 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य मानवेन्द सिंह ने बताया कि जिले भर में मिलावट खोरों पर प्रभावी कार्रवाई और मिलावटी सामान की बरामदगी को अभियान जारी रहे। टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य), राजीव कुमार, खाद्य सुरक्षा अधि कारी उपस्थित रहे।



सम्भल। ग्राम मौ.पुर मालिनी में अस्वच्छ रसगुल्लों को फिंकवाती खाद्य सुरक्षा की टीम।

# बबराला में स्वच्छता को चला अभियान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता 2026 के अवसर पर निकाय में वार्डो के मूल्यांकन के साथ विभिन्न आई.ई.सी गतिविधि यां चार डस्टबिन की आदत स्वच्छ वार्ड की ताकत का संदेश दिया गया।

आईटीसी के कॉर्डिनेटर करन सिंह द्वार नगर पंचायत बबराला कम्युनिटी लेड डिसेंट्रलिसेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत वार्ड नंबर 12, लेखपाल कालोनी में आईटीसी अर्बन कोर्डिनेटर द्वारा स्वच्छ घर मेरा घर अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति महिला सदस्यों व वार्ड वासियों के साथ संवाद के माध्यम से स्रोत पर कूड़ा पृथक्कीकरण होम/कम्युनिटी कंपोस्टिंग डोर-टू-डोर कलेक्शन 4 बिन को सशक्त बनाने के लिए जागरूक किया गया। वार्ड में होम कंपोस्टिंग कर रहे। स्वच्छ घरों को चिह्नित कर सम्मानित किया गया। सभी को एक कदम स्वच्छता की ओर आओ मिलकर बनाएँ स्वच्छ स्वस्थ बबराला का संदेश दिया गया।इस दौरान नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।



# सैनिकों की समस्याओं का प्रमुख्ता से होगा निस्तारण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक में पूर्व में दिए गए प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी और सैनिकों की समस्याओं का प्रमुख्ता से निस्तारण कराने के भरोसा दिलाया।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर संदीप चड्ढा द्वारा पूर्व बैठक में रखे गये प्रकरण पर क्या कार्यवाही हुई उसके विषय में अवगत कराया। बैठक में सैनिक बंधुओ के द्वारा अपनी-अपनी समस्या उठाई गई। उसकी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में आर्म्स लाइसेंस, मोबाइल कैंटीन, पटटे की श्रेणी में बदलाव, अनाज मंडी में दुकान आवंटन, भूमि से संबंधित मामले आदि पर चर्चा की गयी। पीएम श्री विद्यालयों में गार्ड तैनाती को लेकर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने सेवानिवृत्ति सैनिकों से विस्तार पूर्वक चर्चा करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के विषय में जानकारी दी। उन्होंने सेवानिवृत्त सैनिकों से कहा कि सरकार की योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर प्रचार प्रसार करें ताकि लोग सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकें और लाभ उठा सकें। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने सेवानिवृत्त सैनिकों से कहा कि राजस्व विभाग एवं विकास विभाग एवं अन्य किसी विभाग से समस्या है तो उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। एनडीआरएफ टीम से सहायक उप निरीक्षक सत्यवान शर्मा के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम के द्वारा भूकंप एवं प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए रिहर्सल किया। इसके उपरांत सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय गान गाया किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधि कारी प्रदीप वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, क्षेत्राधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधि कारी सीपी सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संदीप चडढा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद यादव, गौरव यादव, रविन्द्र कुमार, राजकुमार शर्मा, रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**○ सैनिक कल्याण बैठक में समस्याओं की ली जानकारी**

# भोजपुर थाना पुलिस ने गोकशी के एक आरोपी को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, आधा दर्जन फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र में गौकशी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके कई साथी मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

जानकारी के अनुसार 23 फरवरी की रात थाना भोजपुर पुलिस गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कस्बा चौकी क्षेत्र के मोहल्ला गुलाबबाड़ी के जंगल में गौकशी किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर



पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपियों की घेराबंदी की।पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख बदमाशों ने अवैध असलहों से पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी घायल हो गया। घायल की पहचान कमर पुत्र हफीजुलर्रहमान निवासी मोहल्ला गुलाबबाड़ी के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।मौके से भूरा, इकरार, नसीम उर्फ नद्दू, हाजी वसीम, हाजी जसीम सहित एक अज्ञात व्यक्ति फरार हो गया।

पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।घायल आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारत. ूस, दो खोखा कारतूस, एक कुल्हाड़ी व एक प्लास्टिक की रस्सी बरामद की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# होली से पहले खाद्य विभाग की कार्रवाई, 225 किलो रसगुल्ला नष्ट

**चन्दौसी।** आगामी होली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी एवं अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सघन



अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रवर्तन दल ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान ग्राम मोहम्मदपुर मालिनी, थाना हजरतनगर गढ़ी स्थित आसिम पुत्र नोशे खान एवं इलियास पुत्र नन्हे खान की रसगुल्ला निर्माण इकाइयों की जांच की गई। इसके अलावा ग्राम मंगनपुर स्थित 'शान-ए-आलम' रसगुल्ला निर्माण इकाई का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सफेद रसगुल्ले का भंडारण अत्यंत अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में पाया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए करीब 225 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला नष्ट कराया। साथ ही गुणवत्ता की जांच के लिए तीन नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सहायक आयुक्त (खाद्य) मानवेन्द्र सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार सहित विभागीय टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा को अनिवार्य बनाए जाने के फैसले के खिलाफ किया प्रदर्शन



**कुन्दरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** क्षेत्र में सोमवार को शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा को अनिवार्य बनाए जाने के फैसले के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू किए जाने के निर्णय के विरोध में किया गया, जिसमें शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर अपनी नाराजगी जताई। यह प्रदर्शन टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर किया गया। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शिक्षकों ने विभिन्न विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ अभियान चलाया गया। विरोध के दौरान कुन्दरकी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय कौण्डरी, यूसुफपुर नगलिया, करनपुर और रतनपुर कला सहित कई विद्यालयों में शिक्षकों ने एकजुट होकर टीईटी के खिलाफ आवाज उठाई। शिक्षकों के अनुसार वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी को अनिवार्य बनाना अनुचित है और इससे लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों पर अनावश्यक और अधिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और इसे वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान विद्यालयों के शिक्षकों ने टीईटी को अनिवार्य करना गलत बताया।

### नाबालिग से उत्पीड़न का आरोप परिजनों ने की पुलिस से शिकायत

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ कथित रूप से दुष्कर्म और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि बच्ची को डराकर और बदनामी का भय दिखाकर काफी समय से दुष्कर्म किया जा रहा था। लगातार दबाव के कारण पीड़िता लंबे समय तक चुप रही जिससे उसकी मानसिक स्थिति पर असर पड़ा। पीड़िता के पिता ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के मुताबिक करीब छह-सात माह तक पीड़िता को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

जिससे वह गर्भवती हो गयी। साथ ही बदनामी का डर दिखाकर किसी को बताने से मना भी किया। आरोप है लगातार भय और दबाव के कारण पीड़ित किसी को कुछ बताने से डरती रही। समय बीतने के साथ उसकी मान. सिक स्थिति बिगड़ने लगी तब परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पीड़िता के पिता ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन



**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा जी के दिशा निर्देशन में ष्सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फेटेलिटीष समाधान के अंतर्गत एस कुमार के चौराहा पर लोगों को हेलमेट पहनना, ओवर स्पीड ना करनी, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने एवं शराब पीकर वाहन न चलने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुगल. पुरा थाने की एस आई सुश्री नरगिस एवं उनकी टीम ने महाविद्यालय की छात्राओं को ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा जी ने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि आज की दुनिया में सड़क और परिवहन प्रत्येक के जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक सड़क उपयोगकर्ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे वााहन ने दूरियों को कम कर दिया है लेकिन इसने दूसरी ओर जीवन के जोखिम को बढ़ा दिया है।

हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इसलिए, सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन डॉक्टर शेफाली अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में समस्त गोकुलदास महाविद्यालय उपस्थित रहा।

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के विरोध में महानगर में जमकर गरजे यादव समाज के लोग, प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** प्रस्तावित फिल्म "यादव जी की लव स्टोरी" के विरोध में शुक्रवार को जनपद में यादव समाज के लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आया। प्रदर्शनकारियों ने पहले अंबेडकर पार्क में सभा आयोजित की, जिसके बाद जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट मुरादाबाद पहुंचकर भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि फिल्म का शीर्षक और कथित सामग्री एक विशेष समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। उनका कहना था कि मनोरंजन के नाम पर किसी भी जाति, समाज या परंपरा का गलत और आपत्तिजनक चित्रण स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने मांग की कि फिल्म की निष्पक्ष समीक्षा कर विवादित अंशों को हटाया जाए, अन्यथा इसके प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने इसे केवल एक फिल्म का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा प्रश्न बताया।ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि या तो फिल्म से आपत्तिजनक अंश हटाए जाएं अथवा इसकी रिलीज पर रोक लगाई जाए, अन्यथा अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अजयवीर सिंह, विशम्भर यादव, चंचल यादव, दानवीर यादव, अंशू यादव, शशांक यादव, श्रीकांत मोहन, अरविंद यादव, गुरदीप यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# टिमिट में 'फाइनेंशियल फ्रयूरी' केस स्टडी प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में फाइनेशियल फ्यूरी केस स्टडी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एमबीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न वित्तीय समस्याओं पर आधारित केस स्टडीज का विश्लेषण एवं समाधान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच, निर्णय निर्माण कौशल तथा नेतृत्व गुणो का विकास करना था। प्रतिभागिया ने वास्तविक व्यावसायिक परिस्थितियों पर आधारित मामलों का अध्ययन कर व्यावहारिक एवं नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन एमबीए डिपार्टमेंट के प्रोफेसरो के द्वारा कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।




निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनकी प्रस्तुति शैली, विषय की समझ, तथ्यों के विश्लेषण तथा व्यवहारिक सुझावों के आधार पर किया गया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर टिमिट के डीन डॉ. विपिन जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वित्तीय प्रबंधन केवल आंकड़ों का विश्लेषण नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टिकोण और दूरदर्शिता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में वही प्रबंधक सफल होता है, जो समयानुसार सटीक निर्णय लेने की क्षमता रखता हो।

फाइनेंशियल फ्यूरी जैसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं समस्या समाधान कौशल को विकसित करते हैं। डॉ. जैन ने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि दिमिट भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# पांच युवाओं को यूथ आइकॉन सम्मान से किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद एवं विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन संपूर्ण भारत में किया जा रहा है। इस कड़ी में जनपद मुरादाबाद में दोनों ही कार्यक्रमों का आयोजन आज 24 फरवरी को किया गया यह कार्यक्रम मनोहरपुर स्थित जाडस संस्थान में आयोजित करवाया गया कार्यक्रम के बारे में उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित हुआ युवा कनेक्ट कार्यक्रम के मंच पर सदस्य बिधान परिषद सत्यपाल सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए एवं इस मंच पर 5 यूथ आइकॉन सीताराम योग के क्षेत्र से पूजा रानी संगीत क्षेत्र रोहन समाजसेवा के व मनोज पर्वतारोही एवं अभिव्यक्ति पत्रकारिता के क्षेत्र से अपने अनुभव साझा करने के लिए एकत्र हुए एवं पाँचों वक्ताओं को यूथ आइकॉन सम्मान से सम्मानित किया




गया कार्यक्रम का दूसरा सत्र युवा संसद आरंभ हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ दीपक मेहंदी रतता कृषि वैज्ञानिक द्वारा किया गया इस युवा संसद में चयनित प्रतिभागियों ने आपातकाल के 50 वर्ष एवं इसके सवक मुख्य विषय पर अपने विचार रखे और इस सत्र से चयनित 10 प्रतिभागी अगले माह विधानसभा लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संपूर्ण जनपद से आमंत्रित किया गया एवं 18 से 25 वर्ष के आयु के युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया अनुसार लगभग 700 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए और 92 चयनित प्रतिभागियों ने मुरादाबाद में प्रतिभाग किया जिसमें से मोहिनी, उन्नति, हिमांशी शर्मा, दीपांशु, रोहित चौधरी तमन्ना ,आदि को राज्यस्तर के लिए चयनित किया गया कार्यक्रम में अमित कुमार, विकास,कुमार, रबीन्द्र,सिंह चंचल ने विशेष भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन उन्नति चौधरी द्वारा किया गया

# रास्ता कब्जाने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव नरौदा के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर गांव के एक सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि इच्छाराम पुत्र नरायन के घर से श्याम पुत्र टुंडी के खेत तक जाने वाला रास्ता कुछ काश्तकारों द्वारा जोतकर अपनी-अपनी जमीन में मिला लिया गया है, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता बंद होने के कारण उन्हें दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उक्त रास्ते को कब्जामुक्त कराकर आमजन के लिए सुचारू रूप से चालू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में तोताराम, हरीसिंह, डंबरसिंह, गिर्राज, हसमंत, त्रिभुवन, राजवीर, सत्यवीर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# चकबंदी और राजस्व की टीम पैमाइश करने पहुंची, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कांठ( शाह टाइम्स )** भूमि पर कब्जा करने की नीयत से सी हदद्दा उखाड़ने की शिकायत पर डीएम द्वारा चकबंदी एवं राजस्व की गठित टीम आज मौके पर पहुंची और पैमाइश का काम शुरू किया नगर निवासी शमसुलहक पुत्र सिराजुल हक का



आरोप था की नगर में भूड़ मंदिर के सामने शरद चांडक द्वारा प्लाटिंग की जा रही है जिसके पास गाटा संख्या 227 में सी हददा लगा हुआ था उसे विपक्षी गणों ने उखाड़ कर फेंक दिया और उसमें रास्ता बनाने का प्रयास शुरू कर दिया तीन गांव की सीमा को निर्धारित करने के लिए लगाया गया हददा उखाड़ने की शिकायत उन्होंने पूर्व में की थी। जिस पर अक्टूबर माह में तहसीलदार एवं क्षेत्रिय लेखपालों द्वारा पैमाइश करने के उपरांत हददा लगवाया गया लेकिन विपक्षी गणों ने उसे दोवारा उखाड़ कर फेंक दिया और अवैध रास्ता निकालने का प्रयास किया। विरोध करने पर विपक्षी गण फौजदारी आमादा हो गए। पीड़ित ने जिला अधिकारी से गाटा संख्या 227 की सीमा का निर्धारण पुनः कराने की मांग उठाई, हददा उखाडकर ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई और कहा कि नक्शानजरी मौके के अनुसार जो दर्शाई गई है वह गलत है उसको दुरुस्त किया जाए जिलाधिकारी ने इस मामले में चकबंदी और राजस्व विभाग की टीम गठित कर पैमाइश करने के निर्देश दिए। आज गठित टीम मौके पर पैमाइश करने के लिए पहुंची एसडीएम संत दास पवार ने भी मौके पर जाकर पूरे मामले का निरीक्षण किया और निष्पक्ष पैमाइश किए जाने के निर्देश दिए। समाचार लिखे जाने तक पैमाइश की जा रही थी।

# भाजपा महिला मोर्चा ने एआई समिट में कांग्रेस सांसदों के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, महानगर मुरादाबाद की ओर से हाल ही में आयोजित एआई समिट के दौरान कांग्रेस सांसदों द्वारा कथित रूप से किए गए विरोध प्रदर्शन को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया है। इस संबंध में महिला मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसदों ने लोकतांत्रिक मंच पर अमर्यादित आचरण किया, जिससे संसद की गरिमा और देश की महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उनका कहना है कि इस प्रकार का व्यवहार न केवल संसदीय परंपराओं के विरुद्ध है, बल्कि इससे देश-विदेश में भारत की छवि भी प्रभावित होती है। महिला मोर्चा ने इसे असंवैधानिक और अशोभनीय बताते हुए घटना की घोर निंदा की।ज्ञापन में मांग की गई है कि संबंधित कांग्रेस सां. सदों और कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषी सांसदों को लोकसभा की आगामी अवधि तक निष्कासित करने तथा उनकी सांसद निधि पर रोक लगाने की भी मांग की गई है।

महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है और उसकी गरिमा बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है।

# वेद मंत्रों और औषधीय पदार्थों से युक्त सामग्री से होगा होलिका दहनः रमेश आर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आदर्श होली कमेटी जी ब्लाक कांशीराम नगर की एक आवश्यक बैठक आज एकादशी और होली हो व्यवस्थित रूप से मनाने के संबंध में की गयी। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष गुलफाम सिंह यादव ने की।

बैठक में तीन ब्लाकों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए । बैठक में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षों का अधिक कटान न हो, जगह जगह होलिका दहन होने से सड़क क्षतिग्रस्त न हो और अपव्यय भी अधिक न हो, इस दृष्टि से एक ही स्थान पर होलिका दहन करने पर सहमति बनी। होलिका स्थल पर पर्याप्त मात्रा में रेत बिछाने की व्यवस्था हुई ताकि सड़क क्षतिग्रस्त न हो और यह भी व्यवस्था की गयी कि होलिका स्थल पर पर्याप्त स्वच्छता और रोशनी रहे । व्यवस्थाओं को पूर्ण करने हेतु दायित्व भी सौंपे गये। एकादशी के दिन शोक संतिप्त



परिवारों में एक साथ जाकर संवे. दना व्यक्त करने और दिवंगत की आत्मा को शांति व सद्गति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करने का समय निर्धारित किया गया। होली को गाय के गोबर से बने उपलों से बनाने, औषधीय पदार्थों से बनी सामग्री से वेद मंत्रों की सहायता से आहुति दे कर दहन करने पर सहमति बनायी गयी। होलिका दहन के अगले दिन ब्लाकों में चौपई निकालकर घर घर जाकर होली मिलन करके समरसता का संदेश दिये जाने का वातावरण बनाकर समाज में अच्छी परम्पराओं को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। बैठक में रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा फूल सिंह, विवेक कुमार, प्रकाश वीर आर्य, जगदीश प्रसाद सागर एडवोकेट, विपिन चौहान सुंदर लाल यश गर्ग संदीप चौधरी, राज. कुमार सैनी अमित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

**अति आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अक्षय कुमार एवं उसकी पत्नि प्रकृति उर्फ शालिनी से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। मैं इन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

**डा0 ऐ. के. गुप्ता पुत्र स्व. हरीशचन्द्र निवासी रामगंगा बिहार, जिला मुरादाबाद।**

# संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर के पंखे से लटका मिला घर में ही युवक का शव





**कुंदरकी।** मंगलवार की सुबह कुंदरकी नगर में एक युवक का सब घर में ही दूसरी मंजिल के कमरे में छत के पंखे से लटका मिला मृतक अली मोहम्मद 23 वर्ष पुत्र अख्तर अली निवासी मोहल्ला नुरुल्लाह कस्बा कुंदरकी चौकी के सामने वाली गली मृतक की मां नसीम जहां ने बताया कि उसका बेटा सोमवार की रात समय करीब 8:00 बजे शराब के नशे में घर आया था और आकर अपने कमरे में सो गया जब मंगलवार की सुबह 10:00 बजे तक नहीं उठा तब कमरे में जाकर देखा तो कमरा अंदर से बंद था कमरे का गेट तोड़कर जब अंदर देखा तो बेटा छठ के पंखे से झटका हुआ था पुलिस को सूचना मिली मौके पर जाकर देखा तो युवक लटका हुआ था युवक की मौत हो चुकी थी बताया जा रहा है कि अख्तर अली की पहली पत्नी हाजरा बेगम की मौत हो चुकी थी जिससे चार बच्चे थे इरफान एहसान वसीम नईम जो मझौली में रहते थे लगभग 20/22 वर्ष पूर्व अख्तर अली ने दुसरी शादी नसीम जहां से की थी जो मझौली से आकर कुंदरकी रह रहे थे नसीम जहां के साथ मृतक अली मोहम्मद आया था. बताया जा रहा है कि अली मोहम्मद मजदूरी करता था और इलेक्ट्रिशियन का काम भी करता था सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक अली मोहम्मद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## मंगलवार को 21 ने छोड़ी परीक्षा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** परीक्षा केदो पर मंगलवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई स पहली पारी में हाई स्कूल कृषि वनस्पति विज्ञान का पेपर था इसमें तीन विद्यार्थी अनुपस्थित रहे स दूसरा पेपर कृषि अर्थशास्त्र का था।

इसमें सभी विद्यार्थी उपस्थित रहेस दूसरी पारी में इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र का पेपर था इसमें 407 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 389 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 18 अनुपस्थित रहे स दोनों पारियों में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे स नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने बताया कि मंगलवार को दोनों पारियों में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन, 3500 से अधिक युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत मंगलवार को शहर के कांठ रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 51 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया और 3500 से अधिक बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। सुबह से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पंजीकरण काउंटरों पर पहुंचे। विभिन्न कंपनियों द्वारा लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और कौशल परीक्षण के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी की गई। चयनित अभ्यर्थियों को मंच से नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने सरकार तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बाहर पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक युवाओं को निजी एवं औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए।मेले में विभिन्न क्षेत्रों जैसे मैन्युफैक्चरिंग, सेल्स, मार्केटिंग, टेक्निकल और सर्विस सेक्टर की कंपनियों ने प्रतिभाग किया। जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की गईं।अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके।



## एक नजर

### नगर निगम बोर्ड की बैठक में हंगामे के बीच 11 अरब रुपये का विकास प्रस्ताव हुआ पारित



मुरादाबाद। शहर के टाउन हॉल स्थित नगर निगम सभागार में नगर निगम बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर विनोद अग्रवाल ने की। बैठक के दौरान शहर के विकास कार्यों से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की शुरुआत सामान्य कार्यसूची के साथ हुई, लेकिन जैसे ही वित्तीय और विकास से जुड़े बड़े प्रस्तावों पर चर्चा प्रारंभ हुई, सदन का माहौल गर्म हो गया। कुछ पार्षदों ने प्रस्तावों की पारदर्शिता, प्राथमिकता और बजट आवंटन को लेकर सवाल उठाए, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। स्थिति कुछ समय के लिए हंगामे में भी बदल गई, हालांकि महापौर ने हस्तक्षेप कर सभी को शांत कराया और कार्यवाही को आगे बढ़ाया।बैठक में सब समिति की ओर से प्रस्तुत लगभग 11 अरब रुपये के विकास प्रस्ताव को बहुमत से पारित कर दिया गया। इस प्रस्ताव में शहर की सड़कों के सुदृढ़ीकरण, जल निकासी व्यवस्था के सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के आधुनिकीकरण, स्वच्छता संसाधनों के विस्तार तथा नए सामुदायिक केंद्रों के निर्माण जैसी योजनाएं शामिल हैं। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि यह बजट शहर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। वहीं, विपक्षी पार्षदों ने कुछ योजनाओं पर पुनर्विचार की मांग करते हुए निगरानी तंत्र को मजबूत करने की बात कही।हंगामे और तीखी बहस के बीच अंततः प्रस्ताव पारित हो गया, जिससे आने वाले समय में शहर में बड़े स्तर पर विकास कार्यों के शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को लेकर कुन्दरकी में जागरूकता शिविर आयोजित

**कुन्दरकी।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोदय के दिशा-निर्देशन एवं श्रीमती तपस्या त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के आद. शानुसार आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में साम. दायिक केंद्र कुन्दरकी, तहसील बिलारी, जनपद मुरादाबाद में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं वक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने की जानकारी दी। साथ ही "बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान के तहत बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सक सौरभ बरतरिया, ए.आर.ओ. राधे पाल, डॉ. मनोज आर्य तथा पराविधिक स्वयंसेवक रिंकी, अदनान हुसैन, आमिर खान एवं उमा भारती मौजूद रहे। उपस्थित लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु भागीदारी की अपील की गई।



### दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में 'नशा मुक्ति दिवस' पर जागरूकता रैली व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में मंगलवार को प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस को 'नशा मुक्ति दिवस' के रूप में मनाया गया। 'कौशल विकास हेतु युवा' थीम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय से बांग्ला गांव तक जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेविकाओं ने "नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो" और "नशा मुक्त समाज बनाएं, खुशहाल जीवन अपनाएं" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से मुख्य वक्ता के रूप में रोहित शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि नशा मानसिक संतुलन को बिगाड़ने के साथ अपराध और हिंसा को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने 'नशा मुक्त भारत अभियान' (15 अगस्त 2020) तथा सरकारी अस्पतालों में स्थापित 25 एटीएफ केंद्रों की जानकारी भी दी।द्वितीय सत्र में 'नशा मुक्त भारत' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

सैनी बस्ती व जाटव बस्ती में जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रतियोगिता में करीना नाज प्रथम, अरीबा द्वितीय और नूरेन नाज तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का समापन लक्ष्य गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह व श्रीमती विदुषी यादव उपस्थित रहे।

## वृद्ध आश्रम संचालक रोहन देव सामाजिक को 'आईकॉन अवार्ड'

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव ग्वार खेड़ा स्थित एक वृद्ध आश्रम का संचालन कर रहे युवा समाजसेवी रोहन देव सामाजिक को 'आईकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। आयोज. कों के अनुसार, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप निदेशक अंकित कुमार गौड़, विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी तथा वैज्ञानिक डॉ. दीपक दत्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया, जिनमें सामाजिक क्षेत्र के कार्यों के लिए रोहन देव सामा. जिक को भी शामिल किया गया। बताया गया कि रोहन देव सामाजिक पिछले कुछ समय से ग्वार खेड़ा गांव में संचालित वृद्ध आश्रम से जुड़े हैं, जहां बुजुर्गों के रहने, भोजन और देखभाल की व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम के दौरान उनके इस कार्य का उल्लेख करते हुए उन्हें 'आईकॉन अवार्ड' प्रदान किया गया। आयोजन में जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।



# सिविल लाइंस इलाके में खंडहर में पेंटर का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**मुरादाबाद।** शहर के थाना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत गैलेक्सी अपार्टमेंट के पास स्थित एक खंडहरनुमा बिल्डिंग में मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।मृतक की पहचान नया गांव पीएसी निवासी 25 वर्षीय हामिद हसन पुत्र मोहम्मद शाकिर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार हामिद हसन पेंटर का काम करता था। स्थानीय लोगों ने खंडहरनुमा इमारत में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद थाना सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची।घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह भी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।प्राथमिक जांच में पुलिस को आशंका है कि जिस खंडहरनुमा बिल्डिंग में शव मिला है, वह नशेड़ियों का अड्डा प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का वर्कआउट किया जाएगा।

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।





# राज्य मंत्री गुलाब देवी ने बिलारी में चार परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र की दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान क्षेत्र के चार परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो सभी स्थानों पर संतोषजनक पाई गईं। राज्य मंत्री सबसे पहले शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज पहुंचीं, जहां पंजीकृत सभी 15 छात्राएं उपस्थित मिलीं। यहां केंद्र व्यवस्थापक सुनीता राठौर, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक मोना अग्रवाल तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में लोक निर्माण विभाग के जेई सुभाष चंद्र मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने राम रतन इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया, जहां 18 में से दो परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। यहां केंद्र व्यवस्थापक रामकिशन, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक रमेश चंद्र श्रोत्रिय और स्टेटिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार तैनात मिले। इसके उपरांत पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थाएं देखीं। यहां सभी तीन परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए और केंद्र व्यवस्थापक रघुपति देव मौजूद रहे। अंत में डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान 20 में से चार परीक्षार्थी अनुपस्थित मिले। यहां सीसीटीवी व्यवस्था सहित अन्य प्रबंध संतोषजनक पाए गए। केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार ड्यूटी पर मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनके लिए 8,033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष परीक्षाएं कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर परीक्षा वातावरण के लिए प्रदेश सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था सराहनीय है।

इस दौरान तहसीलदार अंकित गिरी,जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे बबीता मल्होत्रा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## सीएचसी का मंडल व जनपद स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप मिलीं

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी का मंडल एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. राजपाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। निरीक्षण दल में डॉ. अमित सिंह (जॉइंट डायरेक्टर), वेद प्रकाश (एडी आरओ लखनऊ), रघुवीर सिंह (जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुरादाबाद), देवेंद्र सिंह (मंडल डाटा एनालिसिस ऑफिसर) तथा प्रशांत कुमार (मंडल क्वालिटी कंसल्टेंट) शामिल रहे। टीम ने महिला अस्पताल, एसएनसीयू, लेबर रूम, इमरजेंसी सेवाओं, वार्ड, लैब तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, चिकित्सा सुविधाओं और स्टाफ की कार्यप्रणाली का भी परीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गईं। निरीक्षण के दौरान टीम ने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से विभिन्न बिंदुओं पर सवाल-जवाब भी किए, जिनका स्टाफ द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस से संबंधित व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया, जो संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के समय डॉ. श्वेतांबरी त्यागी, डॉ. रेशम बाजाहत, बीपीएम चंचल सिंह आजाद, चीफ फार्मासिस्ट धनंजय कठेत, वीरेंद्र सिंह, अमित कुमार सहित समस्त स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसबीएम) में फैकल्टी मैम्बर्स के लिए ''फ्रॉम कांसेप्ट टू मार्केट: पेटेंट्स, रिसर्च लीवरेजिंग एण्ड इनोवेशन मैनेजमेंट'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि केवल रिसर्च पेपर प्रकाशित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस रिसर्च का समाज के लिए उपयोगी होना भी जरूरी है। उन्होंने अपने आईडिया की नवीनता की जाँच करने के तरीके एवं पेटेंट फाइलिंग की प्रक्रिया समझाते हुए इंडस्ट्री की समस्याओं को सुलझाने में एकेडमिक रिसर्च का उपयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एकेडमिक रिसर्च को कमर्शियल प्रोडक्ट में बदलने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व को समझाना रहा। उन्होंने 'इनोवेशन मैनेजमेंट' को आज के दौर में एक महत्वपूर्ण कौशल बताया व शोधकर्ताओं को एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे कि साधारण 'कांसेप्ट' को एक सफल 'मार्केट प्रोडक्ट' में बदला जा सके। कार्यशाला का संचालन सह संयोजक व स्कूल के शिक्षक श्री अक्षय शर्मा ने किया। कार्यशाला का आयोजन कार्यक्रम की संयोजिका व स्कूल की शिक्षिका डॉ. आरती गर्ग ने किया। अंत में एक प्रश्न-उत्तर सत्र का भी आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने कॉपीराइट और पेटेंट के अंतर पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान विश्व. विद्यालय के सभी स्कूलों के 40 से अधिक प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे।

## गोदनामा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र हमजा उम्र 9 वर्ष को अपनी सगी बहन गुलअफशा पत्नी नौशाद को अपनी मर्जी से गोद दे दिया है, अब भविष्य में मेरा व मेरे पति का हमजा से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **गुलिस्ता पत्नी फरमान एवं फरमान पुत्र सलमान निवासी जयंतीपुर करूला, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रामूवाला शेखू वि० खं०-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 24.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रामूवाला शेखू में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने है। कार्यो की सामग्री आपूर्ति की सीलबंद निविदा दिनांक 12.03.2026 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन समय 4.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा सामग्री विवरण | सामग्री प्राक्लन लागत ( रूपये में ) | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शहबाजपुर मार्ग से प्रेम सिंह के घर तक सीसी टाईल्स / नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, ईट, सीसी टाईल्स आदि। | 474008.14 | 9481 | 500/- | 3 माह |
| 2. | शहबाजपुर मार्ग से अनीस मियां/उस्मान अहमद के मकान तक सीसी टाईल्स/ नालीनिर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, ईट, सीसी टाईल्स आदि। | 325622.25 | 6513 | 500/- | 3 माह |

**अनुबंध/शर्ते**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रामूवाला शेखू**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ राजेश कुमार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

## शिक्षा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव: डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल

**चन्दौसी।** नगर के मोहल्ला सैमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 वीरेश कुमार (पार्थ हॉस्पिटल), राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह पाल व बृजेश सिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और बड़ी संख्या में अभिभावक, अतिथि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं काजल, वैष्णवी, नित्या और तान्या द्वारा मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'मेरे पापा........' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों की मासूम प्रस्तुति पर पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापिका जाह्नवी और मीरा द्वारा अत्यंत कुशलता के साथ किया गया।

इसके अंतर्गत कक्षा 03 के छात्र-छात्राओं ध्रुव, भानु और काव्या ने 'तारे जमीन पर.........' पर आधारित नाट्य प्रस्तुति देकर शिक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। वहीं एलकेजी के बच्चों ने 'बम-बम भोले' गीत पर भक्तिमय नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। कक्षा 06 की छात्राओं किरन और दिव्या ने 'बरसाने की छोटी.........' पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 08 की छात्राओं कनिष्का, आरोही और रिया ने 'छोटा बच्चा जान के........' गीत पर ऊर्जावान प्रस्तुति दी, जबकि छात्राओं पुष्पा, राधिका, प्रियांशी, माहिरा, महक एवं छात्र वेदांश ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी की सराहना प्राप्त की। इसी क्रम में कक्षा 06, 07 और 08 के छात्र-छात्राओं ने 'हम वक्त बदल देंगे.....' गीत पर प्रेरणादायक प्रस्तुति देकर आत्मविश्वास और देशभक्ति का संदेश दिया। अंश और संध्या ने 'राम आएंगे...........' गीत पर भक्तिमय प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापिका जाह्नवी और मीरा द्वारा देश की सुरक्षा और वीरता पर आधारित 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रस्तुति भी दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की तथा शिक्षकों के समर्पण और परिश्रम की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ0 वीरेश ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है और एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उनके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, इसलिए हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे की प्रथम गुरु उसकी माता होती है, जो उसे जीवन के प्रारंभिक संस्कार देती है। विद्यालय बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की महत्वपूर्ण पाठशाला है, जहां उनकी रुचि और जिज्ञासा को सही दिशा दी जाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईटीआई के प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को दिशा देने वाली सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। एक शिक्षित समाज ही मजबूत और विकसित राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे विद्यार्थियों की छिपी हुई क्षमताओं को पहचानकर उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

विद्यालय वह स्थान है, जहां बच्चों की सोच, प्रतिभा और व्यक्तित्व को सही मार्गदर्शन मिलता है। डॉ. पाल ने कहा कि विद्यालय का वातावरण बच्चों को सीखने, समझने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। शिक्षकों के मार्गदर्शन और सकारात्मक माहौल से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने सभी से शिक्षा के महत्व को समझने और शिक्षकों के योगदान का सम्मान करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को अनुशासन, शिक्षा और संस्कारों के प्रति जागरूक करें तथा मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रखें। उन्होंने विद्यालय के सतत विकास के लिए अभिभावकों से सहयोग और सुझाव देने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रबंधक एस.के. सक्सैना, प्रधानाचार्य राजेश कुमार, वर्षा गर्ग, अलका सक्सैना, प्रियंका गुप्ता, अनमोल, ज्योति शर्मा, आरती वार्ष्णेय, नंदिनी, संध्या, बेबी, साक्षी, मीरा कुमारी, पुनीत गर्ग, वाई.के. शर्मा, ममता, अलका, राजीव कुमार, ममता मौर्य, पूर्वी गर्ग, डिंपल, राधिका, आरती आदि शिक्षिक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।










**खेल विशेष**

## श्रीलंकाई स्पिनर व कीवी पावर का आज होगा मुकाबला

**कोलंबो, वार्ता।** क्या श्रीलंका का स्पिन जाल कोलंबो में न्यूजीलैंड की छक्के मारने वाली मशीन को फंसा पाएगा? बुधवार को आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 ग्रुप 2 मुकाबले से पहले यही सबसे बड़ा सवाल है। यह मुक.ाबला स्टाइल में एक दिलचस्प अंतर के तौर पर सामने आ रहा है। श्रीलंका की धीमी, स्पिन-हैवी स्ट्रैटेजी बनाम न्यूजीलैंड का निडर, बाउंड्री से भरा पावरप्ले अटैक। इंग्लैंड के खिलाफ बैटिंग की बुरी तरह नाकामी के बाद श्रीलंका दबाव में इस मैच में उतरेगा, जहां वे 147 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 95 रन पर आउट हो गए थे। फिर भी, हार के बाद भी, उनका स्पिन शस्त्रागार एक बार फिर सबसे अलग दिखा। डुनिथ वेल्लालेज के 26 रन देकर 3 और महेश थीक्षाना के 21 रन देकर 2 विकेट ने यह दिखा दिया कि मेजबान टीम को टूर्नामेंट की सबसे ताकतवर स्पिन यूनिट में से एक क्यों माना जाता है। कोलंबो की पिच पर, जो आमतौर पर मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और पकड़ बनाती है, श्रीलंका की उम्मीदें न्यूजीलैंड के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की उनकी काबिलियत पर टिकी हैं। इस वर्ल्ड कप में इस जगह पर पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 173 रहा है और पांच में से चार मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते हैं, ऐसे में बीच के ओवरों को कंट्रोल करना अहम साबित हो सकता है। हालांकि, न्यूजीलैंड अपने साथ टूर्नामेंट की सबसे जबरदस्त ओपनिंग पार्टनरशिप लेकर आया है। टिम सीफर्ट और फिन एलन ने जबरदस्त ताकत के साथ निडर इरादे का मेल किया है, और अब तक 15 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया है। उनकी आक्रामक शुरुआत ने अक्सर स्पिनरों के लय में आने से पहले ही विरोधी टीमों की योजनाओं को खत्म कर दिया।

# भारत-पाक की 14 जून को भिड़ंत

**जून व जुलाई में होगा विमेंस टी-20 विश्व कप, बांग्लादेश, नीदरलैंड, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया व भारत एक ग्रुप में**



**लंदन, वार्ता।** बांग्लादेश और नीदरलैंड्स को ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप 1 में रखा गया है, जबकि आयरलैंड और स्कॉटलैंड इस साल जून और जुलाई में होने वाले 2026 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में होस्ट इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज के साथ ग्रुप 2 में शामिल हुए हैं। शुरुआती हाइलाइट्स में 20 जून को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच शामिल है, यह पहली बार है जब दोनों टीमें इंग्लिश जमीन पर किसी वर्ल्ड कप, पुरुष या महिला, में भिड़ेंगी।

आयरलैंड और स्कॉटलैंड 13 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में एक ऑल-सेल्टिक मुकाबले में भी भिड़ेंगे। बांग्लादेश अपना कैंपेन 14 जून को एजबेस्टन में नीदरलैंड्स के खिलाफ शुरू करेगा। जो टूर्नामेंट में अपना डेब्यू कर रहे हैं - और फिर 17 जून को हेडिंग्ले में ऑस्ट्रेलिया और 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत का सामना करेगा। यह टूर्नामेंट 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स के अलग-अलग जगहों पर चलेगा। नीदरलैंड्स की कप्तान बैबेट डी लीडे ने कहा कि हमारे पहले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करना हमें बहुत गर्व और उत्साह से भर देता है। यह बहुत खास लगता है क्योंकि, कई मायनों में, यह हमारे लिए लगभग 'होम' वर्ल्ड कप है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे परिवार, दोस्त, फैंस और हर कोई जिसने इतने सालों में डच महिला क्रिकेट को सपोर्ट किया है, स्टैंड में नारंगी रंग का समंदर देखेगा। पहली बार उस स्टेज पर कदम रखना नीदरलैंड्स में महिला क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर होगा, और हमें उम्मीद है कि यह युवा डच खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित करेगा कि वे भी एक दिन एक सफल नेशनल टीम को रिप्रेजेंट कर सकते हैं। आईसीसी ने पहले ही फिक्स्चर जारी कर दिए थे, बाकी टीमों की पुष्टि होने तक, जिनकी जगहें अब फाइनल हो गई हैं, जब बांग्लादेश, आयरलैंड, नीदरलैंड्स और स्कॉटलैंड ने नेपाल में क्वालीफायर के जिरए आखिरी चार जगह पक्की कर लीं, जिससे 12 टीमों का फील्ड पूरा हो गया। ओपनिंग मैच 12 जून को एजबेस्टन में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। पिछले एडिशन के सेमीफाइनल के रीमैच में, न्यूजीलैंड 13 जून को साउथेम्प्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत करेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया उसी दिन मैनचेस्टर में 2024 के फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका से भिड़ेंगे। भारत का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान से होगा। लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत का मैच कॉम्पिटिशन का आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच होगा। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुं.चेंगी, जो 30 जून और 2 जुलाई को होंगे। जीतने वाली टीमें 5 जुलाई को लॉर्ड्स में टाइटल क्लैश के लिए भिड़ेंगी। होस्ट इंग्लैंड और 2024 एडिशन की टॉप पांच टीमें (ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज) ऑटोमैटिकली एडिशन के लिए क्वालिफाई हो गईं। पाकिस्तान और श्रीलंका, जो उस साल 21 अक्टूबर को आईसीसी रैंकिंग टेबल में अगली दो सबसे ऊंची रैंक वाली टीमें थीं, उन्होंने भी कट बनाया।

## बाएं घुटने में चोट लगने के बाद हरमनप्रीत मैदान से बाहर

● **ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय लग गई थी चोट**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को चोट लग गई है और वह मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में भारत के 214 रन के बचाव के दौरान फील्डिग करने नहीं जा सकीं। भारत की पारी के बाद बीसीसीआई के मीडिया बयान में कहा गया कि बल्लेबाजी करते समय उनके बाएं घुटने में चोट लग गई थी और मेडिकल टीम उनकी प्रोग्रेस पर नजर रख रही है। हरमनप्रीत की गैरमौजूदगी में उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भारत की कप्तानी की। यह साफ नहीं था कि हरमनप्रीत को चोट कब लगी, लेकिन भारत की पारी के 38वें ओवर के आखिर में, जब वह 67 गेंदों पर 40 रन बना रही थीं, तब उन्हें मैदान पर कुछ इलाज मिला। वह 44वें ओवर तक खेलती रहीं, इसके बाद वह 84 गें.दों पर 53 रन बनाकर आउट हो गईं, उन्होंने काश्वी गौतम के साथ 61 गेंदों पर 53 रन की साझेदारी की थी, जिन्होंने 44 गेंदों पर 43 रन बनाए और आखिरी बल्लेबाज बनीं। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में तीन चौके लगाए जबकि मंधाना ने 68 गेंदों पर 58 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया, जो पिछली टी-20 सीरीज 2-1 से हार गया था, पूरी वनडे सीरीज के लिए दो खास खिलाड़ियों के बिना है: एलिस पेरी और किम गार्थ, दोनों को पिछले टी-20 में चोट लग गई थी और अब वे वनडे के बाद खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए फिट होने की रेस में हैं। मेगन शट्ट, जो ओरिजिनल वनडे टीम का हिस्सा नहीं थीं, ग्य में आईं और उन्होंने भारत को कम स्कोर पर रो.कने में अपनी भूमिका निभाई, उन्होंने अपने नौ ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट लिए।

## पैट्रिक किप्सन ने एलेक्स डी मिनौर को चौंकाया

● **मैच के बाद किप्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है सब कुछ जरूरी थी, मुझे अच्छी सर्व करनी थी**

**मेक्सिको, वार्ता।** पैट्रिक किप्सन ने सोमवार को एबिएर्टो मेक्सिकनो टेलसेल के पहले राउंड में दूसरे सीड एलेक्स डी मिनौर को 6-1, 6-7(4), 7-6(4) से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

एटीपी टूर वेबसाइट के अनुसार, अमेरिकी क्वालीफायर ने 2024 में इंडियन वेल्स के बाद अपनी पहली टूर-लेवल जीत हासिल करने और अकापुल्को में दूसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए दो घंटे और 39 मिनट तक संघर्ष किया। मैच के बाद किप्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है। सब कुछ जरूरी था। मुझे अच्छी सर्व करनी थी। मुझे अच्छा रिटर्न करना था। मैंने अपना फोरहैंड बहुत जोरदार मारा। किस्मत से, मैं ए सब काफी देर तक कर पाया। डी मिनौर, जिन्होंने 2023 और 2024 में अकापुल्को का टाइटल जीता था, इस महीने की शुरुआत में रोटर्डम का क्राउन जीतने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। जब उन्होंने डिसाइडिग सेट में 5-4 से मैच के लिए सर्व किया, तो ऑस्ट्रेलियाई जीत के करीब थे, लेकिन किप्सन ने हिम्मत बनाए रखी और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया और उलटफेर पूरा किया। 26 साल के खिलाड़ी ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 71 परसेंट जीते और मैच के दौरान पांच में से तीन ब्रेक-पॉइंट मौकों को कन्वर्ट किया।

# रैंकिंग में भारत-ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं को फायदा



**दुबई, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमों ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी कड़ी टक्कर वाली सीरीज के बाद लेटेस्ट आईसीसी महिला टी-20 प्लेयर रैंकिंग में काफी बढ़त हासिल की है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, भारत की सीमर अरुंधति रेड्डी ने टी-20 बॉलर्स में करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की, जो सीरीज में आठ विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर रहीं।

उनकी टीममेट श्री चरणी भी आगे बढ़ीं और 11 स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में,

● **भारत की सीमर अरुंधति ने टी-20 बॉलर्स में करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की**

एनाबेल सदरलैंड बॉलिग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि एश्ले गार्डनर दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गईं। बॉलिग चार्ट में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की सादिया इक़बाल टॉप पर बनी हुई हैं। गार्डनर टी-20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। बैटिंग रैंकिंग में, ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल 26 पायदान की शानदार छलांग लगाकर 10वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि उनकी टीममेट फोएबे लिचफील्ड चार पायदान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गईं। इंडिया की बैटर जेमिमा रोड्रिग्स भी एक पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गईं। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी ओपनर बेथ मूनी ने टी-20 बैटिग रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी। इस बीच, साउथ अफ्रीका विमेंस क्रिकेट टीम, श्रीलंका विमेंस क्रिकेट टीम, वेस्ट इंडीज विमेंस क्रिकेट टीम और पाकिस्तान विमेंस क्रिकेट टीम के मैचों के बाद लेटेस्ट वनडे रैंकिंग में भी बदलाव देखा गया। साउथ अफ्रीका की सुने लुस वनडे बैटर्स में चार पायदान चढ़कर 30वें नंबर पर और ऑलराउंडर्स की लिस्ट में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर पहुंच गईं। उनकी टीममेट मारिजाने कैप वनडे ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में गार्डनर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गईं। स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा वनडे गेंदबा.जों में बराबर नौवें स्थान पर पहुंच गयीं, जबकि वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक चार स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं।

## भारत ने किया वॉशिंगटन सुंदर के चयन का बचाव

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मैच के टॉस के दौरान जब भारत की प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों के नाम बोले जा रहे थे तब पूरा स्टेडियम एक-एक नाम पर चीयर कर रहा था। हालांकि, जैसे ही लोगों को पता लगा कि उनके घरेलू स्टार अक्षर पटेल प्लेइंग 11 में नहीं हैं और उनकी जगह वाशिगटन सुंदर खेल रहे हैं तो लोग इस एक नाम पर निराश दिखाई दिए। नीदरलैंड्स के खिलाफ अक्षर को आराम देकर वॉशिंगटन को मौक़ा दिया गया था। भारत ने वॉशिंगटन के पूरी तरह फिट होने का इंतजार किया था और उनके किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की थी। हालांकि, इस बात की पूरी उम्मीद थी कि टीम के उप-कप्तान और शानदार फॉर्म में

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

**बेथ मूनी ने 79 गेंदों में पांच चोकों और दो छक्कों की मद्द से 76 रनों की विजयी पारी खेली**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** बेथ मूनी (76) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहले महिला वनडे में मंगलवार को एकतरफा अंदाज में 70 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

भारत को 48.3 में 214 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाने वाली जीत हासिल की। बेथ मूनी ने 79 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रन की मैच विजई पारी खेली। एलिसा हीली ने 70 गेंदों में 50 रन, एनाबेल सदरलैंड ने 44 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 48 तथा फीबी लिचफील्ड ने 32 रन बनाए। बेथ मूनी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। काफी बाउंस वाली पिच पर, इंडिया 48.3 ओवर में 214 रन पर आउट हो गया। वे ज्यादा पार्टनरशिप नहीं कर पाए, जिसमें सबसे बड़ी पार्टनरशिप हरमनप्रीत और काश्वी गौतम के बीच के बीच सातवें विकेट के लिए 53 रन की थी। काश्वी ने असल में बहुत अच्छी बैटिग की, स्वीप शॉट का बहुत अच्छे से इस्तेमाल करके टीम को 200 के पार पहुंचाया। लेकिन उस पार्टनरशिप और मंधाना की फिफ्टी के अलावा, इंडियन इनिंग्स से कुछ खास सीखने को नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने सीम और स्पिन दोनों में डिसिप्लिन में खेला, और उन्होंने वहां के बाउंस के साथ कंडीशन का मजा लिया। स्पिनर्स ने भी काफी टर्न लिया, खासकर अलाना किग ने तो कमाल ही कर दिया। मंधाना ने 68 गेंदों में सात चौकों की मदद से 58 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत ने 84 गेंदों में तीन चौकों के सहारे 53 रन बनाए। काशवी गौतम ने 44 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों के सहारे 43 रन का योगदान दिया। ऋचा घोष ने 38 गेंदों में 23 रन बनाए।

## हुबली स्टेडियम के स्टैंड को मिला सुनील जोशी का नाम

**हुबली, वार्ता।** मंगलवार को हुबली के केएससीए स्टेडियम में भारत के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी के नाम पर एक स्टैंड का नाम रखना कोई रस्मी सम्मान कम और धैर्य, अनुशासन और शांत उत्कृष्टता पर बनी क्रिकेट यात्रा की झलक ज्यादा थी - यह कहानी कर्नाटक के क्रिकेट के गढ़ से शुरू हुई और बाद में पूरी हुई जब पूर्व स्पिनर को खिलाड़ी और मेंटर दोनों के रूप में सम्मानित किया गया। जोशी की क्रिकेट की जड़ें गडग और हुबली जैसी जगहों पर बनीं, जहां शुरुआती क्रिकेटिग प्रभावों ने एक युवा स्पिनर को बनाने में मदद की, जो बाद में कर्नाटक के घरेलू ढांचे से आगे बढ़ा और फिर इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई। उनका करियर एक ऐसे क्रिकेटर की दुर्लभ तरक्की को दिखाता है जो तकनीकी सटीकता, निरंतरता और मानसिक ताकत से सफल हुआ, और बाद में खुद को आने वाली पीढ़ियों के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए समर्पित कर दिया। अपने खेल करियर के दौरान, जोशी भारत के भरोसेमंद स्पिन गेंदबाजों में से एक बन गए। उन्होंने 1996 से 2001 के बीच 15 टेस्ट मैचों और 69 वनडे इंटरनेशनल मैचों में देश को रिप्रेजेंट किया और सभी फॉर्मेट में 100 से ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लिए। उनकी बॉलिग की खासियत थी सटीकता, हल्का वेरिएशन और सबकॉन्टिनेंटल पिचों पर टर्न दिलाने की काबिलियत, साथ ही उन्होंने प्रेशर सिचुएशन में निचले क्रम में उपयोगी रन भी बनाए। अपने खेलने के दिनों के अलावा, जोशी का भारतीय क्रिकेट में योगदान कोचिग और टैलेंट डेवलपमेंट के जिरए जारी रहा। वह आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 के दौरान बॉलिंग कोच के तौर पर भारत के विजई सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा थे।

# फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे दूसरे राउंड में



● **पिछले साल रनर-अपर रहे ऑगर-अलियासिमे इस साल के एडिशन में एक कदम और बेहतर करने का लक्ष्य बना रहे हैं**

**दुबई, वार्ता।** फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में जीत के साथ वापसी की, सोमवार को चीन के झांग झिझेन को 6-3, 7-6(4) से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। एटीपी स्टैंडिंग में अभी 8वें नंबर पर मौजूद टॉप सीडेड कनाडाई खिलाड़ी को एटीपी 500 इवेंट के अपने पहले मैच में सीधे सेटों में जीत पक्की करने के लिए छह मैच पॉइंट्स की जरूरत थी।

एटीपी टूर वेबसाइट के मुता.बिक, पिछले साल रनर-अप रहे ऑगर-अलियासिमे इस साल के एडिशन में एक कदम और बेहतर करने का लक्ष्य बना रहे हैं। मैच के बाद ऑगर-अलियासिमे ने कहा कि मैंने एक पॉइंट पर गिनती करना बंद कर दिया( यह बहुत फ्रस्ट्रेटिंग हो रहा था। मैच पॉइंट्स होना वह पोजीशन है जिसमें आप एक खिलाड़ी के तौर पर रहना चाहते हैं, लेकिन यह अजीब है कि दिमाग आपके साथ कैसे चालें चलता है। 25 साल के इस खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में ही रिटायरमेंट ले लिया था, लेकिन तब से उन्होंने अच्छी फॉर्म हासिल कर ली है।

उन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में से नौ जीते हैं, जिसमें मोंटपेलियर में एक टाइटल और रोटर्डम में रनर-अप फिनिश शामिल है।

ऑगर-अलियासिमे ने झांग के खिलाफ मिले सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए और पहले पांच मौके गंवाने के बाद आखिरकार टाई-ब्रेक में मैच जीत लिया। अब उनका सामना फ्रांस के जियोवानी मपेट्शी पेरीकार्ड से होगा, जिन्होंने ट्यूनीशिया के मोएज इचारगुई को तीन सेट में हराया। एक और पहले राउंड के मैच में, ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस पर 7-6(8), 6-3 से जीत के साथ चोट से वापसी की। ड्रेपर, जो पिछले साल के US ओपन के बाद से बाहर थे।

# जब हम खेलेंगे तो NRR मायने रखेगा : पार्थिव



● **भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में अहमदाबाद में 76 रन से हार का सामना करना पड़ा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर 8 मैच में अहमदाबाद में 76 रन से हार का सामना करना पड़ा।

जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट पार्थिव पटेल ने भारत की हार, पावरप्ले में उनकी बैटिंग को लेकर चिंताओं और जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले मैच के लिए प्लेइंग ग्य में संभावित बदलावों का विश्लेषण किया। पार्थिव पटेल ने भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की जीत पर कहा कि 12 मैचों की जीत का सिलसिला पक्का खत्म हो गया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने बेहतर क्रिकेट खेला। मुझे लगा कि उन्होंने बहुत अच्छे से प्लान बनाया था और अपनी स्ट्रेटेजी को बहुत अच्छे से एग्जीक्यूट किया। हालांकि, हार का मार्जिन काफी है, और नेट रन-रेट निश्चित रूप से तब काम आएगा जब हम 1 मार्च को कोलकाता में वेस्ट इंडीज का सामना करने जाएंगे। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बड़ी जीत है, और यह सभी मुश्किलों के बावजूद मिली, यह देखते हुए कि इंडियन टीम जिस तरह से खेल रही थी। आपको दक्षिण अफ्रीका को क्रेडिट देना होगा। हां, उन्हें कुछ समय के लिए अहमदाबाद में खेलने का फायदा मिला, लेकिन यह हमारा घर है। जाहिर है, भारतीय टीम वापस जाकर यह देखना चाहेगी कि क्या उन्होंने चीजों को सिपल रखने के बजाय उन्हें कॉम्प्लिकेटेड बना दिया था। पावरप्ले में भारत को जरूरी शुरुआत नहीं मिलने पर पार्थिव पटेल ने कहा कि सिर्फ इस गेम में ही नहीं, बल्कि नामीबिया या अमेरिका और पाकिस्तान के ख लिाफ भी, हालांकि वह बैटिंग के लिए मुश्किल विकेट था, लेकिन जल्दी विकेट खोना भारत के लिए चिंता की बात रही है। जिस तरह से भारत ने पावरप्ले में विकेट खोए हैं, खासकर ऑफ-स्पिनरों के ख लिाफ, वह चिंता की बात है। इस बार यह मार्करम के लिए था। वे बहुत ज्यादा शॉट खेल रहे हैं, एंगल के ख लिाफ जा रहे हैं। शायद वे बैटिग ऑर्डर में थोड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं, खासकर टॉप पर तीन लेफ्ट-हैंडर होने पर। वे सूर्यकुमार को नंबर तीन पर भेज सकते थे। मुझे लगा कि भारत इस गेम में ऐसा कर सकता था। जब आप हाई-रिस्क, हाई-रिवॉर्ड वाला गेम खेलते हैं, तो ऐसे दिन आना तय है। पटेल ने संजू सैमसन की प्लेइंग इलेविन में वापसी पर कहा कि मैं अक्षर पटेल को टीम में वापस आते देखना चाहूंगा। उन्होंने पहले भी अहम पारियां खेली हैं। हां, मैच-अप की भी अहमियत है, लेकिन मैं अक्षर पटेल को जरूर लाऊंगा। संजू सैमसन का भी सवाल है। चेन्नई में अब उनकी घर वापसी भी हो सकती है। यह कुछ ऐसा है जिस पर भारत जरूर विचार करेगा।

## सुमित नागल ने बाजी मारी, दूसरे दौर में पहुंचे

**पुणे, वार्ता।** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस स्टार सुमित नागल ने मंगलवार को शिव छत्रपति क्रीड़ा संकुल, म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस स्टेडियम में शानदार परफ़ॉर्मेंस दी, जबकि लोकल टीनेजर और देश के उभरते हुए युवा खिलाड़ी मानस धमने ने हिम्मत दिखाते हुए भारतीय टीम को लीड किया। महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 मेन्स टेनिस चैंपियनशिप को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन ने महाराष्ट्र सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग, के साथ मिलकर ऑर्गनाइज़ किया है और पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इसे स्पॉन्सर किया है। नागल ने जापान के सातवें सीड रियो नोगुची पर 6-1, 6-2 से शानदार जीत हासिल करके घर में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने एक घंटे 9 मिनट में बेसलाइन से खेल पर कंट्रोल करते हुए सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। भारतीय नंबर 1 खिलाड़ी हर डिपार्टमेंट में तेज़ दिखे, लगातार सर्विस तोड़ते हुए आराम से दूसरे राउंड में पहुंचे।

## जिम्बाब्वे-विंडीज टी-20 विश्व कप में ट्रॉफी वॉक को मिला समर्थन

● **इस वॉक ने खेल की शक्ति को बच्चों को प्रेरित करने और उनकी आवाज को वैश्विक मंच पर बुलंद करने पर प्रकाश डाला**

**मुंबई, वार्ता।** यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री ने दो युवा खेल चैंपियंस - 13 वर्षीय आयुष नरसिंहलाल राम और 12 वर्षीय रिया देव नारायण त्रिपाठी (मुंबई) - के साथ सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे-वेस्ट इंडीज आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप मैच की शुरुआत में औपचारिक ट्रॉफी वॉक में भाग लिया।

इस वॉक ने खेल की शक्ति को बच्चों को प्रेरित करने और उनकी आवाज को वैश्विक मंच पर बुलंद करने पर प्रकाश डाला। यूनिसेफ और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2015 से क्रिकेट फॉर गुड पहल के तहत मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि क्रिकेट की पहुंच का उपयोग बच्चों के अधिकारों और कल्याण को समर्थन देने में किया जा सके। मौके पर बोलते हुए मैककैफ्री ने कहा कि यूनिसेफ और आईसीसी 'क्रिकेट फॉर गुड' साझेदारी के तहत बच्चों के लिए सकारात्मक बदलाव लाने की गहरी प्रतिब( ता साझा करते हैं। पिछले एक दशक में हमारी साझेदारी ने लाखों लोगों तक पहुंच बनाई है। इस वर्ष हम एक सशक्त संदेश 'चीयर फॉर चिल्ड्रन' पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि हर बच्चे के खेलने के अधिकार को बढ़ावा दिया जा सके। यह बच्चों के लिए वास्तव में एक विशेष क्षण है, जब वे क्रिकेट चैंपियंस के साथ बातचीत करते हैं।

## विंडीज की टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड जीत के बाद फोकस करने की अपील

**अहमदाबाद, वार्ता।** विंडीज पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान शाई होप ने अपनी टीम से टी-20 वर्ल्ड कप सुपर आठ स्टेज में जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम पर 107 रन से जीत हासिल करने वाली रिकॉर्ड-तोड़ बैटिंग के बावजूद मैदान पर डटे रहने की अपील की। वेस्टइंडीज ने 254/6 का स्कोर बनाया, जो पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में उनका सबसे बड़ा टोटल था, और श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम के 260/6 के ऑल-टाइम टूर्नामेंट रिकॉर्ड से सिर्फ छह रन पीछे रह गया। शिमरा.ॅन हेटमायर की जबरदस्त पारी ने पारी को संभाला, जिन्होंने सिर्फ 34 गेंदों पर 85 रन बनाए, जिसमें 19 गेंदों में एक तेज हाफ सेंचुरी भी शामिल थी, जिससे कैरेबियाई टीम ने जिम्बाब्वे को हरा दिया। वेस्टइंडीज के स्पिन अटैक ने फिर बैटिग की कोशिशों को शानदार बॉलिग परफॉर्मेंस से सपोर्ट किया।

# सुपारी देकर कराई गई थी महिला नन्हीं की हत्या, पन्द्रह वर्षों से जिस प्लॉट की रही थी चौकीदारी वही मिली मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र स्थित समृद्धि विहार कॉलोनी में प्लॉट की चौकीदारी कर रही 55 वर्षीय महिला नन्हीं की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद भाग रहे एक हमलावर को परिजनों और स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए।बताया गया कि नन्हीं पिछले करीब 15 वर्षों से समृद्धि विहार से सटे एक प्लॉट की देखरेख कर रही थीं। सोमवार को इफ्तारी के बाद वह अपने पोते, धेवते और धेवती के साथ प्लॉट के कोने में बने आवास के बाहर बैठी थीं। तभी हमलावर घर में घुस आए और गोली मारकर वारदात को अंजाम दिया। बच्चों के अनुसार हमलावर घर में रखी नकदी भी साथ ले गए।महिला के बेटे महबूब ने शोर सुनकर एक आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान सानिब के रूप में हुई है, जो भगतपुर क्षेत्र के उदमावाला गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में उसने खुद को बीफार्मा का छात्र



बताया है। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपी भी छात्र बताए जा रहे हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि हत्या के पीछे प्लॉट पर कब्जे को लेकर चल रहा विवाद हो सकता है। सुपारी देकर हत्या कराए जाने की भी जांच की जा रही है।घटना की सूचना पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार आरोपियों की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं।पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओ लूट, रंजिश और जमीन विवाद को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा। कॉलोनी में घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक गंभीर घायल

**ठाकुरद्वारा।** कस्बा क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब एक डंपर ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला बेहडावाला निवासी 55 वर्षीय अमजद पुत्र नूर मोहम्मद रोज की तरह अपना ई-रिक्शा लेकर नगर की ओर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक पीछे से तेज गति से आए डंपर ने उनके ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अमजद सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बेलगाम दौड़ रहे भारी वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि कस्बा क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे राहगीरों और छोटे वाहनों के चालकों की जान खतरे में पड़ रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर किया कार्य

**कांठ( शाह टाइम्स )** वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों



पर टीईटी परीक्षा थोपे जाने के विरोध में शिक्षकों का गुस्सा फूट पड़ा है। राष्ट्रीय स्तर के संगठन टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले हजारों शिक्षकों ने आज दूसरे दिन मंगलवार को हाथों पर काली पट्टी बांधकर सरकार के इस निर्णय के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने कहा कि सरकार का पुराने शिक्षकों पर टीईटी थोपना पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अध्यादेश लाकर शिक्षकों को राहत प्रदान करनी चाहिए। ब्लाक कोषाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान ने कहा कि ब्लाक छजलैट से अधिकतम शिक्षक धरने में भाग लेंगे और अपने अधिकार की आवाज बुलंद करेंगे जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने कहा कि 26 फरवरी को ऐतिहासिक धरना कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रांगण में होगा।

शिक्षकों का तर्क है कि जो शिक्षक एक दशक से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, उन पर इस तरह की परीक्षाएं थोपना उनके अनुभव का अपमान है।

## टेट अनिवार्य के विरोध में शिक्षकों ने विद्यालयों काली पट्टी बांध जताया विरोध

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर प्रदेश भर के शिक्षक माननीय सुप्रीम कोर्ट के समस्त कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता का जो आदेश 1 सितंबर 2025 को आया है, उसके विरोध में मंगलवार को प्रदेश भर के शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए विरोध जाता रहे हैं। विकासखंड ठाकुरद्वारा के भी समस्त परिषदीय विद्यालय में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर टेट अनिवार्यता के नियम का विरोध लगातार किया जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह ने बताया कि मान्य सुप्रीम कोर्ट का फैसला आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व कार्य शिक्षकों पर भी लागू किया गया है ,जो शिक्षकों के हित में नहीं है। शिक्षक नरेश चंचल ने कहा कि खेल के नियम बीच में नहीं बदले जाते तो किस आधार पर आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व शिक्षकों पर टेट लागू किया गया है समझ से परे है। हम सरकार से यह मांग करते हैं कि अध्यादेश लाकर आरटीई एक्ट से पूर्व कार्यरत समस्त शिक्षकों को टीईटी की योग्यता से मुक्त किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में वीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, नीलू गहलोत, अर्पित चौहान, नरेंद्र कुमार चौहान, नरेश चंचल, त्रिवेंद्र कुमार, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, मनोज कुमार, आलोक वत्सल सहित विकासखंड के समस्त शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।




# कमाल अख्तर ने विधानसभा में उठाई खदरी क्षेत्र के लिए बिजली घर स्थापना की मांग

**कांठ( शाह टाइम्स )** सत्र के दौरान कांठ विधान सभा क्षेत्र के विधायक कमाल अख्तर ने खदरी क्षेत्र की गंभीर बिजली समस्या को सदन में प्रभावी ढंग से उठाते हुए कहा कि खदरी इलाके के अंतर्गत लगभग 70 से 80 गाँव आते हैं, जहाँ वर्षों से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था मांग के अनुरूप सुदृढ़ नहीं की गई है।



बढ़ती आबादी, कृषि कार्यों में विद्युत निर्भरता तथा घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शनों में लगातार वृद्धि के कारण मौजूदा बिजलीघर और लाइनें अत्यधिक ओवरलोड हो चुकी हैं, जिसके चलते क्षेत्रवासियों को बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और फाल्ट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, किसानों की सिंचाई प्रभावित होती है, छात्रों की पढ़ाई बाधित होती है और छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।उन्होंने स्पष्ट रूप से 33/11 केवी के नए बिजली घर की स्थापना की मांग करते हुए कहा कि यह केवल एक सुविधा नहीं बल्कि क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकता है, नया बिजलीघर स्थापित होने से लोड का विभाजन होगा, वोल्टेज की समस्या समाप्त होगी और ग्रामीण क्षेत्रों को स्थायी एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी, उन्होंने क्षेत्र के कुछ पुराने और कम क्षमता वाले बिजलीघरों की क्षमता वृद्धि का मुद्दा भी मजबूती से रखा, ताकि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र तकनीकी सर्वे कराकर स्वीकृति प्रदान की जाए, आवश्यक बजट जारी किया जाए और समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया जाए।

ताकि खदरी क्षेत्र के सभी 70-80 गाँवों को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिल सके और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त हो सके।

# तमंचों की नोंक पर किसान को बंधक बनाकर लाखों सपये कीमत की चार भैंसे अज्ञात चोर चोरी कर फरार, तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** बीती रात एक किसान को तमंचों की नोक पर मुंह में कपड़ा ठूस कर पशुशाला में बंधक बनाकर मारपीट करते कमरे में बंद कर अज्ञात पशु चोर लाखों रुपए कीमत की चार भैंसे चोरी कर फरार हो गए । पता उसे समय चला जब किसान का बेटा पशुओं को पशुशाला में चारा डालने गया । तब उसने अपने पिता को बंद कमरे से कुंडा खोलकर बाहर निकाला और उसके शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की । कोतवाली क्षेत्र के गांव पीलकपुर गुमानी निवासी महिपाल सिंह पुत्र सुखन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि घटना 22 फरवरी 2026 की रात्री करीब दो बजे की है। अज्ञात पशु चोर दीवार फांदकर पशु शाला में घुसे और तमंचों की नोक पर उसके मुंह में कपड़ा ठूस कर बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया।

उसके बाद अज्ञात चोर लाखों रुपए कीमत की दुधारू चार भैंसें खोल ले गए। महिपाल सिंह ने कहा कि परिवार के सदस्य गांव कमालपुरी मंडप में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वह घर पर अकेले थे। आरोप है कि बदमाशों ने घर में घुसते ही उन्हें दबोच लिया, मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और हाथ-पैर बांध दिए। विरोध करने पर मारपीट की गई और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाश आराम से चारों भैंसें खोलकर ले गए और जाते-जाते चेतावनी भी दे गए कि किसी को बताया तो अंजाम बुरा होगा। सुबह जब उनका पुत्र पशुओं को चारा डालने पहुंचा तो कमरे में बंधे पिता को देखकर होश उड़ गए। उन्हें मुक्त कराया गया, तब चार भैंसों के गायब होने की जानकारी हुई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गौरतलब है कि क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सवाल यह उठता है कि जब बदमाश दीवार फांदकर घर में घुसें, तमंचों के बल पर व्यक्ति को बंधक बनाएं, मारपीट करें और चार-चार भैंसें खोलकर ले जाएं, तो पुलिस की गश्त व्यवस्था और डायल 112 पुलिस जो रातों को सड़क किनारे खड़ी रहती है तो आखिर किस 'आराम' में थी? रात के सन्नाटे में चला यह 'ऑपरेशन भैंस' पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल खड़े कर रहा है। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इस 'भैंस प्रकरण' को गंभीरता से लेते हुए चोरों तक पहुंच पाती है या फिर यह मामला भी अन्य वारदातों की तरह फाइलों में ही बंधकर रह जाएगा।

## सदका ए फित्रा अदा करने में जल्दी करें: फिदा हुसैन अत्तारी

**कुंदरकी।** दावते इस्लामी इन्डिया के सदस्य फिदा हुसैन अत्तारी ने बताया किताबों में आया है, की सद्कघ ए फित्र के अदा किए बगैर रोजे जमीन और आसमां के बीच लटके रहते हैं। सद्का ए फित्र अदा करने में जल्दी करें, को. शिश करें 10 रमजान से पहले ही अदा कर दें, ताकघ्ि जिसे दे रहे हैं, वो ईद की तैयारी, कपड़े और अन्य चीजें वकघ्त पर खरीद सके। सबसे पहले अपने गरीब परेशान रिश्तेदार,पड़ोसी को देखें पहले यह ज्यादा हकदार हैं।



## अवैध टेंपो संचालन पर रोक लगाने की मांग, एसपी ट्रैफिक से शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में उत्तराखंड नंबर के अवैध सीएनजी टेंपो के संच. ालन को लेकर एसपी ट्रैफिक से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने अवैध रूप से संचालित हो रहे टेंपो पर तत्काल रोक लगाने और कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद की सीमा उत्तराखंड राज्य से सटी हुई है। आरोप है कि काशीपुर उत्तराखंड से यूपी-18 नंबर के सीएनजी टेंपो काफी समय से ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से संचा. लित हो रहे हैं। बताया गया है कि ऐसे टेंपो की संख्या 100 से अधिक है, जो बिना वैध परमिट के उत्तर प्रदेश सीमा में प्रवेश कर सवारियां ढो रहे हैं। शिकायत में कहा कि इन टेंपो का परमिट केवल नगर निगम काशीपुर तक सीमित है, जबकि वे ठाकुरद्वारा उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी संचालन कर रहे हैं। इससे प्रदेश सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। साथ ही इन वाहनों का फिटनेस और रजिस्ट्रेशन उत्तर प्रदेश का नहीं है। आरोप लगाया है कि टेंपो चालक क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर वाहन चलाते हैं और कई बार तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन संचालन करते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। मामले को लेकर पूर्व में भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। नगर निवासी इकराम पुत्र रफीक, ने एसपी ट्रैफिक से मांग की है कि अवैध रूप से संचालित टेंपो के खिलाफ ठोस कार्रवाई करते हुए उन्हें ठाकुरद्वारा क्षेत्र में प्रवेश करने से पूर्ण रूप से रोका जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और राजस्व हानि पर भी अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।



# टीएमयू का फिजिकल एजुकेशन कॉलेज फिर चैंपियन ऑफ द चैंपियंस

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट स्पोर्ट्स चौंपियनशिप-2026 में 90 अंकों के संग टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन ने प्रथम स्थान प्राप्त करके चौंपियन ऑफ द चौंपियंस का खिताब अपने नाम किया। तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर 52 अंकों के साथ द्वितीय और कॉलेज ऑफ सीसीएसआईटी 42 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने 11 गोल्ड, 02 सिल्वर और 02 ब्रांज मेडल्स अपनी झोली में किए। मेडिकल कॉलेज ने 07 गोल्ड, 02 सिल्वर और 05 ब्रांज मेडल्स, जबकि सीसीएसआईटी कॉलेज 02 गोल्ड, 09 सिल्वर और 05 ब्रांज मेडल्स अपने अपने किए। इसके अतिरिक्त कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने 25 अंक, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज ने 21 अंक, कॉलेज ऑफ फार्मेसी और कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट ने 16-16 अंक, कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग ने 8 अंक, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन ने 4 अंक, कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी ने 3 अंक, डेंटल कॉलेज एंड आरसी और कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस ने 1-1 अंक अर्जित किए। समापन सम्मान समारोह में वीसी प्रो. वीके जैन ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक औ प्रमाण पत्र प्रदान किए। चौंपियन ऑफ द चैंपियंस ट्रॉफी फिजिकल एजुकेशन को प्रदान की गई, जबकि परम्परागत नियमानुसार ट्रॉफी का औपचारिक हस्तांतरण मेडिकल कॉलेज को किया गया।




इस मौके पर डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। प्रो. वीके जैन ने कहा, खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। खिलाड़ियों ने यह सिद्ध किया है कि अनुशासन, परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

यह केवल पदक जीतने का अवसर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का मंच है। टीएमयू का उद्देश्य स्टुडेंट्स को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना है। खेल हमें हार और जीत दोनों को स्वीकार करना सिखाते हैं। जो आज विजेता हैं, उन्हें विनम्र बने रहना चाहिए, और जो पीछे रह गए हैं, उन्हें इसे प्रेरणा के रूप में लेकर और अधिक मेहनत करनी चाहिए। उल्लेखनीय है, इस चौंपियनशिप में कुल 14 संकायों/कॉलेजों की टीमों ने क्रिकेट( महिला एवम् पुरुष), फुटबॉल (पुरुष), वॉलीबॉल (पुरुष), बैडमिंटन, बास्केटबॉल (पुरुष एवम् महिला), कैरम (पुरुष), कबड्डी (पुरुष एवम् महिला), शतरंज (पुरुष एवम् महिला), टेबल टेनिस (पुरुष एवम् महिला), बेंच प्रेस और खो-खो (पुरुष एवम् महिला) सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लिया।

## एक नजर



### कैरियर मार्गदर्शन व परामर्श कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला की पंख पत्रिका 'लक्ष्य' का विमोचन

**कुंदरकी।** कैरियर मार्गदर्शन व परामर्श कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला की पंख पत्रिका 'लक्ष्य' का विमोचन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में किया गया। पंख पत्रिका लक्ष्य का विमा. `चन जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा , राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल तथा जिला समन्वयक डॉ सुनीता चौधरी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक जी ने पत्रिका की सराहना करते हुए कहा कि श्लक्ष्यश विषय पर केंद्रित यह पत्रिका विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाने और जीवन में उद्देश्य निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने टीम श्पंखश के प्रयासों को सराहा और कहा कि ऐसी पत्रिकाएं युवाओं की रचनात्मकता और वैचारिक शक्ति को निखारने का एक सशक्त माध्यम हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी कहा कि यह पत्रिका विद्यार्थियों को अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करने में सही दिशा प्रदान करेगी। यह पंख पत्रिका छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। पत्रिका संपादन में नोडल शिक्षिका रेणुका तथा प्रीति व कनिष्क लिपिक सुरजीत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एसडीएम ने किया स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



कांठ( शाह टाइम्स) एसडीएम संत दास पवार ने आज कासमपुर गढी समदगढ़ आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बतादें कि उप जिलाधिकारी को हर माह 5 विद्यालयों को निरीक्षण करना होता है जिसमें आज उन्होंने कासमपुर गढी समदगढ़ सहित प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया और साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में मानक के अनुरूप ही पढ़ाई कार्य होना चाहिए किसी किस्म के लापरवाही पर उन्होंने कार्रवाई की चेतावनी भी दी। हालांकि निरीक्षण के दौरान उन्होंने संतोष व्यक्त भी किया हैं

### आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की चैरिटेबल ट्रस्ट ने बुद्धि विहार में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**मुरादाबाद।** शहर के बुद्धि विहार क्षेत्र में चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट कार्यालय में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिसके तहत यह शिविर आयोजित किया गया।शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष अग्रवाल ने लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान मरीजों को आंखों की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में बुजुर्गों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों की भी जांच की गई।ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर में अध्ययनरत बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच भी कराई जाती है, ताकि उनके शारीरिक विकास और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा सके। इसी क्रम में शिविर के दौरान बच्चों को हाइजीन किट वितरित की गई। बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए रोजमर्रा की जिंदगी में साफ-सफाई अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय, राघव रस्तोगी, सनी सेठी, अर्पित शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

### सुरजन नगर पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक संपन्न सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और रमजान मनाने की अपील

**सुरजन नगर।** आगामी होली के पर्व और पवित्र माह-ए-रमजान को दृष्टिगत रखते हुए, सुरजन नगर पुलिस चौकी परिसर में एक महत्वपूर्ण शांति एवं अमन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना रहा।घ्बैठक की अध्यक्षता सीओ आशीष प्रताप सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और पीस कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया का संयम से उपयोग करें।घ्थाना प्रभारी मनोज परमार और एसएसआई बृजेंद्र सिंह ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। हुड़दंग करने वालों और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने चौकी क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों से संवाद कर स्थानीय समस्याओं को सुना और त्योहारों के दौरान उचित व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया।घ्बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों और ग्रामीणों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जुलूस और इबादत के समय निर्धारित नियमों का पालन किया जाए ताकि सभी नागरिक हर्षोल्लास के साथ अपने-अपने त्योहार मना सकें। इस मोके पर सुरजननगर चौकी उप निरिक्षक सतेंद्र बालियान,अंकित मित्तल, अरुण कुमार, कुलदीप कुमार, विपिन राजपूत,राममोहन शर्मा आदि पुलिस बल व चौकी क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

# सम्पादकीय


बुधवार, 25 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# तीसरी वार्ता पर नजर

एक तरफ जहां गुरुवार से अमेरिका और ईरान के बीच जिनेवा में तीसरे दौर की बातचीत होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ जिस तरह के हालात बन रहे हैं, वह बिल्कुल भी आश्वस्त करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। अमेरिका-ईरान की ही बात करें, एक तरफ वे वार्ता के माध्यम से किसी हल पर पहुंचने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ युद्ध की तैयारी में भी लगे हुए हैं। अमेरिका जहां ईरान को घेरने के लिए अपने सबसे बड़े बेड़े व आधुनिक युद्ध पोतों से ईरान को घेरे हुए है, तो वहीं ईरान भी किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की बात कह रहा है। अब कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में किसी भी वार्ता का क्या हल निकल सकता है। इसलिए लोग गुरुवार को होने वाली वार्ता के विषय में भी ज्यादा शांति की उम्मीद नहीं लगा रहे हैं। पश्चिम देश तो पहले से ही अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की नसीहत दे रहे हैं और अब भारत भी उन देशों में शामिल हो गया है, जिसको अपने नागरिकों की सुरक्षा की चिंता है। भारत ने भी कह दिया है कि जहां भी ईरान में भारतीय नागरिक हों, वे सुरक्षित स्थानों पर जमे रहें और संभव हो तो ईरान को तुरंत छोड़ दें। जाहिर है इस तरह की चेतावनियां तभी दी जाती हैं, जब हालातों के बिगड़ने का अंदेशा होता है। यूं तो अमनपसंद लोग यह चाहते हैं कि ईरान व अमेरिका के बीच परमाणु बेलेस्टिक मिसाइल को लेकर बढ़ता तनाव शांतिपूर्वक तरीके से कम हो जाए, अगर ऐसा नहीं होता, तो इसके बहुत विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। अगर अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है तो यह केवल दो देशों के बीच का टकराव नहीं होगा। अमेरिका के साथ जहां इजरायल व पश्चिमी देश खड़े दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं ईरान के साथ रूस, चीन, उ. कोरिया जैसे देश ईरान को सहयोग देते दिखाई दे रहे हैं। रूस ने तो कह भी दिया है कि वह ईरान के साथ खड़ा है, तो वहीं चीन ने भी ईरान पर हमले की सूरत में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आज के समय की गंभीरता को नहीं समझते, अगर वह ऐसा न करते तो अब तक कभी का हमला कर चुके होते, लेकिन यहां दूसरी दिक्कत यह भी है कि दोनों ही पक्ष इतनी दूर तक आगे बढ़ चुके हैं जहां से पीछे लौटना इतना आसान भी नहीं है। हालांकि ईरान की इस बात के लिए प्रशंसा करनी होगी कि उसने तनाव कम करने के लिए परमाणु मुद्दों पर बात करने पर अपनी रजामंदी जाहिर की है और कहा है कि अगर उस पर से अमेरिका प्रतिबंध हटाता है तो वह यूरेनियम संवर्धन पर विचार कर सकता है। जबकि अमेरिका बेलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को बंद करने के लिए दबाव डाल रहा है। ईरान ने इससे साफ इन्कार कर दिया है, ऐसे में गेंद अब अमेरिका के पाले में है। वह शांति का रास्ता चुनता है या दुनिया को विनाश के रास्ते पर डालता है।

## कांग्रेस डरने वाली नहीं है



कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता नहीं, बल्कि श्री मोदी खुद डरपोक हैं जो संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से भी डरते हैं, उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर किसानों का नुकसान किया है और उसके खिलाफ जब युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें डराने के लिए गिरफ्तार किया जाता है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है, युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल खराब हो चुका है, जिसके कारण मोदी जी के प्रति लोगों में भारी रोष है, श्री ट्रम्प के सामने उन्होंने घुटने टेक दिए, नाक रगड़कर उनकी सारी शर्तों को मान लिया, जिससे पूरा देश शर्मिंदा हो गया। जो काम हमारे किसानों की भलाई और मदद के लिए किया जाना चाहिए था, उसकी बजाय किसानों का नुकसान करने की बातचीत की गई।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# कानूनी ब्लैक होल्स की धारणा

30 अप्रैल 2020 के दिन नासा ने तीन निजी कंपनियों को 2024 का चंद्र अभियान पूरा करने के लिए 96.7 करोड़ डॉलर का एक संयुक्त ठेका दिया था। नासा के प्रशासक जिम ब्राइंडस्टोन ने दावा किया था कि यह वह अंतिम मोहरा है जिसकी जरूरत अमेरिका को चंद्रमा तक पहुंचने के लिए थी। इस बात को मीडिया में तो खूब प्रसारित किया गया था, लेकिन इस बात पर बहुत कम चर्चा हुई थी कि अंतरिक्ष अभियानों को लेकर जो मौजूदा कानून संधियां हैं वे निजी कंपनियों के उपक्रमों पर किस हद तक लागू होते हैं। दरअसल, कॉर्पोरेट जगत द्वारा धरती से बाहर कदम जमाने के चलते आशाओं और चिंताओं दोनों को हवा मिली है। चिंताएं और आशाएं अंतरिक्ष में बढ़ते पूंजीगत निवेश के संभावित लाभों को लेकर हैं।

1967 में राष्ट्र संघ बाह्य अंतरिक्ष संधि OST मंजूर की गई थी। यह यूएस के तथाकथित नव-अंतरिक्ष किरदारों के उदय के संदर्भ में विश्लेषण का एक ढांचा माना गया था। इस लेख का तर्क है कि बाह्य अंतरिक्ष में निजी कंपनियों की मौजूदगी को लेकर कई महत्वपूर्ण कानूनी अस्पष्टताएं हैं। इन खामियों की वजह से ही यूएस सरकार को यह गुंजाइश मिली है कि वह OST के अंतर्गत अपने दायित्वों को दरकिनार कर सके और साथ ही संरचना को परिवर्तित करके अंतरिक्ष की वैश्विक साझा संसाधन की धारणा को ठेस पहुंचा सके। OST के अंदर अंतरिक्ष के संसाधनों को लेकर निजी संपदा अधिकारों को लेकर विशिष्ट प्रावधान न होने के कारण यह जोखिम पैदा हो रहा है कि धरती के संसाधनों में जो गैर-बराबरी है वह, और अंतरिक्ष में यूएस का दबदबा दोनों अंतरिक्ष के संसाधनों पर भी लागू हो जाएंगे। इस तरह से, अंतरिक्ष के लाभ एक व्यापक विश्व समुदाय की बजाय मुट्ठीभर धनवान अमेरिकी निवेशकों के हाथों में सिमट जाएंगे।

इसके अलावा, OST में अंतरिक्ष निरीक्षण के नियमन को लेकर जो कमजोर प्रावधान हैं, उनके चलते यूएस उपग्रहों के नेटवर्क global panopticon को बढ़ावा मिलेगा। दोहरे उपयोग वाली टेक्नॉलॉजी के उभार की वजह से सैन्य और नागरिक अवलोकनों के बीच का अंतर धुंधला पड़ रहा है। इसके चलते यूएस द्वारा अंतरिक्ष-आधारित डैटा संग्रह की प्रकृति को लेकर गंभीर नैतिक चिंताएं पैदा हुई हैं और अंतिम बात कि निजी उपग्रहों की बढ़ती संख्या इस बात की संभावना बढ़ा रही है कि अंतरिक्ष में फैले मलबे के बीच भयानक टक्करें होंगी और भू-राजनैतिक तनाव बढ़ेंगे। इस तरह के विकास की वजह से अंतरिक्ष में ऐसे अपमिश्रण की आशंका भी कई गुना बढ़ गई है, जिसकी कल्पना OST में नहीं की गई थी।

### राष्ट्र संघ बाह्य अंतरिक्ष संधि और नव-अंतरिक्ष किरदार

हालांकि OST 1967 में अस्तित्व में आई थी, लेकिन संभवतः आज भी यही एक प्रासंगिक उपकरण है जिसके तहत बाह्य अंतरिक्ष में राज्य तथा गैर-राज्य गतिविधियों का विश्लेषण किया जा सके। शीत युद्ध के चरमोत्कर्ष पर अंतरिक्ष के सैन्यकरण तथा राष्ट्रों द्वारा आकाशीय पिंडों पर कब्जे, दोनों की रोकथाम के संदर्भ में OST का प्रमुख स्थान है। 100 से ज्यादा राष्ट्रों ने इसका अनुमोदन किया है, जिनमें यूएस, रूस व चीन जैसे प्रमुख अंतरिक्ष यात्री राष्ट्र शामिल हैं और इस प्रकार से यह संधि एक अधिकारिक दस्तावेज के तौर पर व्यापक रूप से मान्य है और यही बाद में बनने वाली अन्य अंतरिक्ष संधियों का आधार रही है। यह संधि बाद के दस्तावेजों से इस मायने में भिन्न है कि कई देश इन पर हस्ताक्षर करने से कतराते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 1972 की चंद्रमा संधि जिसका उद्देश्य चंद्र अभियानों और विकास में सहयोग को बढ़ावा देना है। बाह्य अंतरिक्ष के क्षेत्र में शामिल हो रहे अमेरिकी किरदारों में बहुत विविधता आई है। हालांकि ए 1950 के दशक से ही नासा के साथ काम करते रहे हैं, लेकिन तब व्यावसायिक उद्यम मूलतः रॉकेटों तथा अंतरिक्ष गतिविधियों से सम्बंधित अन्य पुर्जों का उत्पादन किया करते थे, लेकिन अपोलो 11 के चांद पर उतरने के बाद से नासा के बजट में कुल मिलाकर तेज गिरावट देखी गई और इसके साथ ही सरकारी कार्यों के निजीकरण की प्रवृत्ति भी बढ़ी। इसकी वजह से निजी अंतरिक्ष कंपनियों की क्षमताएं और नजरिया दोनों बदले हैं। एक ओर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में विश्व स्तर पर विस्तार हो रहा है, वहीं 2012 से 2013 के दरम्यान सरकारों का खर्च 1.3 प्रतिशत कम हुआ है और व्यावसायिक क्षेत्र में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में विस्तार का प्रमुख जोर तथाकथित 'नव-अंतरिक्ष' किरदारों से आया है। यह मूलतः यूएस स्थित उद्यमी हैं जो 30 से अधिक वर्षों से अंतरिक्ष को व्यावसायिक क्षेत्र बनाने का प्रयास करते आए हैं। अर्थव्यवस्था के उदारवादी नजरिए से चालित और अंतरिक्ष खोजबीन में नासा की ऐतिहासिक पकड़ के आलोचक यह किरदार स्वयं को 'अंतिम मोर्चे' के अग्रणि किरदार कहते आए हैं जो निजी वित्तपोषित अंतरिक्ष अभियानों के जरिए मानवता को विलुप्ति से बचाएंगे।

### पृथ्वी के नजदीकी पिंड और संसाधन का खनन, अंतरिक्ष में यूएस की निजी संपत्ति

अपोलो अभियानों की मदद से प्राप्त चंद्रमा की चट्टानों के नमूनों में हीलियम-3 जैसे दुर्लभ तत्व हैं जो पृथ्वी पर पारंपरिक नाभिकीय परमाणु बिजली घरों की अपेक्षा ज्यादा बिजली पैदा कर सकते हैं और इनमें कचरा भी कम पैदा होगा। ऐसे ही संसाधनों ने धरती से परे



संसाधनों के खनन के लिए प्रलोभन-प्रोत्साहन प्रदान किया है। इस विचार को और बल मिला जब यह पता चला कि पृथ्वी के नजदीकी पिंडों (जैसे तथाकथित एंटेरॉस क्षुद्र ग्रह) में शायद पांच खरब डॉलर मूल्य का मैग्नीशियम सिलिकेट और एल्युमिनियम मौजूद है।

अंतरिक्ष-यात्री राष्ट्रों द्वारा अंतरिक्ष के संसाधनों पर कब्जा करने के ऐसे संभावित प्रयासों के मद्देनजर राष्ट्र संघ OST के अनुच्छेद II में घोषित किया गया था कि बाह्य अंतरिक्ष पर राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर, कब्जा करके, उसका उपयोग करके या अन्य किसी तरीके से, अधिग्रहित करने की अनुमति नहीं है। राष्ट्रीय संप्रभुता के दावों पर जोर देने का मुख्य सरोकार उस समय जारी शीत युद्ध के माहौल से था, जब अंतरिक्ष गतिविधियां पूरी तरह सरकारी संस्थाओं का एकाधिकार थीं और इन्हें सैन्य वर्चस्व या राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के उद्देश्य से शुरू किया जाता था। अलबत्ता, 1980 के दशक से अंतरिक्ष उद्योग के निजीकरण का अर्थ हुआ है कि उक्त कानून में अंतरिक्ष में संसाधनों के निजी दोहन के नियमन को लेकर कई कानूनी अस्पष्टताएं हैं और व्याख्या की गुंजाइश है। जैसा कि एम. शेयर ने दर्शाया है, अनुच्छेद आईआई इस समस्या को संबोधित करने में असफल रहता है कि अंतरिक्ष का दोहन वित्तीय लाभ के लिए करने पर या निजी उद्योग द्वारा उस पर अपना अधिकार जताने पर क्या किया जाएगा। बहरहाल, राष्ट्र संघ संधि का अनुच्छेद VI कहता है राष्ट्रीय अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए राज्य जिम्मेदार होगा, चाहे वे गतिविधियां सरकारी एजेंसी द्वारा की जाएं या गैर-सरकारी एजेंसियों द्वारा। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह अनुच्छेद निजी अंतरिक्ष कॉर्पोरेशन्स की गतिविधियों पर काफी अंकुश लगा सकता है, क्योंकि इसके अंतर्गत निजी एजेंसियों की गतिविधियों का दायित्व भी राज्य पर होगा। अलबत्ता, यूएस सरकार ने हाल ही में एक कानून लागू किया है जिसमें इस अनुच्छेद का फायदा उठाया गया है ताकि अपने प्रतिबंधों को बायपास कर सके और अंतरिक्ष में यूएस के आर्थिक दबदबे को मजबूत कर सके। 2015 के यूएस अंतरिक्ष कानून के पारित होने से यूएस के नागरिकों को अंतरिक्ष से प्राप्त हुए संसाधनों को अपने पास रखने, उनके स्वामित्व, परिवहन और बिक्री का अधिकार मिल गया है अर्थात इसमें सावधानीपूर्वक राष्ट्रीय संप्रभुता के दावे को छोड़ दिया गया है। तो, चाहे वह कोई अमेरिकी निजी कंपनी हो या सार्वजनिक उद्यम हो, यूएस अपने भू-राजनैतिक हितों की पूर्ति कर रहा है जिसके लिए वह अमेरिकी लाभ के लिए अंतरिक्ष के संसाधनों को समेट रहा है। इस तरह से राष्ट्र की सॉफ्ट शक्ति में चीन जैसे अंतरिक्ष-यात्री देशों की कीमत पर इजाफा हो रहा है। दरअसल, नव-अंतरिक्ष किरदारों ने विधेयक के पारित होने से पहले इन सामरिक सरोकारों को चतुराई से उछाला था। जैसे अरबपति अंतरिक्ष उद्यमी रॉबर्ट बिजलो ने दावा किया था कि सबसे बड़ा खतरा चांद पर निजी उद्यमियों से नहीं है बल्कि इस बात से है कि अमेरिका सोता रहे, कुछ न करे जबकि चीन आगे आए। सर्वेक्षण करे और ख्चांद पर, दावा ठोंक दे।

यूएस सरकार द्वारा निजी कंपनियों को समर्थन से संभावना है कि संपदा में पृथ्वी-आधारित गैर-बराबरी को अंतरिक्ष में मजबूत किया जाएगा। कई नव-अंतरिक्ष किरदार अंतरिक्ष में अपनी दीर्घावधि महत्वाकांक्षाओं को मानवीय सुर में ढालते हैं। जैसे, वे यह वादा करेंगे कि वे मानव जाति को आसन्न विलुप्ति के खतरे से बचाने के लिए अंतरिक्ष में बस्तियां बनाएंगे। अलबत्ता, इस तरह का विमर्श शायद ही उनकी खालिस निजी प्रकृति को छुपा सके। वे यह कहते नजर आते हैं कि पूरे मामले में आम नागरिकों का हित जुड़ा है लेकिन हकीकत यह है कि ए अंतरिक्ष अग्रदूत वास्तव में एक छोटे से ब्रह्मांडीय आभिजात्य समूह के सदस्य हैं, Amazon.com, Microsoft, Pay Pal के संस्थापक और तरह-तरह के गेम डिजाइनर तथा होटल व्यवसाई। वास्तव में, निजी अंतरिक्ष उद्यमियों ने स्वयं सुझाव दिया है कि उन पर कोई दायित्व नहीं होना चाहिए कि वे अंतरिक्ष से प्राप्त खनिज संसाधनों को विश्व समुदाय के साथ साझा करें। यह बात नाथन इंग्राहम (टेकसाइट Engad.steroid mining के वरिष्ठ संपादक) के भाषण में साफ प्रतिबिंबित हुई थी। उन्होंने कहा था कि क्षुद्रग्रह खनन कैसा होगा यह इस बात पर निर्भर है कि हअमेरिका अंतरिक्ष में कैसे आगे बढ़ता है और अगली वेगास स्ट्रिप कैसे विकसित करता है। ऐसी टिप्पणियां उस चीज को रेखांकित करती हैं जिसे बीयरी 'स्केलर पोलिटिक्स' कहते हैं।

**...साभार एस.एस.**

## एड्स से बचाव

एड्स से बचाव के लिए सामान्य व्यक्ति को एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के वीर्य, योनि स्राव अथवा रक्त के संपर्क में आने से बचना चाहिए। साथ ही साथ एड्स से बचाव के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतनी चाहिए। पीड़ित साथी या व्यक्ति के साथ योनि सम्बन्ध स्थापित नहीं करना चाहिए, अगर कर रहे हों तो सावधानीपूर्वक कंडोम का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन कंडोम इस्तेमाल करने में भी कंडोम के फटने का खतरा रहता है और अपने जीवनसाथी के प्रति वफादार रहें, एक से अधिक व्यक्ति से यौन संबंध ना रखें। खून को अच्छी तरह जांचकर ही उसे चढ़ाना चाहिए। कई बार बिना जांच के खून मरीज को चढ़ा दिया जाता है जो कि गलत है। इसलिए डॉक्टर को खून चढ़ाने से पहले पता करना चाहिए कि कहीं खून एचआईवी दूषित तो नहीं है।

# कैसे बचना है एड्स से, बस यही जरूरी है

एड्स का मतलब है उपार्जित प्रतिरक्षा अपूर्णता सहलक्षण एड्स मानव प्रतिरक्षा अपूर्णता विषाणु से होता है। जो कि मानव की प्राकृतिक प्रतिरोधी क्षमता को कमजोर करता है। एचआईवी शरीर की रोग प्रतिरोधी क्षमता पर आक्रमण करता है, जिसका काम शरीर को संक्रामक बीमारियों, जो कि जीवाणु और विषाणु से होती हैं से बचाना होता है। एचआईवी रक्त में उपस्थित प्रतिरोधी पदार्थ लसीका-कोशो पर हमला करता है। यह पदार्थ मानव को जीवाणु और विषाणु जनित बीमारियों से बचाते हैं और शरीर की रक्षा करते हैं। जब एचआईवी द्वारा आक्रमण करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षय होने लगती है, तो इस सुरक्षा कवच के बिना एड्स पीड़ित लोग भयानक बीमारियों क्षय रोग और कैंसर आदि से पीड़ित हो जाते हैं और शरीर को कई अवसरवादी संक्रमण यानि आम सर्दी जुकाम, फुफ्फुस प्रदाह इत्यादि घेर लेते हैं। जब क्षय और कर्क रोग शरीर को घेर लेते हैं, तो उनका इलाज करना कठिन हो जाता है और मरीज की मृत्यु भी हो सकती है।

## एड्स कैसे फैलता है

अगर एक सामान्य व्यक्ति एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के वीर्य, योनि स्राव अथवा रक्त के संपर्क में आता है, तो उसे एड्स हो सकता है। आमतौर पर लोग एचआईवी पॉजिटिव होने को एड्स समझ लेते हैं, जो कि गलत है, बल्कि एचआईवी पॉजिटिव होने के 8-10 साल के अंदर जब संक्रमित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण हो जाती है। तब उसे घातक रोग घेर लेते हैं और इस स्थिति को एड्स कहते हैं। एड्स ज्यादातर चार माध्यमों से होता है। पीड़ित व्यक्ति के साथ असुरक्षित योनि सम्बन्ध स्थापित करने से। दूषित रक्त से, संक्रमित सुई के उपयोग से, एड्स संक्रमित मां से उसके होने वाली संतान को।

## एड्स के लक्षण

एचआईवी से संक्रमित लोगों में लम्बे समय तक एड्स के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। लंबे समय तक (3, 6 महीने या अधिक) एचआईवी का भी औषधिक परीक्षण से पता नहीं लग पाता। अधिकतर एड्स के मरीजों को सर्दी, जुकाम या विषाणु बुखार हो जाता है पर इससे एड्स होने का पता नहीं लगाया जा सकता। एचआईवी वायरस का संक्रमण होने के बाद उसका शरीर में धीरे-धीरे फैलना शुरू होता है। जब वायरस का संक्रमण शरीर में अधिक हो जाता है, उस समय बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। एड्स के लक्षण दिखने में आठ से दस साल का समय भी लग सकता है। ऐसे व्यक्ति को, जिसके शरीर में एचआईवी वायरस हों पर एड्स के लक्षण प्रकट न हुए हों, एचआईवी पॉजिटिव कहा जाता है।

## एड्स के कुछ प्रारंभिक लक्षण

वजन का काफी हद तक काम हो जाना, लगातार खांसी बने रहना, बार-बार जुकाम का होना, बुखार, सिरदर्द, थकान, शरीर पर निशान बनना, हैजा, भोजन से अरूचि, लसीकाओं में सूजन, ध्यान रहे कि ऊपर दिए गए लक्षण अन्य सामान्य रोगों के भी हो सकते हैं। अतः एड्स की निश्चित रूप से पहचान केवल और केवल, औषधीय परीक्षण से ही की जा सकती है व की जानी चाहिए। एचआईवी की उपस्थिति का पता लगाने हेतु मुख्यतः



एंजाइम लिंक्ड इम्यूनोएब्जॉर्बेंट एसेस यानि एलिसा टेस्ट किया जाता है।

## एड्स के बारे में फैली हुई भ्रांतियां

बहुत सारे लोग समझते हैं कि एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ खाने, पीने, उठने, बैठने से हो जाता है जो कि गलत है। यह समाज में एड्स के बारे में फैली हुई भ्रांतियां हैं। सच तो यह है कि रोजमर्रा के सामाजिक संपर्कों से एचआईवी नहीं फैलता जैसे कि पीड़ित के साथ खाने-पीने से, बर्तनों की साझीदारी से, हाथ मिलाने या गले मिलने से, एक ही टॉयलेट का प्रयोग करने से, मच्छर या अन्य कीड़ों के काटने से, पशुओं के काटने से, खांसी या छींकों से, एड्स का उपचार, एड्स के उपचार में एंटी रेट्रोवाइरल थेरपी दवाइयों का उपयोग किया जाता है। इन दवाइयों का मुख्य उद्देश्य एचआईवी के प्रभाव को काम करना, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना और अवसरवादी रोगों को ठीक करना होता है। समय के साथ-साथ वैज्ञानिक एड्स की नई-नई दवाइयों की खोज कर रहे हैं, लेकिन सच कहा जाए तो एड्स से बचाव ही एड्स का बेहतर इलाज है।

# मानव पहले से इतना हिंसक था!



मानवविज्ञानियों के बीच यह बहस का विषय रहा है कि क्या मनुष्य सदा से इतना ही क्रूर और हिंसक था, या पहले कम हिंसक था और अब अधिक हो गया है और इस मामले में दो मत रहे हैं-पहला, खेती की शुरुआत होने के पहले तक मानव सभ्यताएं शांत-स्वभावी थीं और मैत्रीपूर्ण माहौल थाय दूसरा, कृषि के पहले मानव बस्तियां क्रूर थीं और लड़ने को तत्पर थीं, और जब उन्होंने मिल-जुल कर खेती करना शुरू किया तो शांतिपूर्ण हो गईं, लेकिन इनमें से किसी भी मत के पक्ष में ठोस सबूत नहीं मिले थे और दोनों ही मतों पर संदेह बना रहा। हालिया अध्ययन इसी सवाल पर कोई मत बनाने का प्रयास है और निष्कर्ष है कि इतिहास में मनुष्य की प्रवृत्ति को किसी एक खांचे, अधिक शांत या अधिक हिंसक, में नहीं रखा जा सकता। कोई मानव समाज कब-कितना हिंसक रहा इसे एक सीधी ऊपर जाती या सीधी नीचे उतरती रेखा से नहीं दर्शाया जा सकता है। बार्सिलोना विश्वविद्यालय के आर्थिक इतिहासकार जियोकोमो बेनाटी और उनके साथियों द्वारा नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित नतीजों के अनुसार, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग कारणों से कई बार हिंसा भड़की और शांति बनी। इन निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए शोधकर्ताओं ने वर्तमान तुर्की, ईरान, इराक, सीरिया, लेबनान, इस्राइल और जॉर्डन में खुदाई में पाए गए कंकालों का विश्लेषण किया। अध्ययन में इन स्थानों पर 12,000 ईसा पूर्व से 400 ईसा पूर्व काल तक के 3500 से अधिक मानव कंकालों को देखा गया। उन्होंने पाया कि मानव समाज में सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल और बदलती जलवायु के दौर में पारस्परिक हिंसा अधिक दिखती है-मुख्य रूप से सिर पर आघात के मामले काफी मिलते हैं। फिर शोधकर्ताओं ने उन खोपड़ियों को ध्यान से देखा जो टोपी-किनारे की रेखा के ऊपर क्षतिग्रस्त हुई थीं। टोपी-किनारे की रेखा कपाल पर एक ऐसी काल्पनिक रेखा है जिसके आधार पर मानवविज्ञानी बताते हैं कि चोट किसी दुर्घटना के कारण लगी है या इरादतन प्रहार किया गया था। मसलन गिरने के कारण लगने वाली चोटें आंख, नाक और भौंह के आसपास लगती हैं, जबकि खोपड़ी के ऊपरी हिस्से पर चोट किसी प्रहार के कारण लगती है। इसके अलावा उन्होंने हथियार से संबंधी चोटों की पुष्टि के लिए कंकाल के अन्य हिस्सों की भी जांच की, जैसे कि घोंपने के निशान या बचाव करते समय हड्डी में आया फैक्चर वगैरह। हालांकि, शोधकर्ताओं ने चोट के इन निशानों पर कम भरोसा किया, क्योंकि इनमें यह पहचानना मुश्किल है कि यह निशान प्रहार के नतीजे हैं या दुर्घटना के। फिर भी विश्लेषण से यह पता चलता है कि प्राचीन मध्य पूर्व में हिंसा 6500 से 5300 साल पहले तक ताम्रपाषाण युग के दौरान चरम पर थी। इसके बाद प्रारंभिक और मध्य कांस्य युग के दौरान यह बहुत कम हो गई क्योंकि समूहों ने आक्रामक व्यवहार को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता को मजबूत कर लिया था। लौह युग की शुरुआत में, करीब 3000 साल पहले, फिर से बढ़ गई थी।

मध्य पूर्वी क्षेत्र में ताम्रपाषाण काल एक संक्रमणकाल था। बस्तियां फैल रही थीं, राज्य बनने लगे थे, और लकड़ी व पत्थर के औजारों की जगह धातु के औजार लेते जा रहे थे। बढ़ती आबादी, अधिक हकदारी तथा बेहतर हथियारों के चलते हिंसा बढ़ने लगी। इसी तरह, लौह युग में हथियारों की गुणवत्ता कांस्य युग से बेहतर हो गई थी और असीरियन साम्राज्य के सत्ता में आने के साथ ही राजनैतिक पुनर्गठन भी हुआ था। और तो और, राजनैतिक और तकनीकी उथल-पुथल के अलावा यह क्षेत्र एक बड़े जलवायु परिवर्तन से भी गुजरा . करीब 300 साल लंबा सूखा पड़ा, जिसने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया और भीषण अकाल पड़ा। यह निष्कर्ष वर्तमान जलवायु परिवर्तन सम्बंधी चुनौती के लिए एक कड़ी चेतावनी देते हैं। कई विशेषज्ञों की चिंता है कि जैसे-जैसे पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, वैसे-वैसे मनुष्यों में हिंसक संघर्ष भी बढ़ेगा, लेकिन साथ ही शोधकर्ता अपने नतीजों के बारे मे आगाह भी करते हैं कि ए नतीजे समूह के व्यवहार को दर्शाते हैं, ए एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति से बर्ताव के बारे में नहीं हैं। अलबत्ता, इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि चरम जलवायु घटनाओं से संघर्ष उपज सकता है। लेकिन इस बात के भी प्रमाण हैं कि जब ऐसी संस्थाएं मौजूद होती हैं जो हिंसा को कम कर सकती हैं तो संघर्ष को कम किया जा सकता है। बहरहाल, इतिहास से सबक लेकर ऐहतियात बरतने और संघर्षों को टालने की योजना बनाने में कोई बुराई नहीं है।

## आक्रामक नर मेंढक से बचाव

प्रजनन के लिए मेंढक प्रजातियों में नर दो में से किसी एक रणनीति उपयोग करते हैं - या तो वे किसी जगह बैठकर मादा को पुकारते हैं और उनके आने का इंतजार करते हैं, या वे लगातार मादा की तलाश करते हैं और कम समय में अधिक से अधिक मादाओं के साथ संभोग करने की कोशिश करते हैं। अधिक से अधिक मैथुन करने के प्रयास में अक्सर, एक ही मादा पर कई नर चढ़ जाते हैं जिससे मेंढकों का गुत्थमगुत्था सा ढेर बन जाता है, जो मादा को गंभीर रूप से घायल कर सकता है और उसकी जान तक जा सकती है। यूरोपीय मेंढक Rana temporaria संभोग के लिए यही दूसरी रणनीति अपनाते हैं। सर्दियों की लंबी शीतनिद्रा से जागने के बाद युरोपीय नर मेंढक संभोग के लिए मादाओं के पीछे भागते हैं, उन्हें डराते हैं और उन्हें संभोग के लिए मजबूर करते हैं। चूंकि नर मेंढकों की संख्या मादाओं से काफी अधिक होती है इसलिए हालात मादाओं के लिए और भी बुरे हो जाते हैं। वैज्ञानिकों को अब तक लगता था कि नर के इस संभोग हमले से बचने में मादा असहाय होती है, लेकिन रॉयल सोसायटी बी में प्रकाशित नतीजों से पता चलता है कि ए मादाएं इतनी भी असहाय नहीं होतीं और अवांछित संभोग से बचने के लिए वे कई युक्तियां अपनाती हैं-जैसे वे शरीर को घुमाकर नर के चंगुल से निकल भागती हैं, नर होने का स्वांग रचती हैं, यहां तक कि मरने का नाटक भी करती हैं। इस बात का पता वैकासिक और व्यवहार जीवविज्ञानी कैरोलिन डीट्रिच को तब लगा जब वे युरोपीय मेंढकों में एक अन्य बात की जांच कर रही थी . चूंकि बड़ी साइज की मादाएं अधिक अंडे दे सकती हैं तो क्या नर मेंढक संभोग के लिए शरीर की साइज के आधार पर मादा साथी चुनते हैं? शोधकर्ताओं को नर का किसी विशिष्ट डील-डौल वाली मादा के प्रति झुकाव तो नहीं दिखा, लेकिन उन्होंने पाया कि मादाएं अवांछित नर से बचने के लिए मुख्यतः तीन रणनीति अपना रही थीं। अधिकतर मामलों में वे पानी में नर के नीचे अपने शरीर को घुमाकर उसकी बाहों से निकलने का प्रयास कर रही थीं। मादाएं नर को मूर्ख भी बना रही थीं। वे इस बात का भी फायदा उठाती हैं कि नर संभोग-साथी के मामले में ज्यादा नखरैल नहीं होते। अधिक से अधिक संभोग के चक्कर में युरोपीय नर मेंढकों का जिससे भी सामना होता है वे उसके साथ संभोग कर लेते हैं। यहां तक कि वे अन्य नरों के साथ, युरोपीय मादा मेंढक की तरह दिखने वाले युरोपीय भेक यानी टोड के साथ, और यहां तक कि सर्वथा अलग प्रकार के उभयचरों के साथ भी संभोग कर लेते हैं। अब कोई नर मेंढक दूसरे नर पर चढ़ने की कोशिश करता है तो दूसरा मेंढक घुरघुराने की आवाज निकाल कर गलती का एहसास कराता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में सैन्य हेलीकॉप्टर हादसे में चार लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार सुबह सेना का एक हेलीकॉप्टर फल और सब्जी मंडी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। अर्ध-सरकारी संवाद समिति फार्स ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 9:09 बजे विमान बाजार के स्टाल से टकराया, जिससे पायलट, सह-पायलट और दो विक्रेताओं की मौत हो गई। प्रांतीय आपातकालीन चिकित्सा सेवा संगठन के प्रमुख अली नसीरी के हवाले से फार्स ने बताया कि घटना के तुरंत बाद चार एम्बुलेंस मौके पर भेजी गईं।

### जापान में बस और कार की टक्कर, नौ बच्चों सहित 14 घायल

**टोक्यो।** जापान के फुकुओका प्रान्त में मंगलवार सुबह एक स्कूली बच्चों की बस और कार के बीच हुई भिड़ंत में 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा ओन्गा शहर के एक चौराहे पर स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9 बजे हुआ। इस दुर्घटना में घायल होने वालों में शुरूआती कक्षाओं में पढ़ रहे नौ बच्चे, स्कूल के 4 कर्मचारी और कार का चालक शामिल है। सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

### भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच 'वज्र प्रहार' अभ्यास कल से

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की सैनिक टुकड़ियों के बीच बुधवार से हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल में शुरू होने वाले अभ्यास 'वज्र प्रहार' में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी दल भारत पहुंच गया है। तीन सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास में भारतीय सेना की ओर से स्पेशल फोर्स इकाई के 45 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं जबकि अमेरिका की ओर से वहां की स्पेशल फोर्स ग्रीन बेरेट्स के 12 सैनिक शामिल होंगे।

# गर्लफ्रेंड का पीछा कर ड्रग माफिया तक पहुंची सेना

## एल मेंचो की मौत से मेक्सिको के 20 राज्यों में भड़की हिंसा, अब तक 25 सैनिक समेत 25 की मौत



■ कई जगह रोडब्लॉक लगाए गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला के मुताबिक मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड के जरिए चला। सेना उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थी।

एल मेंचो की मौत के बाद भी हिंसक प्रदर्शन हुए। बीबीसी के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी। कई जगह रोडब्लाक लगाए, गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई। जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाड़ियां और राकेट लान्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए। सेना के ऑपरेशन के दौरान एल मेंचो घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा अन्य 8 अपराधी भी मारे गए। ट्रेविला ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि खुफिया एजेंसियों ने एल मेंचो की गर्लफ्रेंड से जुड़े एक भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसी व्यक्ति ने एल मेंचो की प्रेमिका को जालिस्को के पास एक कंपाउंड में पहुंचाया था, जिसका पीछा करते-करते सेना कैंपस तक पहुंच गई। जब महिला वहां से निकली तो अधिकारियों को यकीन हो गया कि भारी सुरक्षा के बीच एल मेंचो कंपाउंड के अंदर ही मौजूद है। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत ऑपरेशन शुरू कर दिया और एक दिन बाद पूरे इलाके को घेर लिया। उन्होंने बताया कि सेना की घेराबंदी के दौरान मेंचो के वफादार बंदूकधारियों ने सेना पर फायरिंग शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें मेंचो घायल हो गया। उसके साथी उसे लेकर पास के जंगल में भाग गए। काफी मशक्कत के बाद सैनिकों ने उसे खोज निकाला। घायल माफिया को हेलिकाप्टर से मेडिकल सेंटर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने और उसके दो बाडीगार्ड ने दम तोड़ दिया। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जालिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का प्रमुख था। जालिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे।



**बारामूला। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026' में महिलाओं की स्की पर्वतारोहण वर्टिकल सपर्धा के दौरान प्रतिभागी।**

## कंबोडिया ने 3541 वर्ग किलोमीटर जमीन से दबीं बारूदी सुरंगें हटाई

**नाम पेन्ह।** कंबोडिया ने बीते 33 वर्षों में बारूदी सुरंगों और युद्ध के विस्फोटक अवशेषों (ईआरडब्ल्यू) से भरी लगभग 3,541 वर्ग किलोमीटर भूमि को साफ करने में सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने मंगलवार को यह जानकारी राष्ट्रीय बारूदी सुरंग जागरूकता दिवस के अवसर पर दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवधि के दौरान 12 लाख से अधिक बारूदी सुरंगों, 26700 टैंक रोधी सुरंगे और 32.4 लाख से अधिक ईआरडब्ल्यू खोजकर नष्ट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साफ की गई भूमि में से 78 प्रतिशत का उपयोग खेती के कामों के लिए, पांच प्रतिशत बुनियादी ढांचे और 17 प्रतिशत आवास, गांवों, स्कूलों और स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया है।

# ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली आज से बंद

## समझौते से पीछे हटने वाले देशों को ट्रम्प की धमकी, कहाः गेम मत खेलो, ऊंचे टैरिफ लगाऊंगा



■ ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद कर देगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ समझौते से पीछे हटने वाले देशों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगे। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन पहले इन टैरिफ को गैरकानूनी बताया गया था।

अमेरिकी यूएस कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीपीबी) ने एक बयान में कहा कि1977 के कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत लगाए गए टैरिफ की वसूली मंगलवार रात 12 बजकर 1 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे) से बंद कर दी जाएगी। एजेंसी ने इम्पोर्ट्स को निर्देश दिया है कि इन टैरिफ से जुड़े सभी कोड उसके पेन व्हार्टन बजट माडल के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक कोर्ट से इस फैसले से अमेरिकी सरकार को 175 अरब डालर (15.75 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा की कमाई वापस करनी पड़ सकती है। रायटर्स के मुताबिक, आईईईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डालर (4,500 करोड़ रुपये) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं। ट्रूथ सोशल पर ट्रम्प ने कहा कि कई देशों ने अमेरिका को व्यापार में बरसों तक नुकसान पहुंचाया है। ट्रम्प का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मंगलवार से भारत समेत सभी देशों पर 15 प्रतिशत टैरिफ शुरू हो जाएगा। दरअसल, कुछ देश 15 प्रतिशत टैरिफ का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों से ट्रेड डील कर 10 प्रतिशत अमेरिकी बेस लाइन टैरिफ चुकाने पर सहमति जताई थी। अब 15 प्रतिशत टैरिफ चुकाना पड़ेगा। इन देशों का कहना है कि ट्रेड डील में जब 10 प्रतिशत टैरिफ पर करार हुआ है तो वे ज्यादा टैरिफ नहीं चुकाएंगे। इस पर ट्रम्प प्रशासन ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद कहा कि इस फैसले से उल्टा उनकी ताकत और बढ़ गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनजाने में उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए हैं। ट्रम्प ने कहा कि मैं कुछ समय तक 'सुप्रीम कोर्ट' स्माल लेटर में लिखूंगा, क्योंकि मुझे इस फैसले का सम्मान नहीं रहा। उन्होंने फैसले को मूर्खतापूर्ण और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बांटने वाला बताया। इसके बावजूद ट्रम्प का कहना है कि इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि वह दूसरे कानूनों के तहत टैरिफ लगाने की अपनी ताकत का और ज्यादा इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने बाकी बचे टैरिफ को कानूनीतौर पर मजबूत कर दिया है और अब वह उन्हें और ज्यादा सख्त तरीके से लागू कर सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह लाइसेंस जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके देशों के खिलाफ कड़े कदम उठा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट ने बाकी सभी टैरिफ को मंजूरी दे दी है और ऐसे टैरिफ की संख्या काफी ज्यादा है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तीन दिन से ज्यादा समय बाद लागू किया जा रहा है। एजेंसी ने यह नहीं बताया कि इन तीन दिनों में टैरिफ क्यों वसूले जाते रहे। यह भी साफ नहीं किया गया है कि जिन लोगों से पैसा लिया गया है, उन्हें वह वापस मिलेगा या नहीं। यह आदेश सिर्फ आईईईपीए कानून के तहत लगाए गए टैरिफ पर लागू होगा। जबकि नेशनल सिक्योरिटी के नाम पर 'सेक्शन 232' के तहत और अनफेयर ट्रेड केस के 'सेक्शन 301' के तहत लगाए गए टैरिफ जारी रहेंगे और उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं पड़ेगा। सीपीबी ने कहा है कि वह व्यापार से जुड़े लोगों को आगे की जानकारी आधिकारिक संदेशों के जरिए देती रहेगी।

## मुझे नहीं पता, कब तक जिंदा रहूंगाः ट्रम्प

■ बहुत लोगों के निशाने पर, दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के रिजार्ट में घुसा था शख्स

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि मैं कब तक जिंदा रहूंगा, यह मुझे नहीं पता। मैं बहुत लोगों की गोली के निशाने पर हूं। ट्रम्प ने वाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। ट्रम्प के इस बयान को दो दिन पहले उनके रिजार्ट में हुई घुसपैठ से जोड़ा जा रहा है।

दरअसल, रविवार को एक शख्स डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजार्ट में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शाटगन और फ्यूल केन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नार्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वाशिंगटन डीसी में वाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शाटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी दिख रही है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिजार्ट के नार्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शाटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया।

## पलाऊ ने प्रशांत क्षेत्र में पहली बार ओपन आरएएन किया तैनात

**वाशिंगटन।** पलाऊ ने प्रशांत क्षेत्र में पहली बार ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (ओपन आरएएन) तकनीक की राष्ट्रव्यापी तैनाती की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पलाऊ नेशनल कम्युनिकेशंस कॉरपोरेशन (पीएनसीसी) ने इस परियोजना के लिए तीन अमेरिकी आपूर्तिकर्ताओं के चयन की घोषणा की है, जिससे यह प्रशांत क्षेत्र में इस तरह की पहली पहल बन गई है। यह उपलब्धि पलाऊ को प्रशांत द्वीप देशों में दूरसंचार नवाचार के अगुआ के तौर पर स्थापित करती है और सुरक्षित, विश्वसनीय तथा लचीले डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए एक क्षेत्रीय मानक तय करती है। प्रशांत क्षेत्र के पहले ओपन आरएएन नेटवर्क के रूप में यह पहल भौगोलिक रूप से बिखरे द्वीप राष्ट्रों में अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में पलाऊ की नेतृत्व भूमिका को दर्शाती है। नई नेटवर्क व्यवस्था से सुरक्षित 4जी और 5जी सेवाएं मजबूत होंगी, डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला की लचीलापन बढ़ेगा और अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए व्यावसायिक अवसरों का विस्तार होगा। ओपन आरएएन के जिरए विक्रेताओं में विविधता और बेहतर इंटरऑपरेबिलिटी संभव होगी।

## भेड़ियों से मवेशियों की रक्षा के लिए किसान चला सकेंगे गोली

**पेरिस।** फ्रांस में भेड़ियों की बढ़ती आबादी और पालतू मवेशियों पर उनके बढ़ते हमलों को देखते हुए सरकार ने कहा है कि किसान अब हमलावर भेड़ियों को अपनी बंदूक का निशाना बना सकेंगे। कृषि मंत्री एनी जेनेवर्ड ने बताया कि सरकार ने इस मसले पर बना कानून अब बदल दिया है।

किसान अपने मवेशियों की हिफाजत के लिए भेड़ियों को गोली मार सकेंगे। किसान को तभी गोली दागने का अधिकार होगा, जब उसके पशु बाड़े में सुरक्षित हों या उसने दूसरे सुरक्षा उपाय अपना रखे हों। रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल ने खबर दी है कि अब तक के नियमों के अनुसार, किसानों को भेड़ियों पर गोली चलाने की अनुमति तभी मिलती थी, जब उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हों। अब सरकार ने इसे 'हकीकत के साथ तालमेल' बताते हुए बदल दिया है। हालांकि, जो किसान इन छूटों का लाभ उठाएंगे, उन्हें एक साल के भीतर सुरक्षा प्रणाली स्थापित करने की प्रतिबद्धता देनी होगी। साल 2025 में फ्रांस में भेड़ियों के हमलों में लगभग 12,000 पालतू जानवर मारे गए। भेड़िए अब फ्रांस के 60 से अधिक इलाकों में फैल चुके हैं, जबकि पहले वे केवल 10 क्षेत्र तक सीमित थे। सरकार ने 2026 के लिए भेड़ियों को मारने का संख्या बढ़ाकर कुल तादाद (1082) का 21 प्रतिशत कर दिया है। इसका मतलब है कि इस साल लगभग 248 भेड़ियों को मारा जा सकेगा।

## अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टायलेट जाम

### 45 मिनट लाइन में लगना पड़ रहा, मरम्मत के लिए टेक्नीशियन और सैनिकों में झड़प

■ पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टायलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी



**तेल अवीव।** ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टायलेट जाम हो चुके हैं।

इससे 4500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टायलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टायलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टायलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी। यूएस जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट कैरियर बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार आपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। करीब 13 बिलियन डालर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को 2017 में कमीशन किया गया था। सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड वीसीएचटी सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टायलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। वीसीएचटी का पूरा नाम वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टायलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है। घर के टायलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता वीसीएचटी सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है।


## लागोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लगने से छह घायल

**लागोस।** नाइजीरिया के शहर लागोस में मुर्तला मुहम्मद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमएमआईए) के ओल्ड टर्मिनल-1 में सोमवार को आग लग गई, लेकिन एयरपोर्ट प्रबंधन ने बिना किसी बड़े नुकसान के इस पर काबू पा लिया और उड़ान परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया गया।

लागोस के एयरपोर्ट पुलिस कमान ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। कमान के जनसंपर्क अधिकारी एएसपी मोहम्मद अदेओला द्वारा जारी बयान में कहा गया कि 23 फरवरी को हुई इस घटना को सफलतापूर्वक नियंत्रित कर लिया गया। आग की घटना के कारण उड़ान परिचालन बाधित हुआ था, कई यात्री फंस गए थे और कुछ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को मोड़ना पड़ा था, क्योंकि इससे कंट्रोल टावर की गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। आग बुझाने के दौरान टर्मिनल के कुछ हिस्सों से घना धुआं उठता देखा गया और दमकलकर्मियों को कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। कमान ने बताया कि उसी दिन बाद में स्थिति को स्थिर कर लिया गया। बयान में कहा गया कि एयरपोर्ट पुलिस कमान, इकेजा, लागोस, जनता को सूचित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करता है कि मुर्तला मुहम्मद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ओल्ड टर्मिनल-1 भवन में लगी आग को सफलतापूर्वक काबू में कर लिया गया है। अदेओला ने कहा कि ओल्ड टर्मिनल भवन के एक हिस्से में लगी आग को सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से पूरी तरह बुझा दिया गया।

# चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट कियाः अमेरिका

## वॉशिंगटन ने कहाः 6 साल में 400 परमाणु हथियार बनाए



■ 2030 तक 1000 से ज्यादा होंगे, चीन का आरोप-अमेरिका खुद परीक्षण शुरू करना चाहता है

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है। येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1000 से ऊपर पहुंच जाएगी। यह दावा ऐसे समय में आया है जब इस महीने अमेरिका और रूस के बीच का आखिरी बड़ा परमाणु समझौता न्यू स्टार्ट संधि खत्म हो गया है। इस संधि के खत्म होने के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं, जिससे नए न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका अब चीन और रूस से पारदर्शिता और खतरनाक हथियारों को सीमित करने की मांग कर रहा है, जबकि चीन इन आरोपों को बेबुनियाद बता रहा है। येव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण (हथियारों का त्याग) कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि न्यू स्टार्ट समझौते की सबसे बड़ी कमी यह थी कि इसमें चीन के तेजी से बढ़ते और गोपनीय परमाणु कार्यक्रम को शामिल नहीं किया गया। पिछले कुछ सालों में परमाणु हथियारों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई विवाद हुए हैं। 2010 में अमेरिका और रूस ने न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती थी। इस संधि के तहत दोनों देशों को अपने परमाणु वारहेड्स को 1550 तक सीमित रखना था और मिसाइलों और बाम्बर्स की संख्या पर भी पाबंदी थी। इस संधि में रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों, जैसे छोटी दूरी के हथियारों को शामिल नहीं किया गया था। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा परमाणु समझौते की कोशिश की थी, लेकिन यह असफल रही।

## भारत-जर्मनी के उद्योग जगत के बीच बाधाओं को दूर करता आईजीएसटीसीः डॉ. कुसुमिता

**नई दिल्ली।** भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (आईजीएसटीसी) की निदेशक डॉ. कुसुमिता अरोरा ने कहा कि आईजीएसटीसी भारत और जर्मनी दोनों के शिक्षाविदों और उद्योग जगत को एकजुट करके विभिन्न क्षेत्रों के बीच की बाधाओं को दूर करता है।

भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र ने आज यहां 'एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन' पर रणनीतिक सम्मेलन 2026 का आयोजन किया। इस अवसर पर आईजीएसटीसी की निदेशक डॉ. कुसुमिता अरोरा ने कहा कि यह सम्मेलन प्रमुख हितधारकों यानी सरकारी क्षेत्र की हस्तियों, संरक्षण विशेषज्ञों, अकादमिक अनुसंधानकर्ताओं और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है। आईजीएसटीसी भारत और जर्मनी दोनों के शिक्षाविदों और उद्योग जगत को एकजुट करके विभिन्न क्षेत्रों के बीच की बाधाओं को दूर करता है।

यह अनूठा सहयोग सुनिश्चित करता है कि अनुसंधान केवल जर्नलों तक सीमित न रहे, बल्कि सीधे औद्योगिक समाधानों और सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तित हो। भारत का जलपुरुष के रूप में विख्यात डॉ. राजेंद्र सिह ने सामुदायिक नेतृत्व वाले जल संरक्षण मॉडल और जल संचयन में पारंपरिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने नदियों के जीर्णोद्धार, पारंपरिक जलाशयों के पुनरुद्धार और स्थानीय समुदायों को जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए सशक्त बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जल प्रशासन जन-केंद्रित होना चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108